राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

RNI.No. UPHIN/2019/79073

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करे
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | 9511151254 | epaper.swatantraprabhat.com | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव सीतापुर, हरदोई, शाहजहाँपुर, उन्नाव, हमीरपुर, बाराबंकी, अयोध्या, सुल्तानपुर, अम्बेडकरनगर, प्रयागराज, बांदा, महोबा, मिर्जापुर, भदोही, ललितपुर, झारखण्ड, दिल्ली, बिहार, उत्तराखंड आदि जनपदो में प्रसारित

लखनऊ, गुरुवार, 02 मई 2024
वर्ष 05, अंक 212, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

ऑन ड्यूटी महिला डॉक्टर से मारपीट, आरोपी का धमकाना बदस्तूर जारी...02

एस्ट्राजेनेका बोली- जिन्हें वैक्सीन से नुकसान हुआ उनसे सहानुभूति है...12

# सुप्रीम कोर्ट पहुंचा कोविशील्ड वैक्सीन के साइड इफेक्ट का मामला

**● जांच की मांग।**

स्वतंत्र प्रभात

फार्मास्युटिकल कंपनी एस्ट्राजेनेका द्वारा इस बात को स्वीकार करने की रिपोर्ट के बाद कि उसका कोविशील्ड वैक्सीन दुर्लभ दुष्प्रभाव पैदा कर सकता है, एक वकील ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर उक्त वैक्सीन के दुष्प्रभावों और जोखिम कारकों की जांच करने के साथ-साथ उनके मुआवजे के लिए मेडिकल एक्सपर्ट पैनल के गठन की मांग की, जो वैक्सीनेशन अभियान के कारण गंभीर रूप से अक्षम हो गए या मर गए। यह याचिका वकील विशाल तिवारी द्वारा दायर की गई, जिसमें एस्ट्राजेनेका की इस स्वीकारोक्ति पर प्रकाश डाला गया कि उसका COVID-19 के खिलाफ ,ंष्१1222 वैक्सीन (भारत में लाइसेंस प्राप्त और कोविशील्ड के रूप में बेचा जाता है) कम प्लेटलेट काउंट और "बहुत दुर्लभ" मामलों में रक्त के थक्कों के गठन का कारण बन सकता है।

याचिका में कहा गया है कि "एस्ट्राजेनेका ने वैक्सीन और थ्रोम्बोसिस के बीच थ्रोम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम (टीटीएस) के साथ संबंध को स्वीकार किया, जो असामान्य रूप से प्लेटलेट्स के घटने और खून के थक्कों बनने की विशेषता वाली मेडिकल स्थिति है।" तिवारी कहते हैं कि इस फॉर्मूले को पुणे स्थित सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया को लाइसेंस दिया गया और देश में 175 करोड़ से अधिक कोविशील्ड वैक्सीन लगाई गई। उन्होंने कहा कि COVID-19 महामारी के बाद से दिल का दौरा पड़ने और व्यक्तियों की अचानक मृत्यु के कारण होने वाली मौतों की संख्या में वृद्धि हुई है।

याचिका में कहा गया है कि "अब COVISHEILD के डेवलपर द्वारा यूके की अदालत में दायर किए गए दस्तावेज़ के बाद हम COVISHEILD वैक्सीन के जोखिम और खतरनाक परिणामों के बारे में सोचने के लिए मजबूर हैं, जो बड़ी संख्या में नागरिकों को दी गई।"

तिवारी का कहना कि कोविशील्ड वैक्सीन भारत सरकार के दृष्टिकोण और आश्वासन पर लगाए गए कि यह सुरक्षित है। यूनाइटेड किंगडम में वैक्सीन क्षति भुगतान प्रणाली का हवाला देते हुए प्रार्थना की गई कि वैक्सीन से गंभीर रूप से दिव्यांग हुए लोगों को मुआवजा दिया जाए और केंद्र सरकार इस मामले को प्राथमिकता पर ले ताकि भविष्य में लोगों के स्वास्थ्य को खतरा न हो।

### याचिका में मांगी गई राहतें इस प्रकार है

(1) स्वास्थ्य सुरक्षा के हित में कोविशील्ड की जांच के लिए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, दिल्ली के मेडिकल एक्सपर्ट्स का मेडिकल एक्सपर्ट्स पैनल गठित करने के निर्देश जारी करें, जिसका नेतृत्व इसके निदेशक और भारत के सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड माननीय जज द्वारा किया जाएगा।

(2) उन नागरिकों के लिए वैक्सीन क्षति भुगतान प्रणाली स्थापित करने के लिए भारत संघ को निर्देश जारी करना, जो ष्टह्रङ्कढ्ढष्ठ-19 के दौरान वैक्सीनेशन अभियान के परिणामस्वरूप गंभीर रूप से दिव्यांग हो गए।

(3) भारत संघ को उन लोगों को मुआवजा देने के लिए निर्देश जारी करना, जो COVID-19 के दौरान लगाए गए कोरोना वैक्सीन के दुष्प्रभावों के कारण गंभीर रूप से दिव्यांग हो गए या जिनकी मृत्यु हो गई।

गौरतलब है कि ब्रिटेन स्थित फार्मास्युटिकल कंपनी एस्ट्राजेनेका ने स्वीकार किया है कि इसका कोविड टीका कोविशील्ड रक्त के थक्के जमाने संबंधी दुष्प्रभाव उत्पन्न कर सकता है, लेकिन इनके बीच कोई संबंध होने की जानकारी नहीं है। ब्रिटेन के एक अखबार ने अदालती दस्तावेज के हवाले से यह दावा किया है। 'द डेली टेलीग्राफ' की रिपोर्ट के अनुसार, 51 वादियों द्वारा एक सामूहिक कार्रवाई के अनुरोध पर फरवरी में लंदन स्थित उच्च न्यायालय में एक कानूनी दस्तावेज सौंपा गया था। एस्ट्राजेनेका ने स्वीकार किया था कि कोविड-19 से बचाव के लिए ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय द्वारा ईजाद किया गया टीका ''बहुत दुर्लभ मामलों में'' रक्त के थक्के जमा सकता है और प्लेटलेट की संख्या को घटा सकता है। एस्ट्राजेनेका वैक्सजेव्रिया टीके का उत्पादन सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) ने भी किया था और इस टीके को भारत में 'कोविशील्ड' नाम से जाना जाता है।

कोविशील्ड बनाने वाली ब्रिटिश कंपनी एस्ट्राजेनेका ने पहली बार अदालती दस्तावेजों में माना है कि उसकी कोविड 19 वैक्सीन दुर्लभ दुष्प्रभाव पैदा कर सकती है। इस दिग्गज फार्मास्युटिकल कंपनी द्वारा इस बात को स्वीकार किये जाने के बाद दुनिया भर में स्वास्थ्य से जुड़े कई सवाल खड़े किए जा रहे हैं। माना जा रहा है कि इससे वैक्सीन को लेकर आम लोगों के विश्वास भी अब प्रभावित हो सकते हैं।



ब्रिटिश अखबार द टेलीग्राफ ने इसको लेकर बीते 28 अप्रैल को खोजी रिपोर्ट प्रकाशित की है। द टेलीग्राफ की इस रिपोर्ट के मुताबिक, कोविशील्ड वैक्सीन बनाने वाली कंपनी एस्ट्राजेनेका ने पहली बार अदालती दस्तावेजों में स्वीकार किया है कि वैक्सीन से दुर्लभ दुष्प्रभाव हो सकता है।

कंपनी ने माना है कि उसकी वैक्सीन, बहुत ही दुर्लभ मामलों में, थ्रोम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम या टीटीएस का कारण बन सकती है। इसके साथ ही इसे लेने वाले में थ्रोम्बोसिस नामक एक दुर्लभ दुष्प्रभाव भी हो सकता है। हालांकि वैक्सीन निर्माता ने अदालती दस्तावेज़ों में कहा है कि कोविशील्ड, दुर्लभ मामलों में ही ऐसी स्थिति का कारण बन सकती है। इसके कारण होने वाले साइड इफेक्ट में खून के थक्के जम सकते हैं और प्लेटलेट की संख्या कम हो सकती है जिसके कारण हार्ट अटैक का खतरा बढ़ जाता है। कोविशील्ड वैक्सीन बनाने वाली कंपनी एस्ट्राजेनेका ने इस बात को तब स्वीकार किया है जब वह इस वैक्सीन के कारण कुछ केस में मानव स्वास्थ्य को होने वाले गंभीर नुक्सान और कई मौतों के आरोपों से जुड़े मुकदमों को झेल रही है। माना जा रहा है कि कंपनी को कई मिलियन पाउंड का हर्जाने का भुगतान करना पड़ सकता है।

एस्ट्राज़ेनेका और ऑक्सफ़ोर्ड विश्वविद्यालय द्वारा विकसित कोविशील्ड वैक्सीन का व्यापक रूप से इस्तेमाल भारत सहित दुनिया के कई देशों में हो चुका है। भारत में जहां इसका उत्पादन सीरम इंस्टीट्यूट द्वारा किया गया था।

द टेलीग्राफ की रिपोर्ट के मुताबिक सार्वजनिक स्वास्थ्य के विशेषज्ञ माने जाने वाले डॉ. जगदीश जे हीरेमथ बताते हैं कि÷थ्रोम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम (टीटीएस) के साथ थ्रोम्बोसिस एक दुर्लभ स्थिति है जिसमें शरीर की रक्त वाहिकाओं में रक्त के थक्के (थ्रोम्बोसिस) बन जाते हैं और खून में प्लेटलेट्स की संख्या कम (थ्रोम्बोसाइटोपेनिया) हो जाती है।

इस स्थिति को कुछ कोविड 19 टीकों से जुड़े एक अत्यंत दुर्लभ साइड इफेक्ट के रूप में देखा गया है, विशेष रूप से वे जिन्हें एस्ट्राजेनेका वैक्सीन (कोविशील्ड) जैसे एडेनोवायरस वैक्टर वाली वैक्सीन दी गई थी। टीटीएस इसलिए होता है, क्योंकि मानव शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली एंटीबॉडी बनाकर टीके के प्रति अपनी प्रतिक्रिया देती है, जो रक्त के थक्के जमने में शामिल प्रोटीन पर हमला करती है। रिपोर्ट कहती है कि कोविशील्ड टीकाकरण के बाद टीटीएस होने का सटीक तंत्र पूरी तरह से समझा नहीं गया है। हालांकि डॉ. जगदीश जे हीरेमथ कहते हैं कि यह अनुमान लगाया गया है कि टीका एक प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया को ट्रिगर कर सकता है। जो कि प्लेटलेट सक्रियण और रक्त के थक्कों के गठन की ओर ले जाता है, जो ऑटोइम्यून हेपरिन-प्रेरित थ्रोम्बोसाइटोपेनिया के समान है।

टीटीएस बेहद दुर्लभ है, यह बहुत कम केस में ही हो सकता है। यह निर्भर करता है कि इस वैक्सीन को लेने वाले कि उम्र, लिंग क्या है, कुछ केस में आनुवंशिक कारण भी इस स्थिति के जिम्मेदार हो सकते हैं। टीटीएस की स्थिति में आमतौर पर गंभीर सिरदर्द, धुंधली दृष्टि, सीने में दर्द, पैरों में सूजन, लगातार पेट दर्द और टीकाकरण के कुछ हफ्तों के भीतर सांस लेने में तकलीफ जैसे लक्षण दिखते हैं। इस स्थिति से ठीक होने के लिए शीघ्र पता लगाना और इलाज जरूरू है। इसलिए स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं और मरीजों दोनों को इन लक्षणों के प्रति सतर्क रहना चाहिए।

द टेलीग्राफ की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि यूके में एस्ट्राजेनेका को इस दावे पर मुकदमे का सामना करना पड़ रहा है कि उसके टीके के कारण दर्जनों मामलों में मौतें हुई और गंभीर इंज्यूरीज सामने आई.अदालत में, वकीलों ने तर्क दिया कि ऑक्सफोर्ड के साथ मिलकर एस्ट्राजेनेका फार्म कंपनी की बनी COVID-19 वैक्सीन के साइड इफेक्ट्स से कई परिवारों पर विनाशकारी प्रभाव पड़ा है।

पहला मामला 2023 में जेमी स्कॉट द्वारा दर्ज किया गया था, जिन्हें अप्रैल 2021 में टीका लगाया गया था. एस्ट्राजेनेका द्वारा निर्मित टीका लेने के कुछ दिनों बाद, स्कॉट ने दावा किया कि ब्लड क्लॉट बनने और ब्रेन में ब्लीडिंग होने के कारण उन्हें परमानेंट ब्रेन इंजरी हुई। यूके हाई कोर्ट में एस्ट्राजेनेका कंपनी के खिलाफ इस मामले से जुड़े 51 केस दर्ज हैं और 100 मिलियन पाउंड तक के मुआवजे और हर्जाने की मांग है।

एस्ट्राजेनेका ने अदालत में स्वीकार ये किया कि दुर्लभ साइड इफेक्ट संभव हैं, लेकिन अभी तक यह स्वीकार नहीं किया कि टीके में कोई दोष था, वो प्रभावी नहीं था या इससे कोई इंजरी या मृत्यु हुई। कंपनी ने कहा,यह माना जाता है कि' वैक्सीन, बहुत ही दुर्लभ मामलों में, टीटीएस का कारण बन सकती है लेकिन कैजुअल मैकेनिज्म का कारण अभी पता नहीं है. इसके अलावा, टीटीएस' वैक्सीन (या किसी भी वैक्सीन) की अनुपस्थिति में भी हो सकता है. किसी भी इंडिविजुअल मामले के पीछे इसके होने का पता लगाना के लिए एक्सपर्ट एविडेंस की जरूरत है। ब्रिटेन सरकार ने अभी तक इस मुद्दे पर कोई टिप्पणी नहीं की है।

# आप कैसे तय करेंगे अदालत क्या करेगी, नतीजों के लिए तैयार रहिए

**● सुप्रीम कोर्ट ने आइएमए प्रमुख को फटकारा**

स्वतंत्र प्रभात

जेपी सिंह।

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि पतंजलि आयुर्वेद ने अपने माफीनामे में सह-संस्थापक बाबा रामदेव का नाम लेकर "सुधार" किया है। जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की बेंच ने पतंजलि आयुर्वेद की तरफ से जारी किए गए सार्वजनिक माफीनामे की जांच के बाद कहा, 'एक उल्लेखनीय सुधार हुआ है। पहले सिर्फ पतंजलि का नाम था, अब नाम हैं। हम इसकी सराहना करते हैं। उन्होंने समझ लिया है।' इस दौरान कोर्ट ने इंडियन मेडिकल असोसिएशन के अध्यक्ष आर. वी. अशोकन के पीटीआई को दिए इंटरव्यू में दिए गए बयानों पर सख्त टिप्पणियां भी की। जस्टिस अमानुल्लाह ने कहा कि गंभीर नतीजों के लिए तैयार रहिए।

सुप्रीम कोर्ट ने रामदेव और आचार्य बालकृष्ण को उन अखबारों के मूल पन्ने को दाखिल करने के लिए कहा है, जिनमें सार्वजनिक माफीनामा प्रकाशित हुआ था।सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार (30 अप्रैल) को पतंजलि आयुर्वेद के खिलाफ भ्रामक विज्ञापन मामले में "निष्क्रियता" के लिए उत्तराखंड राज्य लाइसेंसिंग प्राधिकरण को फटकार लगाई. अदालत ने कहा कि प्राधिकरण ने "सबकुछ खत्म करने की कोशिश की।. पीठ ने पतंजलि की भी खिंचाई की और कहा कि वह उसके आदेशों का "पालन नहीं" कर रही है. शीर्ष अदालत ने रामदेव और बालकृष्ण के वकील से प्रत्येक अखबारों के मूल पेज को रिकॉर्ड पर दाखिल करने को कहा जिसमें सार्वजनिक माफी जारी की गई थी।

सीनियर ऐडवोकेट मुकुल रोहतगी ने इंटरव्यू में की गई अशोकन की टिप्पणियों को अदालत में उठाया। रोहतगी ने कहा, 'वह (आईएमए अध्यक्ष) कहते हैं कि अदालत ने हम पर उंगली क्यों उठाई, अदालत की टिप्पणी दुर्भाग्यपूर्ण है।' उन्होंने कहा कि यह अदालत की कार्यवाही में सीधा हस्तक्षेप है। रोहतगी ने यह भी कहा कि वह आईएमए अध्यक्ष के खिलाफ अवमानना की मांग करते हुए एक आवेदन दायर करेंगे।

इस पर पीठ ने मुकुल रोहतगी को पीटीआई के साथ आईएमए निदेशक के इंटरव्यू को रिकॉर्ड में लाने के लिए कहा। जस्टिस अमानुल्लाह ने कहा, 'इसे रिकॉर्ड में लाइए। यह अब तक हो रही चीजों से ज्यादा गंभीर होगा। अधिक गंभीर परिणामों के लिए तैयार रहें।'पीठ ने आईएमए के वकील से कहा, 'आपने कोई अच्छा काम नहीं किया और आप कैसे तय कर सकते हैं कि अदालत क्या करेगी, अगर यह सही है।'

दरअसल पीटीआई को दिए इंटरव्यू में आईएमए प्रमुख ने कहा था कि यह 'दुर्भाग्यपूर्ण' है कि सुप्रीम कोर्ट ने आईएमए और निजी डॉक्टरों के तौर-तरीकों की आलोचना की। उन्होंने कहा कि 'अस्पष्ट और अति सामान्य बयानों' ने निजी डॉक्टरों को हतोत्साहित किया है।डॉक्टर अशोकन ने इंटरव्यू में कहा था, 'हम ईमानदारी से मानते हैं कि उन्हें यह देखने की जरूरत है कि उनके सामने क्या सामग्री रखी गई है। उन्होंने शायद इस बात पर विचार नहीं किया कि यह वह मुद्दा नहीं है जो अदालत में उनके सामने था। कोर्ट ने शायद इस बात पर गौर नहीं किया कि उनका असल मुद्दा पतंजलि के विज्ञापनों से जुड़ा था, न कि पूरे मेडिकल क्षेत्र से।' आईएमए प्रमुख ने ये भी कहा था कि सुप्रीम कोर्ट को पूरे देश के डॉक्टरों की तारीफ करनी चाहिए थी जिन्होंने कोविड के दौरान बहुत त्याग किया। अशोकन ने इंटरव्यू में कहा था, 'आप कुछ भी कह सकते हैं, लेकिन अधिकतर डॉक्टर कर्तव्यनिष्ठ हैं...नैतिकता और सिद्धांतों के अनुसार काम करते हैं। देश के चिकित्सा पेशे के खिलाफ तल्ख रुख अपनाना न्यायालय को शोभा नहीं देता, जिसने कोविड युद्ध में इतनी कुर्बानी दी।'

डॉ. अशोकन 23 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट की इस टिप्पणी का जवाब दे रहे थे कि "पतंजलि की तरफ एक उंगली उठाने पर बाकी चार उंगलियां आइएमए की तरफ इशारा करती हैं।" इसके बाद, सुप्रीम कोर्ट ने उत्तराखंड राज्य लाइसेंसिंग प्राधिकरण को मामले में निष्क्रियता के लिए फटकार लगाई। अदालत का कहना था कि ऐसा लगता है कि प्राधिकरण ने सिर्फ सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद ही कार्रवाई की। बता दें कि अप्रैल 10 को कोर्ट ने लाइसेंसिंग प्राधिकरण को पतंजलि के खिलाफ कार्रवाई ना करने के लिए पहले ही सख्त निर्देश दिए थे।

कोर्ट ने योग गुरु रामदेव और उनके सहयोगी आचार्य बालकृष्ण को मामले में अगली सुनवाई के लिए व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट दे दी, जो 17 मई को होगी.इससे पहले रामदेव और बालकृष्ण की ओर से सार्वजनिक माफी तब मांगी गई थी, जब सुप्रीम कोर्ट ने सवाल उठाया कि क्या इसका आकार पिछली सुनवाई के दौरान उनके



विज्ञापनों से मेल खाएगा।सार्वजनिक माफी में कहा गया कि "सुप्रीम कोर्ट में चल रहे एक मामले के मद्देनजर, हम अपनी व्यक्तिगत क्षमता के साथ-साथ कंपनी की ओर से भी, सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों/आदेशों का पालन न करने या अवज्ञा के लिए बिना शर्त माफी मांगते हैं।

सुनवाई शुरू होते ही कोर्ट ने पतंजलि के वकील से सवाल किया की माफीनामा उन्हें आज सुबह क्यों मिला है। इसे समय पर क्यों नहीं फाइल किया गया, जिस पर पतंजलि के वकील ने सफाई देते हुए कहा कि माफीनामा 5 दिन पहले फाइल कर दिया गया था।।पीठ ने कंपनी द्वारा कोर्ट में माफिनामा का पीडीएफ फाइल देने पर नाराजगी जताते हुए कहा- "आपने ई-फाइलिंग की है। ये हमारे आदेश का पालन नहीं है।हमने कहा था, जैसा माफीनामा है, वैसा फाइल करो। फिजिकली माफीनामा देने का मतलब यह नहीं है कि आप पीडीएफ फाइल दें।हमें लग रहा है कि जितना हम नहीं चाहते उतना आपके वकील क्लाइंट को कोर्ट में बार-बार पेश करना चाहते हैं। पूरा.माफीनामे का न्यूज पेपर फाइल किया जाना था। इससे पहले, 27 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट ने पतंजलि आयुर्वेद को तत्काल "भ्रामक विज्ञापन रोकने का आदेश दिया था।मामला पिछले साल नवंबर में शुरू हुआ था जब आइएमए ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर पतंजलि की दवाओं के विज्ञापनों को "गलत और भ्रामक" बताया था।

## संक्षिप्त ख़बरें

### इलाज के दौरान ग्राम प्रधान की मौत

**उन्नाव।** मोहान अजगैन मार्ग के फ्ऱहदपुर गांव के पास बीते 19 अप्रैल की देर शाम ग्राम प्रधान रोड एक्सीडेंट में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जिनका इलाज लखनऊ के एसजीपीजीआई में चल रहा था। इलाज के दौरान बुधवार को उनकी मौत हो गई। ग्राम प्रधान की मौत की खबर मिलते है गांव में हड़कम्प मच गया। बताते चलें कि कोतवाली क्षेत्र के मोहान अजगैन मार्ग फ्ऱहदपुर गांव स्थित धर्मकांटा के पास 19 अप्रैल को चंदौली बुजुर्ग ग्राम प्रधान कौशल 25 वर्ष पुत्र सरजू प्रसाद की बाइक ट्रैक्टर ट्राली में टकरा गई थी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों ने गंभीर अवस्था में एसजीपीजीआई में भर्ती कराया। तभी से उनका इलाज चल रहा था, जहां पर इलाज के दौरान उनकी बुधवार को मौत हो गई। मृतक के चार बहने है। जिसमें अंशुका, दिशा आरती, निशा है। इकलौते बेटे की मौत से मां सीमा का बेहाल है।

### एक 85 वर्षीय बुजुर्ग किसान ने फांसी लगाकर की आत्महत्या




**कछौना, हरदोई।** थाना क्षेत्र कासिमपुर के अंतर्गत ग्राम सभा बरुआहार में एक बुजुर्ग किसान ने पारिवारिक कलह से तंग आकर गांव के बाहर बाग में फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया हैं। मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र कासिमपुर की ग्रामसभा गौरी फखरुद्दीन का ग्राम बरुआहार निवासी बुजुर्ग किसान शंभू पुत्र खगेश्वर उम्र 85 वर्ष ने वुधवार की सुबह गांव के बाहर बाग में फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। पुलिस ने शव कों कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। मृतक बुजुर्ग के दो लड़के हैं। परिवारजनों के अनुसार कुछ दिनों से मृतक गुमसुम रहता था। बुजुर्ग लोग यथोचित प्यार व उचित देखभाल के अभाव में काफी परेशान रहते हैं। जिसके कारण वह अवसाद में आकर इस तरह की घटनाओं को अंजाम देते हैं।

## पीडब्लूडी विभाग भूला पुल पर लगाना ग्रिल



**असोहा (उन्नाव)।** चन्दनखेड़ा नाले पर बने पुल को लेकर पीडब्ल्यूडी विभाग की मंशा क्या है कोई बड़ी दुर्घटना। भल्ला फार्म कांथा असोहा कालू खेड़ा मार्ग जो पूर्वान्चल की सड़को को जोड़ता है यहां चन्दनखेड़ा नाले पर बना हाहा हूती पुल किसी भी समय किसी बड़ी दुर्घटना देने को तैयार दिखाई देता है। यह भी तय है कि अगर कोई बड़ा वाहन घटना का शिकार हुआ तो भारी जनहानि होगी और फिर विभाग को जबाब देते नहीं बनेगा। गौर रहे कि इस रोड पर असोहा से डेढ़ किलो मीटर दूरी पर चंदन खेड़ा नाला है जो केवल बरसात के समय ही इसमें पानी दिखता है पर बना पुल जर्जर हो गया था तो पीडब्ल्यूडी विभाग ने अभी इस पुल का निर्माण कराया है हालांकि इस नाले पर इतने बड़े पुल की आवश्यकता भी नहीं थी लेकिन अधिकारियों ने जो भी सोचा हो करोड़ों की लागत से पुल बनवा डाला। पुल की उचाई तकरीबन डेढ़ सौ फुट की होगी अब रही बात पुल के दोनों सिरों पर पचास पचास मीटर पर केवल कच्ची मिट्टी तथा उस पर बड़ी बड़ी गिट्टी पड़ी है जिससे जो भी वाहन पुल से निकलते है भारी गर्दा धूल से लोग नहा जाते है यही नहीं गिट्टी जब टायरों से उछलती है तो पैदल या दोपहिया वाहनों के चालकों को घायल भी करती है। गौर तलब बात तो यह है कि पुल के दोनों तरफविभाग ने आज तक लोहे के ग्रिल तक नहीं लगवाया है जिससे छोटे तथा बड़े वाहनों के चालकों को बहुत बड़ा खतरा बराबर बना हुआ है। क्योंकि अगर कोइ भी वाहन ऊपर से गिरा तो उसकी क्या हालत होगी यह आसानी से समझा जा सकता है लेकिन पीडब्ल्यूडी विभाग इसको लेकर आंखें बंद किए हैं इसको लेकर लोगों में जबरदस्त आक्रोश देखा जा सकता है।

## दिल्ली-एनसीआर के स्कूलों में ईमेल पर ई-बम की धमकी से मचा हडकंप, पैनिक में पेरेंट्स

स्वतंत्र प्रभात

**दिल्ली।** अल सुबह दिल्ली-एनसीआर के कई स्कूलों में ई-बम की धमकी भरे ईमेल से हडकंप मच गया।एक ही समय पर 90 से ज्यादा नामचीन पब्लिक स्कूलों में बम की धमकी भरे ईमेल से राजधानी का पुलिस महकमा सकते में आ गया। दिल्ली के नामचीन पब्लिक स्कूलों में आनन -फानन में पुलिस, फायर ब्रिगेड समेत बम निरोधक दस्तों के साथ बडी संख्युया में पुलिस फोर्स मौके पर पहुंचे। और उन्होने स्कूल को खाली कराना शुरू कर दिया।दिल्ली पब्लिक स्कूल(डीपीएस) द्वारका, आरके पुरम, वसंत विहार,चाणक्य पुरी का संस्कृत स्कूल, डीएवी आरके पुरम, मयूर विहार का मदर मैरी स्कूल, साकेत का अर्वाचीन स्कूल, मॉडल टॉउन डीएवी स्कूल, में देर तक तलाशी अभियान चलता रहा। लेकिन किसी भी स्कूल में कुछ भी नहीं मिला। इस बीच राजधानी दिल्ली के तमाम सरकारी ,निजी स्कूलों में भी छुट्टी घोषित कर दी गई। एकदम तमाम स्कूलों से अभिभावकों को पहुंचे इमर्जेसी मैसेज से वह सभी स्कूल की ओर दौड पडे। इस उहा-पोहा और स्कूली दौड के चलते तमाम,स्कूलो के बाहर की सडक ,चौराहों पर तगडे ट्रैफिक जाम के हालत बन गए। इससे





पैनिक के हालत और पैदा हो गए। इस बीच दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना मॉडल टॉउन स्थित डीएवी स्कूल में औचक दौरे पर पहुंचे और राहत कार्यो का जायजा लिया। गृह मंत्रालय के मुताबिक स्कूलों में भेजे गए ईमेल को रशियन सर्वर की मदद से भेजा गया है।

ईमेल मे धमकी की भाषा में लिखा कि ¬ अल्लाह की इजाजत से हम तुम्हें आग की लपटी में झोंक देगे। अल्लाह की इजाजत से आसमान में धुंआ फैलेगा।सब कुछ खत्म हो जाएगा।बचपन से धधक रही है हमारे सींने में जेहाद की आग।हम इसे तोड देगे और उन्हें इसके अंदर दफना देंगे।इंशा अल्लाह इमारतों की छत की तरफ देखो। क्या आपने ये सोचा था कि आपके बुरे कामों का कोई जवाब नहीं




दिया जाएगा। अल्लाह की इजाजत से हम तुम्हें आग की लपटों में झोंक देगे। तुम्हारा दम घुट जाएगा। अल्लाह ने इसके लिए हमारे भीतर आग पैदा की है। हमारे हाथों में जो लोहा है वो हमारे दिलों को चुभता है।हम तुम्हारे गले और मुंह को चीर देगे।नास्तिकों का ये ही अंजाम है। इंशाअल्लाह हम हवा के जरिये ईमेल से डर पैदा कर देगें। बहरहाल पुलिस के अधिकारियों के मुताबिक ईमेल के रशियन सर्वर से भेजा गया है। आगे की जांच जारी है। जल्द ही गुनाहगारों की गिरेबान तक पुलिस के हाथ पहुंच जाएगे।

# संक्षिप्त ख़बरें

## डेढ़ महीने से गायब बच्चे की पुलिस नहीं कर पा रही तलाश



**आलापुर अम्बेडकर नगर।** ज्ञात हो कि थाना क्षेत्र राजेसुल्तानपुर के निवासी ग्राम चक इक्यावन राजन पुत्र सुभाष निषाद को गांव के ही रोशन पुत्र ललई अपने पीओपी ठेके में काम कराने हेतु 16 वर्षीय नाबालिग बच्चें को बिना परिजनों की जानकारी के बहला फुसलाकर इलाहाबाद के लिए ले गए न तो इस बीच परिजनों से कोई फोन पर बात कराई गई न तो कोई जानकारी दी गई काफी खोजबीन व जोर दबाव के पश्चात दिनांक 8 अप्रैल को परिजनों को गांव के रोशन पुत्र ललई द्वारा यह सूचित किया गया कि आपके लड़के को हमारे आदमी द्वारा गाजियाबाद रेलवे स्टेशन से घर जानें हेतु ट्रेन पर चढ़ा दिया गया अभी तक उपरोक्त बच्चा राजन न तो घर ही पहुंचा न ही उसके परिजनों को कोई खबर लगी परिजन काफी हैरान एवं परेशान हैं एवं किसी अनहोनी आशंका से ग्रसित हैं। उपरोक्त घटना की सूचना पुलिस को दी गई लेकिन पुलिस द्वारा मामले में काफी शिथिलता बरती गई काफी जोर दबाव के पश्चात परिजनों द्वारा मुख्यमंत्री पोर्टल पर दिए गए आई जीआरएस प्रार्थना पत्र पर दिनांक 23 अप्रैल को राजे सुल्तानपुर पुलिस परिजनों पर दबाव बनाकर मनगढ़ंत तहरीर बनाकर अज्ञात के विरूद्ध आइपी सी की धारा 363में सरसरी तौर पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया है जबकि परिजनों द्वारा आरोपी रोशन पुत्र ललई के विरुद्ध अप्रिय घटना करने का आरोप लगाया जा रहा है और यह चिंता जाहिर की जा रही है की नाबालिग बच्चें के साथ कहीं समडीह ( देवरिया ) जैसी घटना न हो जाए।।

मामले में थाना प्रभारी विजय प्रताप तिवारी ने बताया कि बच्चे की तलाश जारी है जल्द से जल्द बच्चा बरामद कर लिया जाएगा।

## दुष्कर्म के आरोपी को कोर्ट ने सुनाई 20 वर्ष की सजा

**महराजगंज।** परसामलिक पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में वर्ष 2019 में एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेज दिया था। बुधवार को न्यायालय ने आरोपी को 20 वर्ष सश्रम कारावास तथा दस हजार रुपए अर्थदंड से दंडित किया है तथा अर्थदंड अदा न करने पर एक माह का अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई है।

जानकारी के मुताबिक वर्ष 2019 में परसामलिक थाना क्षेत्र के एक नाबालिग लड़की को सिद्धार्थनगर जिले का निवासी देवी शरण पुत्र मुन्नर उर्फ रावण निवासी लकड़ा थाना मोहाना बहला-फुसलाकर भगा ले गया था तथा नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया था। मामले में पुलिस ने धारा 363,366,376 भादवि व 3/4 पोस्को एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए न्यायालय भेज दिया था। मामले में दोषी सिद्ध पाए जाने पर न्यायालय विशेष न्यायाधीश अन्नय न्यायालय महराजगंज ने आरोपी को 20 वर्ष की कारावास व दस हजार रुपए अर्थदंड से दंडित किया तथा अर्थदंड अदा न करने पर एक माह का अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई है। इस आशय की जानकारी परसामलिक थानाध्यक्ष प्रिंस कुमार ने दी है।

## मई दिवस समारोह समिति ने बिश्वनाथ में अंतरराष्ट्रीय मई दिवस मनाया

### बिश्वनाथ नगर में एक विशाल जुलूस निकलता है

आज अंतरराष्ट्रीय मई दिवस है. आज का दिन दुनिया भर में मई दिवस के रूप में मनाया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय मई दिवस समारोह विश्व के साथ-साथ बिश्वनाथ में भी मनाया जाता है।

मई दिवस समारोह धर्मशाला परिसर में आयोजित किया गया था और केंद्रीय मई दिवस समिति के अधिकारियों द्वारा झंडा फहराया गया था। ध्वजारोहण के बाद विश्वनाथ नगर में एक विशाल जुलूस निकाला गया और तरह-तरह के सरकार विरोधी नारे लगाये गये. जुलूस में विश्वनाथ के विभिन्न हिस्सों से कार्यकर्ता शामिल हुए। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (सीपीआई) (एम) बिश्वनाथ जिला सचिव कॉमरेड गंगा पराजुली ने वर्तमान भाजपा सरकार की कड़ी आलोचना की।

# केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, कैबिनेट मंत्री दयाशंकर सिंह की उपस्थिति में भाजपा प्रत्याशी हरीश द्विवेदी का नामांकन दाखिल

● अब फतवे और फरमान से नही, बल्कि बाबा साहब के संविधान से चलता है देश - अनुराग ठाकुर

- विपक्ष किसी भी सीट पर लड़ाई में नहीं है - ओमप्रकाश राजभर

- कोई परिवारवादी ताकत बस्ती को विकसित होने से रोक नहीं पाएगा। - हरीश द्विवेदी



स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी सांसद हरीश द्विवेदी ने सोमवार को अपने समर्थकों और पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, कैबिनेट मंत्री दयाशंकर सिंह की उपस्थिति में भाजपा प्रत्याशी हरीश द्विवेदी का नामांकन कार्यक्रम संपन्न हुआ। यहाँ लोकसभा चुनाव के छठवें चरण में आगामी 25 मई को मतदान होना हैभाजपा प्रत्याशी सांसद हरीश द्विवेदी के नामांकन से पूर्व कप्तानगंज स्थित भाजपा के चुनाव कार्यालय प्रांगण में आयोजित जनसभा में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं और समर्थकों को संबोधित करते हुए युवा मोर्चा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कुछ लोग जिहाद की बात कर रहे यह देश किसी फतवे और फरमान से नही बल्कि बाबा साहब के संविधान से चलता है। कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के मूलमंत्र सबका साथ सबका विकास से चलता है। फतवे और जिहाद के दिन चले गए है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि दिल्ली पर लोधी, गौरी मुगलों का शासन नहीं भारत की चुनी हुई एक लोकतांत्रिक सरकार द्वारा शासन होता है। पिछले 10 वर्षो में 10 करोड़ जनता को गरीबी रेखा से बाहर निकाला, 10 करोड़ पक्के मकान बनवाये। 1 करोड़ बहाने लखपति दीदी बनी अब 3 करोड़ बहने और बनेंगी। तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था भारत बनेगा

सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और यूपी सरकार के मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने बस्ती में आयोजित नामांकन सभा की रैली को संबोधित करते हुए कहा कि एनडीए गठबंधन के सभी दलों के लोग लगातार जनता के बीच में जा रहे है। कहा कि मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने जा रहे हैं। जहां कहीं भी थोड़ी सी कसर रहेगी वहां हमारी पार्टी कंधा लगाकर भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों को जीत दिलाएगी। गठबंधन के सभी पार्टियों से अपील करते हुए कहा कि सभी थोड़ा-थोड़ा जोर लगाएंगे तो भाजपा के सभी प्रत्याशी चुनाव जीत जाएंगे चुटकी लेते हुए कहा कि विपक्षी दल अपनी लड़ाई में ही नहीं है। बिना मतलब लोग चिल्ला रहे है भाजपा प्रत्याशी हरीश द्विवेदी ने अपने संबोधन में कहा कि बस्ती की सम्मानित जनता इंडी गठबंधन और बसपा के प्रत्याशियों की करतूत से वाकिफ हैं। जनता ने इन लोगों का सूपड़ा साफ करने का मन बना लिया है। जिस प्रकार से जनता का स्नेह और आशीर्वाद प्राप्त हो रहा है। उससे यह प्रतीत हो रहा है कि अब बस्ती को विकसित होने से कोई परिवारवादी ताकत नहीं रोक पाएगा। कार्यकर्ताओं और समर्थकों के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि यही जोश और उत्साह आगामी 25 मई तक बनाए रखने की आवश्यकता है। जिससे इस सीट पर पार्टी को ऐतिहासिक जीत हासिल हो सके। लोकसभा चुनाव प्रभारी सेतवान राय, लोकसभा संयोजक केडी चौधरी, जिला प्रभारी प्रदेश प्रवक्ता डॉ. समीर सिंह, एमएलसी सुभाष यदुवंश, विधायक अजय सिंह, पूर्व विधायक दयाराम चौधरी, रवि सोनकर, विधायक भूपेश चौबे, पूर्व मंत्री सतीश द्विवेदी विधायक खलीलाबाद अंकुर राज तिवारी तत्स जिला पंचायत अध्यक्ष संजय चौधरी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष विवेकानंद मिश्र ने किया।

### इनकी रही मौजूदगी

पूर्व सांसद अष्टभुजा शुक्ल, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रेम सागर तिवारी, सुशील सिंह, यशकांत सिंह, पवन कसौधन, महेश शुक्ल, क्षेत्रीय मंत्री राजेश पाल, प्रमोद पांडेय, अनूप खरे, प्रमोद कुमार चौधरी गिल्लम, लक्ष्मीकांत पांडेय पप्पू, अशोक गुप्ता, हरीश सिंह, अरविंद पाल, अंकुर वर्मा, नितेश शर्मा, अमृत वर्मा, अमित शुक्ल, सत्येंद्र शुक्ल, आनंद सिंह कलहंस, कुँवर ध्रुव नारायण सिंह, दुष्यंत विक्रम सिंह, पुष्करदित्य सिंह, अश्वनी उपाध्याय, जगदीश शुक्ल, राकेश श्रीवास्तव, दिवाकर मिश्र, गोपेश्वर तिवारी, रामचरन चौधरी, सत्येंद्र सिंह भोलू, महेश सोनकर, सुमन सिंह, अखंड प्रताप सिंह, आलोक पांडेय, अभिनव उपाध्याय, मनमोहन श्रीवास्तव काजू, मगन शुक्ल, राकेश शर्मा, आशीष शुक्ल, राजन मिश्र, सुनील सिंह, वरुण पांडेय, रिंकू दूबे, परमेश्वर शुक्ल पप्पू, आदित्य श्रीवास्तव, दिलीप पांडेय, आलम चौधरी, अमित गुप्ता, अभिषेक राजभर, विजय पांडेय राजू, मनोज सिंह, अभिषेक पटेल, राजकुमार शुक्ल, वैभव पांडेय, राकेश उपाध्याय, रोली सिंह, ममता सिंह, संध्या दीक्षित, सुखराम गौड़, मनोज ठाकुर, रामनेवास गिरी, सुजीत सोनी, अतुल यादव, श्याम नाथ चौधरी, अरविंद चौरसिया, ओमप्रकाश ठाकुर, नीरज प्रजापति, कुंदन लाल वर्मा, ताड़क जायसवाल, धर्मेंद्र जायसवाल सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता पदाधिकारी, समर्थक, सहयोगी दलों के जिलाध्यक्ष एवं पदाधिकारी गण, ब्लॉक प्रमुख गण, नगर पंचायतों के चेयरमैन, जिला पंचायत सदस्य गण सहित अनेक जनप्रतिधि मौजूदरहे उक्त जानकारी नितेश शर्मालोकसभा संयोजक, मीडिया विभाग भाजपा बस्ती।

# बिना ऑपरेशन किए आयुष्मान कार्ड से 35 हजार रूपये निकालने का आरोप

स्वतंत्र प्रभात



**बस्ती-** बस्ती जिले के एक अस्पताल के चिकित्सक ने बिना पित्त की थैली और पथरी का ऑपरेशन किए ही आयुष्मान से 35 हजार रुपये भुगतान ले लिया। जिसका खुलासा मरीज ने सीएमओ को शिकायती पत्र देकर किया है। मामला सामने आने के बाद विभाग और अस्पताल कर्मियों में खलबली है।

वाल्टरगंज क्षेत्र के मझौआ खुर्द की शांति देवी ने सीएमओ को शिकायती पत्र सौंपकर आरोप लगाया है कि मेरे पित्त की थैली में पथरी था और इसकी जांच एक हॉस्पिटल में कराई गई थी। 5 मई 2023 में इलाज कराने गई तो 25 वहां बताया गया कि पित्त की थैली में पथरी है। ऑपरेशन करके निकालना पड़ेगा, इसके बाद दवा दी गई। पांच दिन दवा खाने के बाद 30 मई 2023 को अस्पताल में भर्ती हुई और एक जून को अस्पताल में तैनात चिकित्सक ने ऑपरेशन किया। पित्त की थैली पथरी सहित निकाल दिया गया है। उसके बाद पांच जून 2023 को मुझे अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया। बाद में जब मेरा दर्द कम नहीं हुआ तो दोबारा अस्पताल जाकर उसी चिकित्सक को दिखाया। बताया गया कि धीरे-धीरे ठीक हो जाएगा और 15 दिन बाद बुलाते रहे। फिर फरवरी 2024 में एक अल्ट्रासाउंड सेंटर पर जांच कराई तो जांच रिपोर्ट में पता चला कि पित्त की थैली का ऑपरेशन हुआ ही नहीं है। यह सुनकर सन्न रह गई। सभी रिपोर्ट को कलेक्ट करते हुए फिर उसी अस्पताल में गई लेकिन सुनवाई नहीं हुई। 15 अप्रैल को अस्पताल पर गई तो अस्पताल कर्मियों द्वारा कहा गया कि कुछ नहीं हो सकता अब, जहां शिकायत करनी हो जाकर कर सकती हैं। वहीं सीएमओ डॉ. आरएस दुबे ने बताया कि मामले में शिकायत प्राप्त हुई है, जांच कराई जाएगी। जो दोषी होगा उसपर कार्रवाई होगी।

# सेंटरिंग के ठेकेदार की फांसी लटकता मिला शवपुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा

● -दुबौलिया थाना क्षेत्र के भटहा गांव की घटना

स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्ती जिले केदुबौलिया थाना क्षेत्र के भटहा गांव में एक 32 वर्षीय एक युवक की कमरे में पंखे से दुपट्टे से फांसी से लटकता हुआ शव मिला। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया दुबौलिया थाना क्षेत्र के भटहा गांव निवासी वीरेंद्र कुमार पुत्र राम सुमेर 32 वर्ष की सुबह सात बजे कमरे में पंखे में दुपट्टे के फंदे से लटकता हुआ शव मिलने मिलने से़ सनसनी फैल गई। परिजनों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने बताया वीरेंद्र कुमार अपनी पत्नी को एक निमंत्रण में छोड़कर के घर आया। घर आकर वह अपने कमरे में चला गया सुबह जब देर तक नहीं उठा तो लोग बुलाने लगे अंदर से कोई आवाज ना आई तो लोगों को अनहोनी की शंका हुई अंदर देखा तो वीरेंद्र फांसी के फंदे से झूल रहा था। वीरेंद्र के पत्नी को अभी तक कोई बच्चा नहीं है। पत्नी को दिखाने के लिए कल सुल्तानपुर गया था वहां से दिखा करके घर आया इसके बाद वह अपनी पत्नी को एक निमंत्रण में भेज कर स्वयं घर वापस आया था। वहीं लोगों ने बताया पति-पत्नी में कुछ कहा सुनी भी हुई थी।



बीरेन्द्र सेंटरिंग का कार्य करता था। इससे अच्छा पैसा कमाता था। उसकी मौत से परिजनों का रो रो के बुरा हाल है। थानाध्यक्ष दुबौलिया चंद्रकांत पांडेय ने बताया शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का पता चल सकेगा।

# बियर की दुकान पर रेट लिस्ट में दाम गायब, आबकारी विभाग के नंबर के साथ भी छेड़छाड़ ताकि न कर सके कोई शिकायत

**अम्बेडकरनगर।** आबकारी विभाग को जिले की शराब दुकानों में निर्धारित कीमत से अधिक दर पर शराब बेचे जाने की शिकायतें कही न कही से लगातार मिलती रही है। ऐसे में संचालकों को दुकान के बाहर रेट लिस्ट चस्पा करने का निर्देश दिया था। दुकान के बाहर रेट लिस्ट लगा देखा जा रहा है। लेकिन सेल्समैन मनमानी पर उतर आये है। सेल्समैन को प्रशासन के निर्देश की परवाह नहीं है। इधर मदिरा उपभोक्ता प्रशासन की बेबसी को देखते हुए शोषण को सहन करने मजबूर है। ताजा मामला भीटी तहसील अंतर्गत भीटी बाजार में संचालित बियर की दुकान का है जहां दुकान के बाहर रेट लिस्ट तो लगाई गई है लेकिन उसके आगे लिखे दाम को मिटा दिया गया है। साथ ही अगर किसी ग्राहक से मनमानी तरीके से अधिक पैसे की वसूली सेल्समैन के द्वारा किया जाए तो उसकी भी शिकायत करना मुश्किल साबित हो सकता है क्योंकि सेल्समैन के द्वारा आबकारी विभाग के लिखे गए नंबरों को पेंट के माध्यम से छेड़छाड़ कर उसमें अंतर कर दिया गया है ताकि उनकी मनमानी चलती रहे और ग्राहक कहीं शिकायत न कर सके।

# ऑन ड्यूटी महिला डॉक्टर से मारपीट, आरोपी का धमकाना बदस्तूर जारी।

स्वतंत्र प्रभात



अभी चंद दिनों पहले एक महिला डॉक्टर से दबंगों द्वारा पीएचसी के अंदर मारपीट और गाली गलौज की गई थी महिला डॉक्टर किसी तरह से अपने कर्मचारियों की सहायता से अपनी जान और इज्ज़त दोनों बचा पाई।

ताज़ा मामला ये सामने आ रहा है महिला को अभियुक्त लगातर जान से मारने की धमकी दे रहा है और केस वापस लेने को बोल रहा है। जिससे महिला काफ़ी सदमे है ।

सवाल उठता है कि अगर एक महिला डॉक्टर पर इस प्रकार से जानवरों की तरह हमला करने से ये शोहदे बाज नहीं आ रहे है तो आम महिला और आम पब्लिक इनके आस पास कैसे रहती होगी।

पुलिस अगर मामले के बाद इस पर कड़ी कार्यवाही की होती तो आज दोबारा ये अपराधी महिला डॉक्टर को न धमकाता। यही नहीं काफ़ी मशक्कत के बाद महिला डॉक्टर का मेडिकल कराने के लिए पुलिस तैयार हुई तब कल जाकर डॉक्टर का मेडिकल हो पाया।

### पूरा मामला ये था »»

सोमवार सुबह 9.30 बजे कुर्री सुदौली पीएचसी में चिकित्सा अधिकारी डॉ. शिल्पी ओपीडी कर रही थीं। इसी बीच सुदौली गांव का एक व्यक्ति पुराना पर्चा लेकर इलाज कराने के लिए पहुंचा।

उसने कहा कि जो आपने दवाइयां लिखी थी, उससे कोई फायदा नहीं मिल रहा है। डॉक्टर ने कहा कि फायदा नहीं हो रहा है तो सीएचसी रेफर कर देते हैं। इसी बात को लेकर युवक गुस्सा हो गया। और दुर्व्यवहार करने के साथ-साथ मारपीट करने लगा।

# मजदूर दिवस पर याद किये गये शिकागो के अमर शहीद

● मजबूर होता जा रहा है मजदूर-अशर्फीलाल

स्वतंत्र प्रभात



**बस्ती ।** उ.प्र. बिजली कर्मचारी संघ एटक द्वारा हाईडिल कालोनी स्थित यूनियन भवन पर अध्यक्ष का. अशर्फीलाल के संयोजन में गोष्ठी का आयोजन किया गया। शहीद वेदी बनाकर शिकागो के अमर शहीदों को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि भारत सहित विश्व स्तर पर मजदूर लगातार मजबूर होता जा रहा है। का. अशर्फीलाल ने कहा कि काम के आठ घंटे तय किए जाने को लेकर अमेरिका से जो संघर्ष शुरू हुआ, वह सिलसिला अभी तक जारी है। कहा कि जिस दिन देश के मजदूर शिकागो के अमर शहीदों के बलिदान को आत्मसात कर लेंगे दुनियां से मजदूरों पर होने वाले जुल्म, अत्याचार समाप्त होने लगेगा।

सीटू नेता का. केके तिवारी ने दुनियां में आ रहे बदलाव, पूंजीपतियों द्वारा शोषण, श्रमिक कानूनों पर विस्तार से चर्चा करते हुये कहा कि भारत के श्रमिक सबसे बुरे दौर से गुजर रहे हैं। ऐसे में एकजुटता से ही श्रमिकों की समस्या का समुचित हल हो सकेगा। जिला टेऊ्ड यूनियन कौसिंल के महामंत्री का. के.के. श्रीवास्तव ने कहा कि कहा कि अपने अधिकारों को हासिल करने के लिये दुनियां भर के श्रमिकों के संघर्ष बलिदान का इतिहास सैकड़ों वर्ष पुराना है। इसके बावजूद मजदूर की स्थिति में कोई सकारात्मक बदलाव नहीं हुआ। कोरोना काल के बाद भारतीय खेतिहर, दिहाड़ी मजदूरों की स्थिति और दयनीय हो गई। कहा कि पूंजीवाद श्रमिकों के अधिकारों का लगातार दमन कर रहा है और भारत सहित अनेक देशों के सत्ता प्रतिष्ठान पूंजीपतियों के प्रवक्ता हो गये है। का. रामलौट ने कहा कि नये-नये नियम कानून बनाकर उनके अधिकारों का दमन किया जा रहा है। ऐसे हालात में श्रमिकों को अपने अधिकार हासिल करने के लिये संघर्ष की धार तेज करनी होगी।

गोष्ठी में मजहर आजाद, रमेश, सूर्य प्रकाश, राम दयाल, गौरीशंकर, राधापति पाठक ने कहा कि जब तक श्रमिक वर्ग आपस में बिखरा रहेगा। समस्याओं का हल निकलना संभव नहीं है। सरकार और मालिकानों की भूमिका श्रमिकों के प्रति संकटकाल में संवेदनहीन ही बनी रही। नए श्रम कानूनों ने श्रमिकों का संकट बढ़ा दिया है। संविदा की नौकरियां युवाओं के जीवन के साथ खिलवाड़ है। इसे बंद किया जाना चाहिए। मुख्य रूप से मेहीलाल चौधरी, रामनयन, धर्मेन्द्र यादव, अनिल चौधरी, विजय शुक्ला, प्रेम प्रकाश वरूण मो. अली, खेसाल अहमद के साथ ही विभिन्न संगठनों के लोग उपस्थित रहे।

# जांच टीम के रिपोर्ट पर बीएसए ने प्रधानाध्यापिका को हटाया रोका वेतन

स्वतंत्र प्रभात



**बस्ती।** बस्ती जिले में गौर ब्लॉक के कन्या जूनियर हाईस्कूल कठौतिया सांवडीह में चोरी के आरोप में बच्चे के हाथ मोमबत्ती से जलाए जाने के मामले की जांच रिपोर्ट टीम ने बीएसए अनूप कुमार को सौंप दी है। इसमें जांच टीम ने प्रभारी प्रधानाध्यापिका को स्कूल से हटाकर किसी दूसरे स्कूल में तैनात किए जाने की संस्तुति की है। बीएसए अनूप कुमार ने बताया कि रिपोर्ट के आधार पर प्रभारी प्रधानाध्यापिका को तत्काल प्रभाव से बीआरसी गौर से संबद्ध कर उनका वेतन बाधित कर दिया गया है। साथ ही स्कूल में कार्यरत समस्त स्टॉफ को नोटिस जारी कर प्रकरण में उनका स्पष्टीकरण मांगा गया है। जांच अभी जारी है, नियमानुसार कार्रवाई किया जायेगा।सोमवार को बीईओ ज्ञानेंद्र कुमार व सीडीपीओ बलराम सिंह की टीम विद्यालय पहुंची थी। जांच रिपोर्ट में दोनों अधिकारियों ने बताया कि बच्चे की मां व कुछ अन्य लोगों ने बयान में यह बताया कि बच्चे को पीटा गया है। बच्चे को मोमबत्ती से जलाया गया है। फिर इस बयान के बाद जब प्रभारी प्रधानाध्यापिका से पूछा गया तो उन्होंने आरोपों से इंकार किया। कहा कि उन्हें नियमानुसार स्कूल संचालित करने के कारण साजिशन फंसाया जा रहा है। विद्यालय के अन्य कर्मचारी व अध्यापकों ने लिखित रूप से बच्चे को मारने-पीटने की घटना की जानकारी से इंकार किया। जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर बीईओ गौर व सीडीपीओ गौर ने जांच रिपोर्ट में गांव के माहौल व बढ़ते जन आक्रोश को देखते हुए प्रभारी प्रधानाध्यापिका रुकइया अख्तर को किसी अन्य विद्यालय में संबद्ध करने की संस्तुति करने को कहा। बीएसए ने जांच रिपोर्ट के आधार पर प्रभारी प्रधानाध्यापिका को बीआरसी से संबद्ध कर वेतन रोक दिया है। बीएसए का कहना है कि प्रकरण की गहनता से जांच कराई जा रही है। जांच किसी तरह प्रभावित न हो, इसके लिए प्रभारी प्रधानाध्यापिका को बीआरसी से संबद्ध किया गया है। जांच में जो तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर अग्रिम कार्रवाई होगी।

# रैली निकालकर शत् प्रतिशत मतदान करने के लिए लोगों को किया गया जागरूक

स्वतंत्र प्रभात




**कटेहरी अम्बेडकरनगर।** जनपद अम्बेडकर नगर में 25मई को लोक सभा का चुनाव होना है।चुनाव में मत प्रतिशत बढ़े इसको लेकर अभी से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है और लोगों को वोट देने के लिए प्रेरित भी किया जा रहा है।जनपद अम्बेडकर नगर में वोट प्रतिशत बढाने के लिए जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को कार्यक्रम कर मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए एवं निर्देशित किया है इसी के तहत विकास खण्ड कटेहरी मे आज खण्ड विकास अधिकारी प्रमोद कुमार यादव के अगुवाई में विकास खण्ड परिसर मे सभी विभागों के सैकड़ों अधिकारियों एवं कर्मचारियों को वोट देने एवं लोगों को समझा बुझाकर वोट देने के लिए प्रेरित करने हेतु शपथ दिलाई गई ।इसके उपरांत खण्ड विकास अधिकारी द्वारा हरी झंडी दिखाकर मतदाता जागरूकता रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया गया ।मतदाता रैली विकास खण्ड मुख्यालय से कटेहरी बाजार होते हुए गौरा बसंतपुर तक फिर वही से निनामपुर तक निकाली गई सहायक विकास अधिकारी पंचायत दिनेश कुमार मिश्र के निर्देश पर सैकड़ों सफाई कर्मियों ने रैली मे हिस्सा लिया।

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में खण्ड विकास अधिकारी प्रमोद कुमार यादव, कार्यक्रम अधिकारी दिनेश राम, ए बी एस ए प्रिया पाण्डेय,सी डी पी ओ स्वर्ण लता सिंह ,चिकित्साधिकारी कटेहरी डा0अंकुश वर्मा, एडीओ आई एस बी अनिल कुमार सिंह, ए पी ओ अमरजीत ,ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष शिवकुमार मौर्य, ग्रा0पं0 अ0अनिल यादव, रामप्रताप ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के ब्लाक अध्यक्ष राम प्रीति, सोमनाथ कन्नौजिया, मोहम्मद इसरार, निजामुद्दीन, अमर बहादुर, विजय कुमार, कुलदीप कुमार, संतोष तिवारी, बी सी अजय तिवारी, अजीत वर्मा, लालजी राजभर,गौतम कुमार ,अखण्ड प्रताप सिंह, जितेंद्र कुमार, राधेश्याम, संतोष सिंह,मंगल कुमार, अभय कुमार ,किरन पाल,ज्योति मौर्या, रीता राभर,संगीता वर्मा,अध्यापकगण, आदि अधिकारी कर्मचारी गण मौजूद रहे।

# गैंसड़ी में ग्लोबल हॉस्पिटल को सील किया गया।

**बलरामपुर ।** बुधवार को जिला अधिकारी बलरामपुर के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी के निर्देश पर ग्लोबल हॉस्पिटल गैंसड़ी को सील कर दिया गया। सील करते समय अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संतोष कुमार श्रीवास्तव, उप निरीक्षक श्रवण कुमार वर्मा , डीएमओ राजेश पाण्डेय, वरिष्ठ सहायक राजेश कुमार हंस, डॉ जहांगीर आलम, अरविंद मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# संक्षिप्त ख़बरें

## प्रधानमंत्री के आगमन के कारण शहर में रहेगा रुट डायवर्सन

**कानपुर।** दिनांक 03.05.2024 की रात्रि 11:00 बजे से दिनांक 04.05.2024 की रात्रि 11:00 बजे तक कानपुर नगर में भारी वाहनों के प्रवेश वर्जित हैं आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति से सम्बन्धित वाहनों को प्रवेश की होगी अनुमति। कमिश्नरेट पुलिस ने सभी को अवगत कराते हुए कहा है कि दिनांक 04.05.2024 को सायंकाल कानपुर नगर में प्रधानमंत्री भारत सरकार का भ्रमण कार्यक्रम के साथ ही रोड शो प्रस्तावित है। उक्त कार्यक्रम में कानपुर नगर एवं उसके आस-पास के जनपदों से भारी संख्या में सम्बन्धित पार्टी के कार्यकर्ताओं के आने की संभावना है। उक्त भ्रमण कार्यक्रम के दृष्टिगत दिनांक 03.05.2024 की रात्रि 11:00 बजे से दिनांक 04.05.2024 की रात्रि 11:00 बजे तक कानपुर नगर में समस्त प्रकार के भारी वाहनों के प्रवेश प्रतिबंधित किये जाने का निर्णय लिया गया है। अतः आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति जैसे मेडिकल, दूध, सब्जी आदि से सम्बन्धित वाहनों के अतिरिक्त कोई भी भारी वाहन कानपुर नगर में प्रवेश नही कर पायेगा व कानपुर नगर की सीमा पर भी नही आ सकेगा।

## दबंगों ने ठेलिया चालक का छीना मोबाइल और पैसे

**मिश्रित सीतापुर/** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गौवापुरवा मजरा परसौली निवासी बालकराम पुत्र हरव्दारी ने प्रभारी निरीक्षक को एक सिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है। कि वह कस्बा मिश्रित में ठेलिया चलाने का कार्य करता है। बीते दिवस वह आठ बजे मिश्रित से अपनी ठेलिया लेकर घर जा रहा था। जैसे ही ग्राम संजराबाद निवासी भैयालाल पुत्र सोहन लाल की चक्की के सामने पहुंचा तभी सोहन लाल के पुत्र भैयालाल , पंकज , संजय ने उसे रोंक लिया। उसकी पर्स में रखे पांच सौ व मोबाइल रुपए छीन लिया। पीड़ित ठेलिया चालक ने मांमले का सिकायती पत्र प्रभारी निरीक्षक को देकर आरोपी के बिरुध्द कार्यवाही करने की मांग की है।

## अवार्ड शो के साथ हज़रत दिलदार शाह वारसी के उर्स का समापन



**महमूदाबाद-सीतापुर।** नगर के वार्ड सुन्दौली में हज़रत दिलदार शाह वारसी रहमतुल्लाह अलैह का तीन दिवसीय उर्स का आज समापन हो गया। इस उर्स में सांस्कृतिक कार्यक्रम, आतिशबाजी और जादूगरी शो के साथ अवार्ड शो का भी बेहतरीन प्रोग्राम हुआ। अवार्ड शो के मुख्य अतिथि व मोटिवेशनल स्पीकर मुकेश कुमार, एक्ट्रेस रवीना कुशवाहा, व एक्टर कमलेश मौर्य का सम्मान किया गया, तत्पश्चात जादूगर सलमान ने जादूगरी का प्रोग्राम दिखाया गया, आस्ताना सज्जादा फखरे आलम वारसी व दिल्लन वारसी ने सभी आये हुए जायरीनो व मुरीदीनो का स्वागत कर सभी के प्रति आभार प्रकट किया गया। इस मौके पर बाबा राजेन्द्र प्रसाद इलाहाबाद, तारकेश्वर प्रसाद, शमशेर वारसी व एहतिशाम वारसी झारखंड व बहुत से मुरीदीन, जायरीन व अकीदतमंद मौजूद रहे।

## प्राथमिक विद्यालय मामपुर में विद्यालय प्रबन्ध समिति बैठक का हुआ आयोजन



**हरदोई** टड़ियावां विकास खण्ड टड़ियावां के प्राथमिक विद्यालय मामपुर में 1 मई को विद्यालय प्रबन्ध समिति बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में उपस्थित एआरपी अभिषेक मिश्र ने लोगों को विद्यालय में बच्चों का अधिक से अधिक नामांकन कराने एवं बच्चों को नियमित समय से विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि समय बहुत तेज़ी से बदल रहा है। यदि आने वाले समय में आपका बच्चा अशिक्षित रह गया तो उसको किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है यह आप कल्पना भी नहीं कर सकते। विद्यालय में नामांकित सभी बच्चे नन्हे पौधे के समान है जिनको अभिभावकों के द्वारा समय-समय पर ध्यान देने की जरूरत है जिससे आने वाले समय मे बड़े होकर यह सभी आप लोगों के लिए फलदायी हों। इस समय खेतों में काटी जाने वाली फसल के चक्कर मे बच्चों को विद्यालय न भेजकर आप लोग अपनी इस फसल को बर्बाद कर रहे है। जिसकी भरपाई करना बहुत ही मुश्किल होगा। इसके साथ ही आगामी 13 मई को होने वाले लोकसभा निर्वाचन को एक उत्सव के रूप में मनाते हुए अधिक से अधिक लोग अपने मत का प्रयोग अवश्य करें। देश व समाज के हित में अपना वोट देकर विकास के भागीदार बने। उपस्थित सभी लोगों को मतदान की प्रक्रिया समझाकर मतदाता शपथ भी दिलायी गई। इस अवसर पर प्राथमिक विद्यालय मामपुर की प्रधानाध्यापक प्रेरणा दीक्षित के साथ समस्त विद्यालय स्टॉफ सदस्य शाम्भवी त्रिपाठी, शिप्रा गुप्ता, प्रीति मिश्रा, सुरेंद्र पाल एवं भारी संख्या में अभिभावक भी उपस्थित रहे।

# एक सप्ताह पहले बनी गुणवत्ता विहीन सड़क गड्ढे में तब्दील

स्वतंत्र प्रभात



**महमूदाबाद-सीतापुर।** नगर में गड्ढा मुक्त अभियान की पोल एक हफ्ता पहले बनी सड़क ने खोल दी है। लगभग 15 लाख से अधिक रुपए की लागत से नगर महमूदाबाद के वार्ड संगत में रामकुमार सैनी के घर से डॉ. वहाब के मकान तक 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत बनाई गई सड़क एक हफ्ते के अंदर ही एक बड़े गड्ढे में तब्दील हो गई। करीब चार सौ मीटर लंबी बनाई गई यह सड़क मानक के अनुरूप नहीं बनने के कारण सात दिन के अंदर ही सड़क की गिट्टियां उखड़ने लगी हैं और एक बड़ा सा गड्ढा हो गया है, जो हादसों की आशंका की ओर इशारा कर रहा है। फिर भी सम्बंधित ठेकेदार पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। अधिकारियों की लापरवाही के चलते राहगीरों को मजबूरन गड्ढे वाली सड़क में ही सफर करना पड़ रहा है। करीब सात दिन पहले महमूदाबाद नगर पालिका परिषद के वार्ड संगत में रामकुमार सैनी के मकान से डॉ. वहाब के घर तक नगर पालिका अध्यक्ष के घर के नजदीक एक डामर सड़क का निर्माण किया गया था। सड़क निर्माण की लागत लगभग 15 लाख से अधिक रुपए की थी। सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ होने की तिथि 27 फरवरी 2024 और कार्य पूर्ण होने की तिथि 25 अप्रैल 2024 कार्य योजना से संबंधित बोर्ड पर दर्शाई गई है। कार्यदाई संस्था ने लगभग 2 महीने के अंदर सड़क का निर्माण किया था, ऐसा कार्य योजना बोर्ड पर अंकित है। लेकिन सड़क निर्माण के दौरान ठेकेदार ने गुणवत्ता को शायद ध्यान में नहीं रखा। लिहाज़ा वह सड़क बने एक हफ्ता भी नहीं गुजरा और सड़क की गिट्टियां उखड़ने लगी हैं और एक बड़ा गड्ढा भी हो गया है। एक हफ्ते के अंदर सड़क की गिट्टियां उखड़ना और बड़ा गड्ढा हो जाना नगर के वार्ड वासियों में चर्चा का विषय बना हुआ है। गुणवत्ता विहीन सड़क पर चलने से लोग दुर्घटना के शिकार भी हो सकते हैं और गड्ढे में फंस कर वाहन भी खराब हो सकते हैं। नगर के कुछ समाजसेवियों का कहना है कि ठेकेदार ने सड़क निर्माण के दौरान मानक के अनुरूप मैटेरियल का उपयोग नहीं किया गया, जिसके चलते सड़क एक हफ्ते में ही बड़े गड्ढे में तब्दील हो गई। सड़क की गिट्टियां भी उखड़ने लगी हैं। सड़क खराब होने की जानकारी मिली है। जिसकी जांच करा कर उचित कार्रवाई की जाएगी। शैलेंद्र दुबे, अधिशासी अधिकारी।

# भाइयों के आपसी झगड़े में भाई की मौत, दो लोगों का इलाज जारी

स्वतंत्र प्रभात

**महमूदाबाद-सीतापुर।(त.सवांद)।** थाना सदरपुर अंतर्गत एक युवक द्वारा आपसी झगड़े में बड़े भाई सहित उसकी पत्नी व एक अन्य भाई को ईंट-अद्धों से मारपीट कर गंभीर रूप से चोट पहुंचाकर घायल कर दिया। घायलों को पुलिस द्वारा इलाज के लिए सीएचसी महमूदाबाद में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने एक युवक को देखते ही मृत घोषित कर दिया जबकि दो लोगों का इलाज चल रहा है। थाना सदरपुर के ग्राम सोंसा खाफा में मंगलवार की दोपहर राजेश पुत्र बनवारी उम्र 45 वर्ष अपने सगे भाई विजय उम्र 40 वर्ष व आशाराम उम्र 35 वर्ष के साथ बिलौली बाजार स्थित चौराहे पर मजदूरी करने गया था। बताया जाता है कज दोपहर में वहां से तीनों शराब पीकर वापस लौटे तो रास्ते में सोसा नर्सरी के पास तीनों के बीच शराब के नशे में मारपीट हुई। यहां से तीनों घर पहुंचे और राजेश को दोनों ने तख्त पर लिटा दिया।

शाम को पुनः आशाराम व विजय के बीच हुई मारपीट में ईंट और अद्धे चलने लगे। मारपीट में विजय, राजेश की पत्नी राजरानी उम्र 35 वर्ष व सीमा पत्नी विजय को चोटें आईं। मारपीट की सूचना पाकर डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और मामले को शातं कराते हुए घायलों की चोटें देखनी शुरू कीं। इस दौरान तख्त पर लेटे राजेश को पुलिस ने उठाने का प्रयास किया तो वे बेहोश मिले। आनन-फानन में पुलिस द्वारा सभी घायलों को इलाज के लिए सीएचसी महमूदाबाद लाया गया, जहां चिकित्सकों ने राजेश को देखते ही मृत घोषित कर दिया। घायल विजय, राजरानी व सीमा का इलाज महमूदाबाद सीएचसी में चल रहा है। आरोपी मृतक का छोटा भाई आशाराम घटना के बाद से फरार है। मृतक की पत्नी राजरानी ने शराब के नशे में धुत आशाराम पर अपने बड़े भाई को ईंट-गुम्मों व लात-घूंसों से हमलाकर मार डालने का आरोप लगाया है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक सदरपुर राकेश सिंह ने बताया कि दोपहर में तीनों ने एक साथ शराब पीकर खाफा नर्सरी के पास मारपीट की थी। शाम को हुई मारपीट के बाद मौके पर पहुंची पुलिस घायलो को लेकर सीएचसी महमूदाबाद लेकर आई थी जहां चिकित्सकों ने राजेश को मृत घोषित कर दिया है। राजेश की मौत का कारण स्पष्ट नहीं है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# दूरदर्शन पर रिकार्ड हुआ देवेन्द्र कश्यप 'निडर' का काव्यपाठ

स्वतंत्र प्रभात

**सिधौली।** यह समय चक्र चलता रहता जो कभी नहीं रुकने वाला, ये दौर तुम्हारा आया है फिर दौर हमारा आयेगा। इन पंक्तियों को कभी डॉ. देवेन्द्र कश्यप 'निडर' ने लिखा था। मगर उनको ये नहीं मालूम था कि ये पंक्तियां कभी उनके ऊपर ही सटीक उतरेंगी। बताते चलें कि क्षेत्र के अल्लीपुर गॉव निवासी डॉ देवेंद्र कश्यप 'निडर' ने कम समय में साहित्य के उत्कर्ष को स्पर्श किया है। इस श्रृंखला में दूरदर्शन ( डीडी यूपी ) लखनऊ के लोकप्रिय प्रोग्राम वन्स मोर में श्री निडर के काव्यपाठ की रिकार्डिंग हुई। इस जनप्रिय प्रोग्राम में देवेन्द्र ने सामाजिक सरोकार, मताधिकार प्रयोग और शिक्षा परक विषयों पर केन्द्रित काव्यपाठ की प्रस्तुतियॉ दी है। श्री %निडर% के इसके अतिरिक्त कई बार आकाशवाणी लखनऊ सहित तमाम निजी चैनलों से आलेख, कहानी, कविता के कार्यक्रम प्रसारित हो चुके हैं। इन्होंने पर्वत पुरुष दशरथ मॉझी के अभूतपूर्व संघर्ष पर केन्द्रित प्रबंध काव्य श्रमवीर को लिपिबद्ध किया है। जिसे पं. प्रताप नारायण मिश्र युवा पुरस्कार से पुरस्कृत भी किया गया है। बाल चेतना पर केन्द्रित रचना काश ! चिरैया हम भी होते को भी सृजित किया है। इसके अतिरिक्त अनेक स्फुट गीत, ग़ज़ल, मुक्तक , छंद आदि का लेखन किया है। उ प्र भाषा संस्थान




लखनऊ और राज्य हिंदी संस्थान बनारस से भी सम्मानित हो चुके हैं। देवेन्द्र कहते हैं कि साहित्य लेखन विरासत में नहीं अपितु स्वयं की रुचि के कारण फलीभूत हो हुआ है। मुझे साहित्य का विद्यार्थी होने पर फख़्र है।

## आगामी चुनाव को लेकर पूज्य संतो ने नैमिष की पावन भूमि से भरी हुंकार, हो शतप्रतिशत मतदान

● - विश्व हिन्दू परिषद पूज्य संतो के निर्देश में निकालेगी संत प्रवचन यात्रा।

स्वतंत्र प्रभात



**मिश्रित सीतापुर/** अट्ठासी हजार ऋषि मुनियों की पावन तपो भूमि नैमिषारण्य में पूज्य संत महंतो का आशीर्वाद लेकर विश्व हिन्दू परिषद ने आज शत प्रति शत मतदान करने के लिए रैली निकाली। उन्होने कहा कि इस समय लोकतंत्र का महापर्व चल रहा है। उसी क्रम में विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ताओं ने पूज्य संतो के निर्देशन में संत प्रवचन यात्रा अवध प्रान्त से 1 मई से 10 मई तक निकालेगा। इस यात्रा में अवध प्रान्त के सभी जिलों में पूज्य संत प्रवचन करेंगे और विभिन्न लोकसभा सीटों के अंतर्गत आने वाले गांवों में जायेगे। समांज में अपने प्रवचनों के माध्यम से राष्ट्रहित में मतदान हो व शतप्रतिशत मतदान करने का संकल्प दिलाएंगे। पूज्य देवेंद्रानन्द सरस्वती जी महाराज, श्री श्री 108 महंत नारायण दास जी महाराज, वनगढ़ आश्रम श्री संतोष दास खाकी जी महाराज व प्रांतीय मार्गदर्शन मंडल के सदस्य महंत प्रीतम दास जी, बड़ा हनुमान मंदिर मछरेहटा सनातनी बाबा आत्मप्रकाश जी व विश्व हिन्दू परिषद क्षेत्र संगठन मंत्री गजेंद्र जी, प्रान्त धर्माचार्य सम्पर्क प्रमुख विमल मिश्र जी, जिला प्रचारक पंकज, नगर कार्यवाहक सचिन, प्रान्त सहसयोजक बजरंगदल महेंद्र, जिलाध्यक्ष हरदोई आशीष माहेश्वरी जिला, मंत्री गौरव व अन्य कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर राम चरणदास, सरोज दीदी, विद्यानंद सरस्वती, सुरेशानंदजी, बालकराम दास, राम अटल दास समेत सैकड़ों संतो ने नैमिषारण्य से यात्रा निकाल कर कार्यक्रम की शुरुवात कर दी है।

# समाजवादी पार्टी मे अभिषेक दीक्षित जिला सचिव मनोनीत

● - ..मोहनलालगंज ब्लॉक की ग्राम पंचायत हुलास खेड़ा के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अभिषेक दीक्षित समाजवादी पार्टी मे जिला सचिव मनोनीत।

स्वतंत्र प्रभात





**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ मे बुधवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव एवं प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल के दिशा निर्देश पर लखनऊ जिलाध्यक्ष जय सिंह जयन्त ने मोहनलालगंज तहसील के गांव हुलास खेड़ा के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अभिषेक दीक्षित को जिला सचिव मनोनीत किया गया। जिला सचिव मनोनीत अभिषेक दीक्षित ने बताया कि समाजवादी पार्टी ने मुझे जो जिम्मेदारी दी है उस पर पूरे जोश के साथ पार्टी को मजबूती दिलाने का प्रयास करूंगा। इस मौके पर जिलाध्यक्ष जय सिंह जयन्त, ग्राम प्रधान धनुवासॉड कृष्ण शरण प्रद्युम्न सिंह , एडवोकेट श्रवण यादव एवं समाजसेवी दिलीप यादव मौजूद रहे।

# एक 14 वर्षीय किशोरी ने घर में फांसी लगाकर की जीवन लीला समाप्त

स्वतंत्र प्रभात

**कछौना, हरदोई।** कोतवाली क्षेत्र कछौना के अंतर्गत ग्राम चिरहकांटी मजरा कमीपुर में मंगलवार की रात को घर में एक किशोरी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना से परिजन काफी व्यथित हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चिरहकांटी मजरा कमीपुर निवासी अनिल मौर्य की पुत्री दिव्यांशी उम्र 14 ने मंगलवार की रात घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने पूरे मामले की सूचना कोतवाली कछौना को दी। घटना की सूचना पर कोतवाली कछौना की टीम व अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक जानकारी ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। इस घटना से परिवार के लोग



बदहवास हैं। फांसी लगाये जाने का कारण स्पष्ट नहीं है। परिजन चुप्पी साधे हैं, लोग पारिवारिक कलह, अवसाद, गंभीर बीमारी, नशा, कर्ज आदि समस्याओं से पीड़ित होने पर अवसाद में आकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर लेते हैं।

# प्रेमी ने ही की थी प्रेमिका की हत्या- गिरफ्तार

● - प्रेमिका ने प्रेमी से बात करना कर दिया था बंद, शादी भी कहीं और तय हो गई थी। गुस्से में गमछे से गला दबाकर की हत्या

स्वतंत्र प्रभात





**कानपुर।** थाना सजेती पुलिस ने एक युवती की हत्या के मामले में खुलासा करते हुए उसी के प्रेमी को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त का नाम विजय सिंह उर्फ हिम्मत सिंह पुत्र हुकुम सिंह निवासी रैपुरा थाना सजेती कानपुर है। पुलिस ने उक्त प्रकरण में जानकारी देते हुए बताया कि आज दिनांक अप्रैल को थाना सजेती के मु.अ.सं. 121/24 धारा 302 आईपीसी बनाम अज्ञात से सम्बन्धित हत्या की घटना का सर्विलांस टीम दक्षिण जोन कमिश्नरेट कानपुर नगर की मदद से सफल अनावरण करते हुए घटना करने वाले मुख्य अभियुक्त विजय सिंह उर्फ हिम्मत सिंह पुत्र हुकुम सिंह निवासी ग्राम रैपुरा थाना सजेती कानपुर नगर को मुखबिर खास की सूचना पर कस्बा भोगिनीपुर जनपद कानपुर देहात से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त से पूंछताछ की गयी तो उसने बताया कि वह गांव के ही युवती से पिछले तीन-चार साल से बात कर रहा था लेकिन विगत कुछ दिनों से उसने मुझसे बात करना बंद कर दिया था मैं उससे बात करना चाहता था मेरे द्वारा काल करने पर वह मेरा फोन काट देती थी और मुझे ब्लाक कर देती थी वह युवती मुझसे बात करना नहीं चाहती थी उसने यह बात अपने घर वालों को बता दी, उसके घरवालों ने मेरे घर पर मेरे मां बाप से शिकायत की थी जिसमें मुझे काफी डांट पड़ी थी और मेरे पापा ने मुझे मारा भी था जिससे मुझे बहुत गुस्सा आई और मैंने बदला लेने की ठान ली।

उसके बाद युवक ने युवती को फोन किया कि अच्छा अब काल नहीं करूंगा लेकिन एक बार आकर मेरी बात सुन लो और मैंने शाम करीब 07.30 बजे राजू सचान के खेत की तरफ बुलाया मैं पहले से वहां पहुंच गया था। शाम 07.30 बजे युवती आयी तो मैंने कहा कि मैं तुमसे बहुत प्यार करता हूं और तुम मुझसे बात क्यों नहीं करती तो उसने कहा कि मैं अब आपसे बात नहीं करना चाहती। मेरे घर वाले मेरी शादी करने वाले हैं इसलिये मुझे काल मत किया करो और चले जाओ नहीं तो शोर मचा दूंगी। इस पर मुझे गुस्सा आ गया और मैंने उसका गला पकड़कर वहीं गिरा दिया और उसके ऊपर बैठकर अपने हाथों से गला दबाकर जान से मार दिया । फिर मैंने अपने भगवा कलर के गमछे को उसके गले में बांधकर कस दिया कि कहीं जिन्दा तो नहीं है । फिर मैंने घसीटकर वहीं खेत में ही नीम के पेड़ के नीचे डालकर जंगल के रास्ते भाग गया और फिर कालपी, उरई, झांसी के रास्ते सूरत गुजरात भाग गया। आज मैं वापस घर आ रहा था कि किसी को कुछ पता नहीं चला सब ठीक है लेकिन पुलिस ने मुझे भोगिनीपुर से पकड़ लिया।

# प्रधानमंत्री के रोड शो को लेकर कमिश्नर ने किया रुट निरीक्षण

● - चप्पे-चप्पे पर रहेगी पुलिस की नजर, सभी संभ्रांत लोगों से की सहयोग की अपील, आवश्यक सेवाओं को छोड़कर बाहरी लोगों का प्रवेश वर्जित।

स्वतंत्र प्रभात





**कानपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 4 अप्रैल को कानपुर में रोड शो करेंगे उनके साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी होंगे। इसे लेकर कमिश्नरेट पुलिस पूरी तरह से चौकन्ना है और हर एक गतिविधि पर नजर रखी जा रही है।

दिनांक 4 अप्रैल को भारत के प्रधानमंत्री जी के कानपुर आगमन के प्रस्तावित कार्यक्रम के दृष्टिगत आज दिनांक 1 अप्रैल को थाना क्षेत्र नजीराबाद में पुलिस आयुक्त अखिल कुमार द्वारा अपर पुलिस आयुक्त लॉ एण्ड ऑर्डर, पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल, पुलिस उपायुक्त यातायात, अपर पुलिस उपायुक्त यातायात, सहायक पुलिस आयुक्त स्वरूपनगर, स्थानीय पुलिस बल एवं एसपीजी के अधिकारीयों के साथ सम्भावित रूट का एवं मार्ग की सुरक्षा व्यवस्था को देखा गया और सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये साथ ही गुरुद्वारा पहुंचकर गुरुद्वारा प्रमुख, सदस्यों व स्थानीय लोगों से मिलकर कुशलक्षेम ली। सिख समुदाय के सम्भ्रांत व्यक्तियों ने पुलिस आयुक्त को पग पहनाकर सम्मानित किया।

# तीसरी बार प्रधानमंत्री बने मोदी तो भारत बनेगा विकसित राष्ट्र- पूर्व सांसद

● - अमेरिका और रूस की तरह होगी भारत की छवि- सम्मेलन को संबोधित करते पूर्व सांसद गंगा चरण राजपूत

स्वतंत्र प्रभात



**शाहाबाद हरदोई।** अगर आप सबके सहयोग से नरेंद्र मोदी तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री बने तो भारत अमेरिका और रूस की तरह विकसित राष्ट्र होगा, और सभी वर्गो का संपूर्ण विकास हो जाएगा। यह बात पूर्व सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता गंगा चरण राजपूत ने कही। पूर्व सांसद शाहाबाद नगर में आर एन मैरिज हॉल में आयोजित पिछड़ा वर्ग महासम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। पूर्व सांसद सहित कई भाजपा नेताओं ने भाजपा को एतिहासिक विजय दिलाने की अपील की। आर एन मैरिज लान में भाजपा का पिछड़ा वर्ग सम्मेलन भाजपा के वरिष्ठ नेता सिद्ध प्रसाद मौर्य की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हमीरपुर के पूर्व सांसद भाजपा के वरिष्ठ नेता गंगा चरण राजपूत ने कहा भाजपा की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है, अगर तीसरी बार भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनती है तो पीओके पर तिरंगा फहराया जाएगा। भाजपा ने पिछले घोषणा पत्र में धारा 370 हटाने, यूसीसी लागू करने,राम मंदिर बनवाने की बात कही थी। तीनों मुख्य वादे भाजपा ने पूरे किए। यह सब मोदी की दृढ़ संकल्प और जनता के प्रति लगन का परिणाम है। दूसरी तरफ कांग्रेस आरक्षण खत्म कर दिए जाने का प्रचार कर रही है, उसने खुद 20 साल पिछड़ों को आरक्षण का लाभ नहीं लेने दिया। 1990 में जनता पार्टी की वीपी सिंह सरकार ने मंडल कमीशन की सिफारिश पर पिछड़ों को 27त्र आरक्षण देने का काम किया था। उस समय भाजपा समर्थित सरकार थी।भाजपा के प्रदेश मंत्री शंकर लाल लोधी ने कहा कांग्रेस धर्म का आरक्षण करना चाहती है, जो नहीं होने दिया जाएगा। भाजपा की डबल इंजन की सरकार ने दलित, पिछड़े, अति पिछड़े हुए लोगों को मुफ्त राशन,गैस कनेक्शन,आयुष्मान कार्ड,हर घर शौचालय सहित सभी योजनाओं का लाभ दिया।भाजपा सरकार में कई बार मंत्री रही प्रेम लता कटियार की बेटी नीलिमा कटियार ने कहा नारी शक्ति के लिए भाजपा ने नारी शक्ति मिशन लागू किया। राशन कार्ड में घर स्वामिनी के नाम करके उन्हे आत्म निर्भर बनाया, आज बहन बेटियों को कहीं आने जाने में भय समाप्त हो चुका है।कन्नौज जिले की तिर्वा विधान सभा से चौथी बार विधायक कैलाश राजपूत ने कहा भाजपा दलित और पिछड़ों के हितों की रक्षा की है। पिछड़ों को भी भाजपा के पक्ष में वोट करना चाहिए। देश में सबसे अधिक आबादी पिछड़े वर्ग की है, इसलिए देश में तीसरी बार भाजपा सरकार बनने पर लाभ भी पिछड़ों को अधिक दिया जाएगा। प्रदेश सरकार में उच्च शिक्षा राज्य मंत्री और क्षेत्रीय विधायक रजनी तिवारी ने क्षेत्रीय जनता से एतिहासिक वोट से विधान सभा जितवाने की अपील की। सांसद और भाजपा प्रत्याशी जय प्रकाश रावत ने अपने कार्यकाल में विकास कार्यों का ब्योरा देते हुए अगली बार और तेजी से विकास को गति देने का भरोसा दिलवाया। इसके अलावा सम्मेलन को शाहजहांपुर नगर निगम की महापौर अर्चना वर्मा,भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन,जिला पंचायत सदस्य लालाराम राजपूत,बिलग्राम चेयरमैन अनिल राठौर,एबी सिंह, वेदराम राजपूत आदि नेताओं ने भी संबोधित कर भाजपा प्रत्याशी को जीत दिलाने की अपील की। सम्मेलन के संयोजक अनिल सिंह राजपूत ब्लॉक प्रमुख ने सभी का आभार प्रकट किया।

# श्री कृष्ण जन्म सेवा दल द्वारा आयोजित हुआ 50वॉ हनुमान चालीसा व सुंदर कांड पाठ

स्वतंत्र प्रभात



**हरदोई।** अपने पचासवे मंगलपाठ के क्रम में श्री कृष्ण जन्म सेवा दल के सदस्यों ने भक्त प्रहलाद नगरी हरदोई के कई अन्य मंदिरो में एक साथ हनुमान चालीसा पाठ व् प्रभु राम जी के भजन कर माहौल को राम मय बना दिया 7 आज श्री कृष्ण जन्म सेवा दल के सदस्यों ने श्री गणेश साई मंदिर विभूति नगर, श्री शिव मंदिर कांशीराम कालोनी, श्री खाटू श्याम मंदिर रेलवेगंज, श्री महादेव मंदिर ग्राम काईमाऊ तथा श्री महावीर मंदिर गंज जलालाबाद मल्लावां में सस्वर हनुमान चालीसा का पाठ कर माहौल को भक्ति पूर्ण बना दिया।

महिला प्रकोष्ठ जिला प्रमुख विनीता पांडे के नेतृत्व में सांय 6 बजे विभूति नगर के श्री गणेश साई मंदिर में बहनों ने काफी संख्या में भाग लेकर हनुमान चालीसा, राम स्तुति ,बजरंग बाण व् आरती के साथ बजरंगबली जी का पूजन किया द्य इस अवसर पर संगीतमय सुंदर कांड के साथ प्रभु राम का गुणगान किया इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सनातन राष्ट्र तभी संभव है जब हर घर में हनुमान चालीसा पाठ के स्वर गूंजे इस मौके पर महिला संगठन की संयोजक सुधा गुप्ता, संघठन मंत्री अनीता मिश्रा, सह सयोंजक कंचन गुप्ता, नगर संयोजक रानी शुक्ला, प्रभारी अनीता गुप्ता, महामंत्री लक्ष्मी मिश्रा, नगर संयोजक आरती गुप्ता, सह संयोजक बीना त्रिपाठी, मंजु गुप्ता, मीनू सैनी, शशि गुप्ता, अनुपमा सिंह आदि ने सस्वर हनुमान चालीसा का पाठ किया।

महिला जिला युवा सह प्रभारी संध्या श्रीवास्तव के नेतृत्व में सांय 5 बजे कांशीराम कालोनी में स्थित श्री शिव मंदिर पर लोगो ने काफी संख्या में भाग लेकर हनुमान चालीसा राम स्तुति ,बजरंग बाण आरती के साथ सुंदर कांड का पाठ किया गया द्य इस मौके पर महिला युवा संगठन की पुष्पा श्रीवास्तव, कल्पना शर्मा, धीरज शर्मा, गीता शर्मा, अभिलाष श्रीवास्तव, उमाकांत त्रिवेदी, अनीता कटियार, अजय कटियार, अमन कटियार, विजय, पिंटू कश्यप, रिंकी सिंह, नैंसी, ज्योति सिंह, उत्तम सिंह, उत्कर्ष सिंह, राज शर्मा, रेशमा शर्मा, नितिन, सचिन, पूनम मिश्रा, संगीता, सरला गुप्ता आदि सदस्य शामिल रहे। महिला प्रभारी मंजू गुप्ता के नेतृत्व में श्री खाटू श्याम मंदिर रेलवेगंज में भजन गायक वेद प्रकाश गुप्ता राजू ने सभी को हनुमान चालीसा व् हनुमान अष्टक का पाठ करवाया पुजारी विश्वास पाठक व् पंडित रवि शंकर मिश्रा ने आरती व् पूजन अर्चन संपन्न कराया आरती के बाद प्रसाद वितरण हुआ इस मौके पर विजय अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, बेटियां फाउंडेशन की अध्यक्ष रेशमा गुप्ता, नीलम जिंदल, निधि देवल, अंशिका अग्रवाल, मुस्कान अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, ज्योति सिंह, आराध्या वर्मा, अक्षत अग्रवाल आदि मौजूद रहे। ग्राम काईमाऊ में युवा प्रभारी सुमित तिवारी के नेतृत्व में मंगल पाठ हुआ मल्लावां में आकाश गुप्ता व् वंश कटियार के नेतृत्व में काफी संख्या में मौजूद लोगो ने सामूहिक मंगल पाठ किया।

## संक्षिप्त ख़बरें

### बाइक चालक को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित हुआ ई-रिक्शा तालाब में कूदा



**शिवगढ़,रायबरेली।** क्षेत्र के भवानीगढ़ सूरजपुर सम्पर्क मार्ग पर स्थित बैंती कस्बे में सामने से आ रहे बाइक चालक को बचाने के चक्कर में ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर करीब 15 फुट गहरे तालाब में चला गया। गनीमत रही कि ई रिक्शा खाली होने की वजह से किसी प्रकार की जनहानि हुई , वहीं रिक्शा चालक बाल बाल बच गया। ग्रामीणों की मदद से किसी तरह ई रिक्शा को तालाब से बाहर निकाला गया। ग्रामीणों की माने तो तालाब में जिस स्थान पर ई-रिक्शा कूदा वहां पानी नहीं था वरना ई रिक्शा तालाब में डूब जाता।

### प्रेम प्रसंग में तंग आकर युवक ने पिया फिनायल

**शिवगढ़,रायबरेली।** थाना क्षेत्र के नगर पंचायत शिवगढ़ के रहने वाले 22 वर्षीय युवक प्रसुन्नदत्त ने प्रेम प्रसंग में तंग आकर फिनायल पी लिया, जिससे युवक की हालत बिगड़ गयी। जिसे परिजनों द्वारा आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवगढ़ ले जाएगा जहां उपस्थित चिकित्साधिकारी डॉ.अनिल कुमार ने युवक की हालत गम्भीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के पश्चात युवक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। युवक की मां राजरानी ने बताया उसके बेटे प्रसुन्नदत्त की 3 वर्ष से एक लड़की से बातचीत होती किन्तु पिछले 1 वर्ष से दोनों में बातचीत नही हो रही थी। उन्होंने बताया कि 1 साल बाद कल मंगलवार को लड़की ने फोन किया और घर आ गई बोली शादी करेंगे तो प्रसुन्नदत्त से ही शादी करेंगे। समझाया बुझाया गया कि लड़का अभी नौकरी की तैयारी कर रहा है नौकरी के बाद शादी की जायेगी, जिसको लेकर दबाव बनाने लगी। जिससे परेशान होकर सदमें उनके बेटे ने फिनायल पीकर आत्महत्या करने की कोशिश की। चिकित्साधिकारी डा.अनिल कुमार ने बताया युवक की हालत अच्छी नही है जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

### 07 मई को हज यात्री कराएं टीकाकरण

**रायबरेली-** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी महिमा ने बताया है कि हज 2024 पर जाने वाले जनपद रायबरेली के चयनित 88 हज यात्रियों को सूचित किया जाता है कि चयनित हज यात्रियों का टीकाकरण कार्यक्रम 07 मई 2024 को स्थान मदरसा जामिया उम्मुल मोमिनीन आयशा अल इस्लामियां लिल बनात बड़ा कुआं रायबरेली में पूर्वाह्न 10ः00 बजे से नोडल अधिकारी जिला संक्रामक कक्ष कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी रायबरेली की देख रेख में स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक व अन्य कार्मिकों द्वारा किया जायेगा तथा जिला हज ट्रेनर द्वारा हज के अरकान सम्बन्धी प्रशिक्षण/जानकारी दी जायेगी।

जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने हज 2024 पर जाने वाले चयनित हज यात्रियों से कहा है कि उक्त स्थान पर ससमय उपस्थित होकर टीका लगवाने/प्रशिक्षण की जानकारी दी जायेगी।

### 224 लोगो को वैक्सीन लगाई गई बाकी जो लोग रह गए है दो मई को वैक्सीन लगाई जायेगी

**रामपुर।** अंजुमन इस्लाह ए कौम में आज आजमीन ए हज को टीके लगाये गये। अंजुमन शोभा ए हज कनवीनर बाबू उबैद ने बताया अंजुमन इस्लाहे कौम में हज के लिए आजमीन हज के टीकाकारण आज सुबह 10 से दोपहर 1.30 बजे तक टीका करण संपन्न हुआ। जिसमे । ट्रेनर मारिजुल हक ने बताया इस साल रामपुर से सफर हज पर जाने वाले हाजियों की तादाद लगभग 857 हैं जिसमे आज और कल हाजियों को वैक्सीन लगाई जाएगी और टीकाकरण कैंप 4 मई को तहसील स्वार और 6 माई को तहसील टांडा में लगेगा। कमेटी हाजिये को सफर हज पर जाने के लिए फार्म भरने बैंक में पैसा डालने से लेकर हाजियों की ट्रेनिंग और उनकी फ्लाइट तक ट्रेनिंग दी जाती हैं।

इस मौके पर अंजुमन सदर सजीदुल हक, इरकान शमसी, शाहिद शमसी, हाजी वसीम, उमर अब्दुल्ला, हुमायूं वहीद, परवेज अख्तर शम्सी, फैसल अहमद, शूऐब शमसी, अफ्फानुल हक, हारिस शमसी, नजीर अहमद, जुबैर, उजैर अहमद आदि मौजूद थे।

## 4 जून को 400 पार - पूर्व सांसद दद्दन मिश्रा

**● पूर्व सांसद एवं जिला उपाध्यक्ष ने डोर टू डोर किया जनसंपर्क, चुनावी चौपाल के दौरान लोगों को किया संबोधित**



स्वतंत्र प्रभात

**गौरीगंज अमेठी।** श्रावस्ती के पूर्व सांसद दद्दन मिश्रा एवं अमेठी जनपद के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र शुक्ला ने अमेठी लोकसभा क्षेत्र के पलिया पश्चिम, सरेसर, मरौचा तेतारपुर, पूरबगांव, कपूरीपुर, दक्खनिवारा, पूरे पराग पांडे, जोरावरपुर, सहित अन्य गांव में चुनावी जन चौपाल को संबोधित किया तथा डोर टू डोर जाकर लोगों से 20 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में कमल का बटन दबाकर बीजेपी के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस दौरान चुनावी जन चौपाल को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद दद्दन मिश्रा ने कहा कि स्मृति इरानी के द्वारा कराए गए विकास कार्यों से राहुल गांधी डरे हुए हैं, और इसीलिए अमेठी में चुनाव लड़ने से डर रहे हैं उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को इस बात का डर है की जमानत जप्त हो जाएगी, क्योंकि जनता को मोदी की गारंटी पर भरोसा है और जनता ने स्मृति इरानी को पुनः जीताने का मन बना लिया है। इस दौरान उन्होंने कहा कि अमेठी सांसद ने अमेठी का सर्वांगीण विकास किया है, केंद्र की भाजपा सरकार एवं राज्य की भाजपा सरकार सेवा सुशासन और गरीब कल्याण की गारंटी देती है,मुफ्त राशन पानी और गैस कनेक्शन तथा किसान सम्मन निधि अगले 5 वर्ष तक मिलती रहेगी, पीएम सूर्य घर से जीरो बिजली बिल पर बिजली मुहैया कराई जाएगी, उन्होंने कहा कि 70 साल से ऊपर का हर बुजुर्ग चाहे वह गरीब हो,या मध्यम वर्ग का हो, या फिर उच्च मध्यम वर्ग का ही क्यों ना हो उन्हें 5 लाख तक के मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी, उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में 25 करोड लोग बहु आयामी गरीबी से बाहर निकल आए हैं, उन्होंने कहा भाजपा सरकार गरीब, गांव और समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्तियों के विकास के लिए समर्पित है। उन्होंने कहा पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश ने इन सारे आयामों को आगे बढ़ाने का काम किया है। आज पीएम आवास योजना के अंतर्गत 4 करोड़ पक्के घर बन चुके हैं और इस कार्य को आगे भी जारी रखा गया है। आज 50 करोड़ जनधन खातों में से 55.5 प्रतिशत जनधन खाते महिलाओं के नाम पर खोले गए हैं। देश में 10 करोड़ से अधिक गैस सिलेंडर उज्ज्वला योजना के अंतर्गत दिए जा चुके हैं 11 करोड़ से अधिक इज्जत घर देश भर में बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि अब भगवान राम टेंट में नहीं रहते भगवान राम का भव्य और दिव्य मंदिर बनकर तैयार हो गया है और भगवान रामलला अपने मंदिर में विराजमान हैं ,अमेठी सांसद ने भी लाखों घरों तक प्रसाद भिजवाने का कार्य किया है, तथा लाखों लोगों को मंदिर में प्रभु श्री राम के दर्शन कराने का कार्य किया है, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर अपनी भव्यता के साथ बन चुका है लोग महादेव के दर्शन कर रहे हैं। उन्होंने धारा 370 की समाप्ति एक भारत अखंड भारत पर भी विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने कहा यह तभी संभव हुआ जब आपने अपना मत भाजपा को दिया और देश में मोदी सरकार आई इसलिए विकास की गति निरंतर बनी रहे इसलिए आने वाले 20 मई को फिर कमल का बटन दबाए।इस दौरान साथ में जिला उपाध्यक्ष गिरीश चंद शुक्ला मण्डल अध्यक्ष राजेश सिंह, सेवानिवृत शिक्षक पूर्व जिलाध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ पारसनाथ पाण्डेय, पूर्व मण्डल अध्यक्ष नक़छेद दूबे, मण्डल महामंत्री प्रवेश दीक्षित, सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## मोहनगंज पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी

**● चोरी की 03 मोटरसाइकिल व 02 तमंचा 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ 02 अभियुक्त गिरफ्तार**



स्वतंत्र प्रभात

**अमेठी ।** जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में निरीक्षक राघवेन्द्र प्रताप यादव थाना मोहनगंज मय टीम द्वारा देखभाल क्षेत्र चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मोटरसाइकिल पर सवार 02 अभियुक्त हसन पुत्र छुट्टन निवासी खैराना थाना महराजगंज जनपद रायबरेली उम्र करीब 20 वर्ष व राजन दूबे पुत्र जमुना प्रसाद निवासी ओनडीह थाना मोहनगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 37 वर्ष को पाकरगांव के पास से गिरफ्तार किया। तलाशी से अभियुक्त हसन के कब्जे से 01 अदद तमंचा, 01 अदद जिन्दा कारसूत 315 बोर व अभियुक्त राजन दूबे के कब्जे से 01 अदद तमंचा, 01 अदद जिन्दा कारसूत 315 बोर बरामद हुआ । मोटरसाइकिल एचएफ डीलक्स यूपी 33 एसी 1093 के कागज मांगने पर दिखा न सके । पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि हमलोग इस मोटरसाइकिल को दिनांक 17.04.2024 की रात में शंकरगंज से चोरी किये थे हम दोनो चोरी करके मोटरसाइकिलों को बेचते है एवं अभियुक्तों ने बताया कि हम लोगो ने दो मोटरसाइकिल चोरी करके राजीव गांधी डिग्री काजेल के पीछे छिपा दिये है अभियुक्तों की निशानदेही पर बताये गये स्थान से एक बुलेट मोटरसाइकिल व हीरो एचएफ डीलक्स बरामद हुई । बरामद मोटरसाइकिलो के संबंध में पूछने पर बताये कि बुलेट मोटरसाइकिल यूपी 33 एयू 8431 को हम लोगो ने मिलकर कोटवा चौराहे से दिनांक 25.04.2024 को चोरी किये थे व हीरो एचएफ डिलक्स यूपी 36 एम 0021 को दिनांक 27.04.2024 को ग्राम भदसाना से चुराया था । गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गई।

## आरेडिका में निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का हुआ आयोजन




स्वतंत्र प्रभात

**लालगंज रायबरेली** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में मजदूर दिवस के उपलक्ष्य में निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ आरेडिका के महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा तथा आरेडिका महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा भारती मिश्रा द्वारा किया गया।

महाप्रबंधक ने बताया कि आरेडिका परिवार के कर्मचारियों के अच्छे स्वास्थ्य के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम बहुत ही लाभकारी हैं तथा भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम होते रहेंगें साथ ही उन्होने ग्लोब मेडिकेयर लखनऊ से आए डाक्टरों को सम्मानित किया।

जाँच शिविर में आरेडिका के लगभग 327 कर्मचारियों एवं उनके परिवारों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया और अपनी बीमारियों का जॉच करायी। इलाज के उपरान्त सभी लोगों के मन में संतोष का भाव था। शिविर में बीपी, ईसीजी, रक्त जाँच और पीएपी स्मीयर टेस्ट किया गया।

स्वस्थ्य जाँच शिविर में आए डा. गुप्ता ने बाताया कि आरेडिका का प्रांगण बहुत ही सुन्दर एवं स्वच्छ है आप सभी लोग अपने जीवन में इन पाँच क्रिया कलापों को अपनाऐ तो आपको किसी डाक्टर के पास जाने की जरूरत नहीं होगी। 1. अच्छी नीद 2. अच्छी धूप 3. संतुलित भोजन 4. सुबह टहलना एवं व्यायाम 5. अपने मन को संतुष्ट एवं संयमित रखना।

जाँच शिविर में ग्लोब मेडिकेयर लखनऊ से आयीं महिला रोग विषेषज्ञ डा. शाहीना तब्बसुम ने महिलाओं से संबंधित रोगों का उपचार किया तथा सामान्य महिला रोगों के बारे में जानकारी देकर महिलाओं को जागरूक किया। डा.शुभम श्रीवास्तव ने हड्डी रोगों का एवं डा. नितिन रंजन गुप्ता ने गैस्ट्रोएंटरोलॉजी के रोगियों का उपचार किया।

आरेडिका की पीसीएमओ आभा जैन ने ग्लोब मेडिकेयर लखनऊ से आए सभी डाक्टरों का धन्यवाद दिया और भविष्य में इस प्रकार के आयोजन के लिए आशावान्वित किया।

इस अवसर पर आरेडिका के, पीएफए हमीम अहमद, पीसीईई हरीश चन्द्र,पीसीएससी रमेश चन्द्र, पीसीपीओ रूपेश श्रीवास्तव, रेलवे महिला कल्याण संगठन की सदस्याएँ तथा आरेडिका अस्पताल के डाक्टर एवं स्टाफ सहित उच्च अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## निःशुल्क प्याऊँ लगाकर विद्यार्थियों ने चलाया मतदाता जागरूकता व सड़क सुरक्षा अभियान



स्वतंत्र प्रभात

**अम्बेडकर नगर।** विश्व श्रमिक दिवस पर स्थानीय गांधी स्मारक इंटर कॉलेज,राजेसुलतानपुर के विद्यार्थियों व शिक्षकों सहित पूरे स्टाफ ने नगर पंचायत राजेसुलतानपुर के विभिन्न मार्गों पर निःशुल्क प्याऊँ लगाते हुए वृहद स्तर पर सड़क सुरक्षा व मतदाता जागरूकता अभियान चलाया।जिसकी पूरे क्षेत्र में व्यापक सराहना हो रही है। ज्ञातव्य है कि शिक्षण-अधिगम में जिले में अपनी विशिष्ट पहचान रखने वाले उक्त कॉलेज द्वारा सदैव विभिन्न सामाजिक व पाठ्येत्तर क्रियाकलापों में बढ़चढ़कर प्रतिभाग किया जाता रहा है।जिसके ही क्रम में विगत दिवस शिक्षकों व कर्मचारियों द्वारा मतदाता जागरूकता हेतु बाइक रैली के आयोजन के पश्चात आज निःशुल्क प्याऊँ लगाते हुए आम राहगीरों को रूह आब्जा व नींबू मिश्रित शर्बत पिलाते हुए आगामी 25 मई को सर्वप्रथम मतदान और उसके बाद अन्य आवश्यक कार्यों को करने हेतु जागरूक किया गया तथा मतदान के महत्त्वों को समझाया गया।इसीक्रम में बाइक तथा चौपहिया सवारों को हेलमेट और सुरक्षा बेल्ट लगाने हेतु भी जागरूक किया गया।

आयोजित मतदाता जागरूकता के अनूठे कार्यक्रम के बाबत प्रधानाचार्य कप्तान सिंह ने बताया कि विद्यार्थियों के अंदर समाजसेवा व राष्ट्रीय कर्तव्यों को पूर्णतः विकसित करने व आमजनों को जागरूक करने हेतु ऐसे कार्यक्रम विद्यालय समय समय पर आयोजित करता रहता है।जिसमें पूरे स्टाफ सहित सभी विद्यार्थियों की मनोयोगपूर्वक प्रतिभागिता सुनिश्चित की जाती है।

निःशुल्क प्याऊँ कार्यक्रम में रासेयो के स्वयंसेवियों के साथ अन्य विद्यार्थियों व विद्यालय के शिक्षकों तथा अन्य कार्मिकों ने बढ़चढ़कर प्रतिभाग किया।

## धार्मिक उन्मान एवं शान्ति व्यवस्था विगाड़ने की सम्भावना पर गिरफ्तारी गलत - अमोदकंठ

**●क्रासर- इंचार्ज मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने किया रिमांड निरस्त, विवेचक से मांगा स्पष्टीकरण**




स्वतंत्र प्रभात

**रायबरेली ।** इंचार्ज मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अमोदकंठ ने बछरावां थाना क्षेत्र के टेला बरौला गांव में धार्मिक चबूतरे को तोड़ने व धार्मिक उन्मान फैलाने के आरोपियों की पुलिस रिमाण्ड की याचना को न केवल खारिज कर दिया, बल्कि अभिरक्षा में मौजूद तीनों आरोपियों को रिहा भी कर दिया। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि मात्र धार्मिक उन्मान एवं शान्ति व्यवस्था बिगाड़ने की सम्भावना के आधार पर पुलिस लोगों को गिरफ्तार करना शुरू कर देगी तो वह किसी भी व्यक्ति को बिना किसी पर्याप्त आधार तथा बिना उच्चतम न्यायालय द्वारा प्रतिपादित सिद्धान्तों का पालनें किये दण्ड प्रक्रिया संहिता के नियमों की अवहेलना करते हुए गिरफ्तारी किये जाने का बिना कोई कारण दर्शाते हुए हिरासत में ले लगी। जिससे संविधान में प्रतिपादित अनुच्छेद-21 के अधिकार नागरिकों को नहीं प्राप्त हो सकेंगे। अदालत ने कहा कि अभियुक्त महफुजुलहक, सनी खां उर्फ मजहरूलहक तथा मजम्मिल खां की अपराध संख्या-283/2024 धारा-147, 295 व 506 में गिरफ्तारी स्वीकार करने का आधार पर्याप्त नहीं है। इसके अलावा अदालत ने अभियुक्तों के वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेन्द्र सिंह भदौरिया की इस दलील को स्वीकार किया कि पुलिस ने धारा-41ए, दप्रसं की नोटिस का तामीला नहीं कराया है, जो आवश्यक था। न्यायालय ने अपने आदेश में कहा कि उच्चतम न्यायालय की विधि व्यवस्था अरनेश कुमार-बनाम-बिहार राज्य एवं अन्य क्रि.अ.सं.-127/2014 में यह विधि व्यवस्था दी गयी है कि सभी मामले जिनमें सजा 7 वर्ष से कम है ऐसे मामले में धारा-141ए, दं.प्र.सं. का नोटिस दिया जाना अनिवार्य है, साथ ही मजिस्ट्रेट पर यह दायित्व है कि ऐसे मामले में सामान्य तथा मैकेनिकल रूप में रिमांड स्वीकृत नहीं किया जाना चाहिए। अदालत का मानना था कि पुलिस ने केस डायरी में ऐसा कोई उल्लेख नहीं किया है कि अभियुक्त ने विवेचना में सहायता अथवा भागने का कोई प्रयास किया तथा जांच में सहयोग न करने का कोई कोई कथन किया हो। इसके अलावां अभियुक्तों को जिन धाराओं में हिरासत में लिया गया है वे अपराध जमानतीय प्रकृति के हैं। न्यायाधीश ने मामले की विवेचना कर रहे विवेचक सुमन कुमार कुशवाहा से एक सप्ताह के अंदर स्पष्टीकरण मांगा है कि क्यों न माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेश की अवहेलना करने के कारण प्रक्रीर्ण वाद दर्ज कर कार्यवाही की जाय। बहरहाल जिस तरह से इस मामले को लोगों ने तूल पकड़ाकर अपनी राजनीतिक रोटी सेकनी चाही उसकी अदालत में पोल खुल गई।

## डीएसओ के नेतृत्व में जनपद के सभी तहसीलों में गैंस सिलेन्डरों पर ''25 मई मतदान जरूरी'' का स्टीकर चस्पा कर उप जिलाधिकारी/तहसीलदार द्वारा हरी झंडी दिखाकर वाहनों को किया रवाना

**●स्वीप के अंतर्गत गैंस सिलेन्डरों पर ''25 मई मतदान जरूरी'' का स्टीकर चस्पा कर वोट की अनूठी पहल**

**25 मई को महिलाएं परिवारजनों के साथ वोट करने के बाद ही बनाये नास्ता-भोजन-डीएसओ**

**'25 मई मतदान जरूरी'' चस्पा स्टीकर युक्त गैंस सिलेन्डर वाहनों द्वारा निकाली गयी मतदाता जागरूकता रैली**




स्वतंत्र प्रभात

**भदोही** - भारत निर्वाचन आयोग व मुख्य निर्वाचन अधिकारी उ0प्र0 के मंशानुरूप जिला निर्वाचन अधिकारी विशाल सिंह के मार्गदर्शन व निर्देशन में नोडल अधिकारी स्वीप/मुख्य विकास अधिकरी यशवंत कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद के विभिन्न स्कूल,कालेजों, कार्यालयों, संस्थाओं द्वारा स्वीप के अंतर्गत मतदाता जागरूकता संबंधी विभिन्न कार्यक्रम प्रतिदिन संचालित किये जा रहे है। नोडल अधिकारी स्वीप ने बताया कि सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम अर्थात स्वीप के अन्तर्गत जनपद में मतदान का प्रतिशत बढ़ाये जाने हेतु विविध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर जनपदवासियों को 25 मई को अनिवार्य रूप से मतदान करने के लिए प्रेरित व जागरूक किया जा रहा है।

इसी क्रम में आज मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत जिला आपूर्ति अधिकारी सीमा सिंह के नेतृत्व में जनपद के सभी तहसीलों में गैंस सिलेंडर डिलिवर करने वाली वाहनों पर 25 मई मतदान जरूरी, पहले मतदान, फिर जलपान। छोड़ दो अपने सारे काम, पहले करो मतदान, आओ मिलकर अलख जगाये, शत्-प्रतिशत मतदान कराये, कालीन है जिसकी पहचान, उसे है लोकतंत्र पर अभिमान, आदि स्लोगन युक्त बैनर, फ्लैक्स के माध्यम से मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया। जिसके क्रम में तहसील भदोही में तहसील संजय कुमार, तहसील औराई में उप जिलाधिकारी आकाश कुमार द्वारा तहसील ज्ञानपुर में तहसीलदार अजय सिंह द्वारा गैंस सिलेन्डरो पर 25 मई मतदान जरूरी का स्टीकर चस्पा कर वाहन मतदाता जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। ''बनो देश के भाग्य विधाता, अब जागो प्यारे मतदाता, सशक्त लोकतंत्र के लिए,वोट है जरूरी'' विषयक संदेशों से जागरूक किया गया।

जिला पूर्ति अधिकारी सीमा सिंह ने बताया कि गैंस सिलेन्डर का प्रयोग किचन में होता है जहॉ प्रतिदिन महिला मतदाताओं का अधिकांश समय गुजरता है। सिलेन्डर पर ''25 मई मतदान जरूरी'' स्टीकर महिलओं को जागरूक करने के साथ ही साथ उनकों याद दिलायेगा कि 25 मई को परिवारजनों के साथ जाकर अपने बूथ पर वोट करना है। साथ ही महिलाएं 25 मई को वोट देने के बाद ही खाना-पिना बनाये तथा अंगुली पर नीली स्याही का निशान देखकर ही घर के पुरूष मतदाताओं को नास्ता भोजन दे।

## एम्बुलेंस के फर्जी मरीज का आये दिन हो रहा नया खुलासा



**●जीवीके मस्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी पस्त**

**दर्जनों जिले में मीडिया सर्वे चालू अन्य जिलों में भी जल्द होगा खुलासा**

**आगे आगे तू उसके पीछे पीछे मै मीडिया और जीवीके के बीच चल रहा खेल**

स्वतंत्र प्रभात

**अम्बेडकर नगर।** सरकार लाख दावा करें हमारा देश और समाज भ्रष्टाचार मुक्त रहेगा परन्तु सरकार के ही अधिकारी कर्मचारी और सरकारी सिस्टम में घुसी प्राईवेट कंपनी सरकार को ऐसा चूना लगाती है सरकार समझ नहीं पाती। बात कर रहे हैं विगत कई दिनों से दैनिक समाचार पत्र स्वतंत्र प्रभात की टीम सरकारी सिस्टम में घुसी जीवीके कम्पनी का भंडाफोड़ करने में जुटी है जीवीके कम्पनी पूरे उत्तर प्रदेश में एम्बुलेंस का संचालन करती है परन्तु इस कम्पनी द्वारा अगर देखा जाए तो पूरे प्रदेश में प्रतिदिन करोड़ो का पूरे प्रदेश में सरकार का चुना लगा रही है जमीन पड़ताल में यहां तक सामने आया एम्बुलेंस को प्रतिदिन 3-4 मरीज वास्तविक मिलते हैं परन्तु इनकी गाड़ी प्रतिदिन 35से 40 मरीज दिखाती है क्योंकि इनको टारगेट दिया जाता है जिससे छोटे कर्मचारी उल्टा सीधा इधर उधर से फोन कराकर गाड़ी दौड़कर अपना टारगेट पूरा करते हैं क्योंकि किसी भी सरकारी अस्पताल पर इसका लेखा जोखा नहीं रहता है इसमें बड़े अधिकारी कर्मचारी के मिले होने का साक्ष्य मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दे दिया गया है और जांच कमेटी गठित हो गई है।अगर देखा जाए तो मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा गठित जांच टीम का एम्बुलेंस संचालक करने वाली कंपनी के ऊपर जरा सा फर्क नहीं पड़ रहा है और आये दिन बगैर मरीज की गाड़ी दौड़ती हुई मीडिया के हाथों में लग रही आगे आगे एम्बुलेंस की गाड़ी उसके पीछे पीछे मीडिया चल रही है विगत दिनों सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसखारी में दो एम्बुलेंस बिना मरीजों के मीडिया के हाथों लगी और जांच टीम गठित हुई उससे बेपरवाह नगपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर एम्बुलेंस द्वारा बिना मरीज की गाड़ी दौड़ती हुई मीडिया के हाथ आई इससे साबित होता मुख्य चिकित्सा अधिकारी जीवीके कम्पनी के आगे बेबस और लाचार है। और लगातार छोटे कर्मचारी द्वारा कहा जा रहा नौकरी करनी तो टारगेट पूरी करनी है इसका जीता जागता उदाहरण कम्पनी के जिले के सबसे बड़े अधिकारी द्वारा बताया गया है अब तो कम है 2017 के पहले इससे ज्यादा फर्जी वाड़ा होता है कुल मिलाकर बड़े कर्मचारी द्वारा चालकों से जबरदस्ती फर्जी काम कराया जा रहा है क्योंकि इसका साबूत आडिटर अभय के रूप में देखा गया बसखारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर कुल मिलाकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी का कुछ भय नहीं है इसमे कहा जा सकता है या तो मुख्य चिकित्सा अधिकारी की मजबूरी कुछ होगी या तो मोटी कमाई के चक्कर में एम्बुलेंस कंपनी के उपर शिंकजा नहीं कस रहे हैं।ग्रामीणो का आरोप है जरूरत पड़ने पर एम्बुलेंस मिलती नहीं है पर आये दिन बिना मरीज की गाड़ियां दौड़ती है और इनसे उनसे फोन कराकर टारगेट पूरा करती है। इसके साथ यह भी है मीडिया द्वारा दर्जनों जिले में आंतरिक सर्वे चालू कर दिया गया है और जो रिपोर्ट सामने आ रही है प्रदेश के अन्य भागों में ऐसे फर्जी वाड़ा हो रहा है और आने वाले दिनों में कयी जिलों में एक साथ मामला उजागर हो सकती है।

# दुबई में होम्योपैथिक डॉक्टरों का होगा सम्मान

● - होम्योपैथिक गैस्ट्रोइंटेरोलॉजिस्ट और इम्मुनोलॉजिस्ट का मिलेगा अवार्ड

स्वतंत्र प्रभात




**उन्नाव।** उन्नाव और शुक्लागंज रहने वाले होम्योपैथिक डॉक्टरों द्वारा होम्योपैथिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर दुबई के बुर्ज अल अरब दुबई में बर्नट होम्योपैथिक प्राइवेट लिमिटेड द्वारा आयोजित वर्ल्ड हेल्थ समिट सीजन टू में बेस्ट होम्योपैथिक गैस्ट्रोइंटेरोलॉजिस्ट और इम्मुनोलॉजिस्ट अवार्ड जुलाई माह में दिया जायेगा। डॉक्टरों का नाम आने पर परिवार के सदस्यों में खुशी की लहर दौड़ गई। इसके साथ ही उन्होंने जिले का नाम रोशन किया है।

बताते चलें कि नगर के गंगाघाट के सुभाष नगर निवासी मधु होम्यो केअर के होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ0 निखिल सिंह चौहान को दुबई में सम्मानित किया जाएगा। चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए वर्ल्ड हेल्थ समिट सीजन टू में बेस्ट होम्योपैथिक गैस्ट्रोइंटेरोलॉजिस्ट अवार्ड के लिए चुने गए है। इसके अलावा उन्नाव के पाटन में रहने वाले होम्योपैथिक डॉक्टर मनमोहन गुप्ता को बेस्ट होम्योपैथिक इम्मुनोलॉजिस्ट अवार्ड दिया जायेगा। जहां देश के तमाम होम्योपैथिक डॉक्टर मौजूद रहेंगे। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान के लिए चयन से घर, परिवार व उनके शुभचिंतकों में खुशी की लहर दौड़ गई। डॉ0 निखिल ने बताया कि 7 जुलाई 2024 को दुबई के बुर्ज अल अरब दुबई में बर्नट होम्योपैथिक प्राइवेट लिमिटेड द्वारा आयोजित वर्ल्ड हेल्थ समिट सीजन टू में उन्हें सम्मानित किया जायेगा। वहीं बता दें कि निखिल को इससे पहले उन्हें उत्तराखंड में राइजिंग स्टार अवार्ड 2023 मिल चुका है। उससे पहले नागपुर में ऑल इंडिया होम्योपैथिक रिसर्च सबमिट 2023 में ऑल इंडिया यूथ अवार्ड भी मिल चुका है। इसके अलावा मलेशिया में केंट होम्योपैथिक लेबोरेटरी की तरफ से डॉ हरदेव प्रसाद मेमोरियल अवार्ड से भी सम्मानित किया जा चुका है।

# टोल बचाने के चलते बढ़ रहा दुर्घटनाओं का खतरा



स्वतंत्र प्रभात

**नवाबगंज (उन्नाव)।** लखनापुर-नवाबगंज मार्ग पर लगातार हो रही दुर्घटनाओं के बावजूद रफ्तार कम होने का नाम नहीं ले रही है। इसी कड़ी में कोरारा गाँव के सामने फिर से एक अनियंत्रित डीसीएम पलट गयी। गनीमत रही कि हादसे में चालक व परिचालक दोनों बाल-बाल बच गये। बताते चलें कि टोल टैक्स बचाने के चक्कर में लखनापुर-नवाबगंज रास्ते से हजारों की संख्या में बड़े वाहनों का आवागमन होता है। जिनकी स्पीड इतनी ज्यादा होती है कि कोई मरे या जिये इनसे कोई मतलब नहीं रहता। ट्रक ड्राइवरो का कुछ दिन पूर्व में लखनापुर गांव में एक बच्चा घायल हो गया था और कोको-कोला के पास एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई थी। बड़े ट्रक हो या डंफर इन गाड़ियों की स्पीड इतनी होती है। सामने वाला जिए या मरे इन लोगों से कोई मतलब नहीं होता। आए दिन कोई ना कोई दुर्घटना होती रहती है। इस रोड पर जब से अजगैन रेलवे पुल का निर्माण कार्य शुरू हुआ है। तब से नवाबगंज-लखनापुर मार्ग पर फर्राटे मारते हुए बड़े वाहनों का आवागमन इतनी तेजी से चालू हो गया है कि यह लोग नेशनल हाईवे पर बने टोल टैक्स बचाने के चक्कर में इसी रोड से मोहान रोड होते हुए लखनऊ जाते हैं। शासन-प्रशासन देखकर भी अनजान बना हुआ।

# असलहे के साथ रील बनाते युवक का वीडियो वायरल

स्वतंत्र प्रभात



**बांगरमऊ (उन्नाव)।** बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के रहने वाले एक युवक ने सोशल साइट पर असलहे के साथ रील बनाकर अपलोड की। जिसे कुछ लोगों ने वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होते ही जिले के आलाधिकारियों ने संज्ञान लिया और युवक के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश दिये हैं। जिस पर पुलिस युवक का पता लगाने में जुट गयी है। हालांकि अमृत विचार डॉट कॉम ऐसे किसी भी वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। बता दें कि बुधवार को सोशल साइट पर एक 14 मिनट का वीडियो वॉयरल हुआ। जिसमें एक युवक हाथ में अवैध असलहा के साथ रील बनाता हुआ दिखाई पड़ रहा है। रील में बैकग्राउंड म्यूजिक बज रही है और उसमें असलहा खोलते हुए कह रहा है कि उम्र देख कर अंदाजा मत लगाइयों, क्या कह रहे हो छोरे तेरे यार के चर्चे बहुत दूर दूर तक हैं। रील का वीडियो वॉयरल होने पर उन्नाव के पुलिस अधिकारियों ने संज्ञान में लिया और वीडियो की जांच पड़ताल कर युवक के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश दिये हैं। वीडियो बांगरमऊ क्षेत्र का बताया जा रहा है। वहीं बांगरमऊ पुलिस ने युवक का पता लगाने के लिये खोज बीन शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि वॉयरल वीडियो संज्ञान में आया है, युवक का पता लगाया जा रहा है, उसके खिलाफविधिक कार्यवाही की जायेगी।

# भाजपा विधायक रोजमर्रा की चोरियों से आजीज आए दुकानदारों का दुख बांटने आए लेकिन व्यापारियों नआडे हाथों लेते हुए जमकर खूब खरी खोटी सुनाई

स्वतंत्र प्रभात

**नागल/सहारनपुर।** गए थे नमाज बख्शने रोजे गले पड़ गए वाली कहावत आज उसे समय चरितार्थ हो गई जब क्षेत्रीय भाजपा विधायक रोजमर्रा की चोरियों से आजीज आए दुकानदारों का दुख बांटने के लिए नागल कस्बे में आए थे। लेकिन बस स्टैंड पर व्यापारियों ने उन्हें 35 लाख रुपए की ज्वेलरी की दुकान में चोरी घटना के मामले में आडे हाथों लेते हुए जमकर खूब खरी खोटी सुनाई। बताते चलें कि कस्बा नागल में दुकानदारों के बाहर रखें नमक के बैग, लाल व पीली मिट्टी कट्टे बाइक पर सवार दो युवक प्रतिदिन चोरी कर रहे थे, इनका चोरी करते हुए विडियों भी वायरल हो रहा है, जिसको लेकर व्यापारियों में खासा रोष व्याप्त है। इन व्यापारियों का दुख बांटने हेतु क्षेत्रीय भाजपा विधायक देवेंद्र निम नागल आए तथा व्यापारियों से मिलकर रोज हो रही चोरियों की बाबत जानकारी ली। इसी दौरान वे बस स्टैंड स्थित ज्वेलर्स अरुण तायल की दुकान पर भी पहुंचे जहां व्यापारियों ने अरुण तायल के यहां हुई 35 लाख रुपए के जेवरात चोरी के मामले में अभी तक पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई न किए जाने पर विधायक को खूब खरी खोटी सुनाई। अरुण तायल ने कहा कि यहां पर सभी लोग भाजपा के समर्थक हैं लेकिन जिस तरह से पुलिस ने उनके यहां हुई चोरी के मामले को दबाया वह बेहद शर्मनाक है। शुरू शुरू में पुलिस ने उस रात यहां से गुजरने वाले सभी लोगों के मोबाइल चेक किए थे उसके बाद इस मामले में कुछ संदेहप्रदों द्वारा यहां से भाग जाने की जानकारी मिली थी उसके बाद पुलिस ने क्या किया उसकी जानकारी कोई देने को तैयार




नहीं है। विधायक ने इस संबंध में उच्च अधिकारियों से मिलने का वादा करके व्यापारियों को शांत किया ओर चलते बने।

इस अवसर पर मुख्य रूप से हरीश त्यागी,कपिल डावर, मनमोहन सिंह मोनी, राजीव त्यागी, मुकेश महेश्वरी, संजीव विश्वकर्मा,मनोज उपाध्याय, अरुण त्यागी, विकास नगली,श्रवण तायल, अभिनंदन, प्रधान पति बिरम, राकेश पहलवान आदि शामिल रहे।

# सड़कों का निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूरा करें: संजय चौहान

● - स्मार्ट सिटी सीईओ ने किया स्मार्ट सिटी के तहत निर्माणाधीन स्मार्ट रोड का निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात

**सहारनपुर।** स्मार्ट सिटी के सीईओ/नगरायुक्त संजय चौहान ने बुधवार की सुबह करीब छह बजे से नौ बजे तक स्मार्ट सिटी योजना के तहत निर्माणाधीन विभिन्न स्मार्ट सड़कों का निरीक्षण किया और गुणवत्ता पर निगरानी के साथ कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। शहीद गंज में निर्माण कार्य की धीमी गति पर उन्होंने नाराजगी भी जतायी। सड़कों का निर्माण मै. आर सी सी डेवलपर्स लि.के माध्यम से कराया जा रहा है। स्मार्ट सिटी सीईओ संजय चौहान आज सुबह घंटाघर स्थित भगतसिंह रोड पहुंचे और कार्य शीघ्रातिशीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। नेहरु मार्केट में अभी फिनिशिंग का कार्य शेष है, जिसे उन्होंने योजनाबद्ध तरीके से जल्दी पूरा करने को कहा। चौकी सराय चौराहे पर भी उन्होंने रोड साइड में टाइल्स का कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए।

महावीर मार्केट में उन्होंने सुधारात्मक कार्यो पर बल देते हुए अधिशासी अभियंता जल निगम को पत्र लिखने के निर्देश दिए। जल निगम द्वारा यहां सीवर लाइन डालने के बाद उसे ठीक नहीं किया गया। शहीद गंज में निर्माण कार्य की प्रगति धीमी पाये जाने पर नगरायुक्त ने नाराजगी जताई और कार्यदायी संस्था को श्रमिकों की संख्या बढ़ाकर निर्माण कार्य की गति तेज करने के निर्देश दिए। सीईओ संजय चौहान ने पुल खुमरान से चिलकाना रोड-2 पर सीसीरोड व ब्लैक टॉप का कार्य शीघ्र आरंभ करने और उसे 15 दिन में पूरा करने के निर्देश दिए। इसके अलावा कोर्ट रोड़-2 (कचहरी पुल से अनुपम स्वीट्स तक) पर पुरानी क्षतिग्रस्त सीवर लाइन की सही स्थिति का पता लगाने के लिए उन्होंने रोबोटिक सर्वे कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि इस रूट पर सीवर लाइन के रेस्टोरेशन अथवा नवनिर्माण पर



निर्णय होने के उपरान्त ही एल.एच.एस. में बी.सी. (बिटुमिनस कॉरपेट) का कार्य कराया जाये। दिल्ली रोड पर निरीक्षण के दौरान स्मार्ट सिटी अधिकारियों ने बताया कि बी.सी का कार्य तेजी से किया जा रहा है और एडवांस मशीनरी पी.टी.आर. का प्रयोग किया जा रहा है। सीईओ संजय चौहान ने सभी कार्यो की गुणवत्ता पर जोर देते हुए कहा कि गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जायेगा। उन्होंने उसके लिए अधिकारियों को निगरानी बरतने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान डीजीएम सिविल दिनेश सिंघल, अधिशासी अभियंता अमरेंद्र गौतम व प्रोजेक्ट मैनेजर जितेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# अक्षरा सिंह का स्वामी विवेकानंद राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए हुआ चयन

स्वतंत्र प्रभात

**सहारनपुर।** जिला फुटबॉल एसोसिएशन लगातार सहारनपुर में फुटबॉल की प्रतिभाओं की खोज करती हुए खिलाड़ियों को प्रोत्साहन एवं आगे बढ़ने का पथ दिखाने का कार्य करती है। इसी श्रृंखला में सहारनपुर के न्यू मक्खन कॉलोनी निवासी अक्षरा सिंह पुत्र श्री जी एस विद्यार्थी का चयन स्वामी विवेकानंद राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता में दिल्ली की टीम से हुआ है। इस प्रतियोगिता का प्रसारण दिनांक 2 मई से यूट्यूब पर दिखाया जाएगा। अक्षय ने फुटबॉल की विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन दिखाते हुए हमेशा जीत हासिल की है। ज्ञात हो कि आयु वर्ग 16, 17 एवं 19 में अक्षय इंडिया फुटबॉल कैंप में लगातार 3 साल तक प्रशिक्षण भी प्राप्त कर चुका है।

चयन होने पर सचिव सहारनपुर अमित कुमार चौधरी, उप सचिव नितिन भार्गव, मुख्य कोच प्रशिक्षण अश्वनी कुमार एवं



पाइनवुड कोच बृजेश कुमार ने अक्षय को इस उपलब्धि पर बधाई दी एवं मार्ग प्रशस्त करते हुए भविष्य में भी सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया। इस उत्साह के अवसर पर क्रीड़ा अधिकारी अनिमेष सक्सेना, काशी यादव एवं क्रीड़ा भारती के संयोजक रविकांत धीमान ने फुटबॉलर अक्षय को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर वरिष्ठ कोच रंजीव सैनी, कोषाध्यक्ष सतीश कुमार एवं सहारनपुर के खेल शिक्षक कीरत सिंह, संदीप पवार, अरविंद कुमार, अनुज, मुस्तकीम, मोहित, उदयवीर, धर्मवीर, मनोज पवार आदि का भी सानिध्य रहा।

# खाटू श्याम कलयुग में भक्तों का कल्याण करते हैं: कलेंद्रानंद महाराज



स्वतंत्र प्रभात

**सहारनपुर।** राधा विहार महाशक्ति पीठ वैष्णवी महाकाली मंदिर से चमत्कारी श्री खाटू श्याम मंदिर वार्षिकोत्सव के उपलक्ष में श्री खाटू श्याम पालकी यात्रा अवसर पर स्वामी कलेंद्रानंद महाराज ने कहा श्री खाटू श्याम कलयुग में भक्तों का कल्याण करते हैं। श्री खाटू श्याम कलयुग के जागृत देव हैं। श्री रामकृष्ण विवेकानंद संस्थान के तत्वाधान में आयोजित श्री खाटू श्याम पालकी यात्रा आज 7 दिन के लिए प्रारंभ हुई, श्री चमत्कारी खाटू श्याम मंदिर के वार्षिक उत्सव के उपलक्ष में आज पालकी यात्रा दिल्ली रोड से प्रारंभ हुई जिसमें श्याम बाबा को लेकर सभी श्याम प्रेमी स्वामी कालेद्रानंद जी महाराज जी के सानिध्य में पैरामाउंट से प्रारंभ हुई स्टेट बैंक कॉलोनी ,शिव विहार, कमल कॉलोनी ,शारदा नगर, लेबर कॉलोनी, भक्तों के यहां श्याम बाबा का भव्य स्वागत हुआ और श्याम बाबा की पूजा की गई ,सभी जगह श्याम बाबा की कृपा भक्तों पर बरसती रही।

पालकी यात्रा अवसर पर स्वामी कलेंद्रानंद जी महाराज ने कहा खाटू श्याम एक ऐसा बलिदानी चरित्र है जिसमें जगत की समस्त शक्तियां निहित है बिना समर्पण एवं त्याग के सृष्टि में कुछ प्राप्ति नहीं होती है श्याम बाबा ने धर्म की वेदी पर अपने शीश का बलिदान किया तब भगवान श्री कृष्ण ने उन्हें अपनी समस्त शक्तियां प्रदान की और अपना रूप और नाम देकर आने वाले कलयुग में जागृत देव होने का वरदान दिया अर्थात इस सृष्टि में जो व्यक्ति अपने मन कर्म वचन से समर्पित भाव से इस जगत में सेवारत रहकर अपने जीवन को धर्म के लिए अर्पण करता है वह जीव अपने आप में एक इतिहास बन जाता है एक कथा बन जाता है एवं एक अमर चरित्र बन जाता है जिसका अनुसरण आने वाली पीढ़ियां करती रहती हैं इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपना जीवन समर्पित भाव से जीना चाहिए। महाराज श्री ने कहा खाटू श्याम चरित्र एक ऐसा अमर संदेश है जो किसी भी चरित्र को महान बना देता है जो उनके चरित्र के भाव को पूर्णता धारण करता है, यह भगवान श्री कृष्ण का श्याम बाबा को वरदान है जैसे-जैसे कलयुग बढ़ेगा वैसे-वैसे श्याम बाबा की महिमा प्रचार एवं प्रसार बढ़ेगा। उन्होंने कहा अपना देश राष्ट्र और समाज इस आधार की मांग करता है कि आप समर्पित भाव से अपने धर्म राष्ट्र के लिए अपने जीवन को धर्म की वेदी पर अर्पण कर एक नया संदेश स्थापित करें यही जीवन का यथार्थ सत्य है इस अवसर पर रमेश चंद्र शर्मा ज्ञानेंद्र पुंडीर भूपेंद्र सिंह अमित वर्मा दिनेश ठाकुर नरेश चंदेल दिनेश धीमन सनी कंबोज सागर गुप्ता वर्षा किरण विवाह संगीता प्रेमवती रेनू पूनम आदि रहे।

# निगम को लाभ देने वाले कूड़ा निस्तारण संयत्र का चयन करें: नगरायुक्त

● - नगरायुक्त ने बेहट रोड स्थित कूड़ा निस्तारण केंद्र का किया निरीक्षण

नगरायुक्त ने शहर की साफ सफाई में और सुधार लाने के भी दिए निर्देश



स्वतंत्र प्रभात

**सहारनपुर।** नगरायुक्त संजय चौहान ने निगम अधिकारियों के साथ आज बेहट रोड स्थित घुन्ना महेशरी में निर्माणाधीन कूड़ा निस्तारण केंद्र व शहर के कूड़ा कलेक्शन केंद्रों तथा एमआरएफ सेंटर का निरीक्षण किया और अधिकारियों को साफ सफाई तथा कार्य में सुधार के सम्बंध में निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण भी शुरु होने वाला है उसे ध्यान में रखकर भी तैयारियां की जाएं।

नगरायुक्त संजय चौहान आज दोपहर निगम अधिकारियों के साथ बेहट रोड स्थित घुन्ना महेशरी में नगर निगम द्वारा बनवाये जा रहे कूड़ा निस्तारण केंद्र पहुंचे और पूरे संयत्र का भ्रमण कर वहां मौजूद कार्यदायी संस्था सीएंडईएस के सहायक अभियंता से ट्रीटमेंट प्लांट, कलेक्शन प्लांट,कम्पोस्ट कलेक्शन शेड आदि की जानकारी ली। उन्होंने जानना चाहा कि बारिश के दौरान वहां एकत्रित कूड़े-कचरे से जो पानी निकलेगा उसके ट्रीटमेंट के लिए क्या व्यवस्था रखी जायेगी। लेकिन कार्यदायी संस्था के सहायक अभियंता पूरी जानकारी नहीं दे सके। इस पर उन्होंने अधिकारियों को सीएंडईएस के पीडी को ड्राइंग-डिजाइन सहित बुलाकर मिटिंग कराने के निर्देश दिए।

अधिकारियों ने नगरायुक्त को बताया कि उक्त स्थल पर संयंत्र लगाने का प्रस्ताव बीपीसीएल से प्राप्त हुआ है, अभी उनके द्वारा सर्वे किया जा रहा है। नगरायुक्त ने कहा कि कोई भी एजेंसी चाहे बायोडिजल प्लांट लगाये या वेस्ट एनर्जी प्लांट, लेकिन हमें वह तकनीक चुननी होगी जिससे निगम लाभान्वित हो सके। उन्होंने अधिकारियों को बीपीसीएल से उनके संयत्र के अलावा उनके रेवेन्यू मॉडल पर भी बात करने का सुझाव दिया। इसके अलावा उन्होंने शहर के अनेक कूड़ा कलेक्शन सेंटरों तथा बेहट रोड पर एसडी कॉलेज के निकट एमआरएफ सेंटर का भी निरीक्षण किया। उन्होंने एमआरएफ सेंटर पर बिजली कनेक्शन अविलंब कराने के निर्देश दिए ताकि कूड़ा पृथक्करण के लिए सेंटर पर स्थापित मशीनों का सही उपयोग किया जा सके। नगरायुक्त ने कूड़ा कलेक्शन पर तैनात सफाई कर्मियों से भी कार्य की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे यह सुनिश्चित कराएं कि कार्य के दौरान सभी सफाई कर्मचारी निगम की डेऊस में रहे। उन्होंने सफाई कार्य में और सुधार के आदेश दिए। नगरायुक्त ने आज सुबह भी शहर में भ्रमण कर कूड़ा कलेक्शन सेंटरों व शहर की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान प्रशिक्षु आईएएस चलुवराजु आर, अपर नगरायुक्त एस के तिवारी, नगर स्वास्थय अधिकारी रमेश चंद गुप्ता, जेडएसओ राजीव चौधरी, मुख्य सफाई निरीक्षक चंद्रपाल व इंद्रपाल, कार्यदायी संस्था सीएंडईएस के सहायक अभियंता शांतिस्वरुप आदि मौजूद रहे।

# हिन्दू रक्षा दल के कार्यकर्ताओ ने जलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**सहारनपुर।** हिन्दू रक्षा दल के कार्यकर्ताओ ने जिलाध्यक्ष राजन पंडित के नेतृत्व मे अपनी मांगो को लेकर एक ज्ञापन सहारनपुर के जिलाधिकारी को सौपा। ज्ञापन मे उन्होने गाये छोडने वाला के खिलाफ सख्त से सख्त कारवाई करने की मांग की। हिन्दू रक्षा दल के कार्यकर्ताओ ने जिलाध्यक्ष राजन पंडित ने बताया कि सहारनपुर के अन्दर सड़को पर जो लोग पालतू गाये छोड देते है। वह कूड़ा-करकट खाकर अपना पेट भरती है। और कई बार हादसों का भी शिकार हो जाती है। गाये छोडने वाले लोगों पर सख्त कारवाई की किये जाने के संबंध मे हमने एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौपकर करवाई करने की मांग की। उन्होने बताया कि हिन्दू रक्षा दल गाये को अपनी सुरक्षा में लेकर कानूनी कार्यवाही करेगा। ज्ञापन देने वालो मे हिन्दू रक्षा दल के जिलाध्यक्ष राजन पंडित, जिला महामंत्री गौरव कौरी, रिशभ समेत कई कार्यकर्ता शामिल रहे।

# संक्षिप्त ख़बरें

## दिन रात चल रहे लकड़कट्टों के कुल्हाड़े

**उन्नाव।** औरास थाना क्षेत्र के अन्तर्गत हरे पेड़ों पर बेखौफहोकर आरा चल रहा है। वन विभाग, उद्यान विभाग और पुलिस विभाग की खाऊ-कमाऊ नीति के चलते लकड़कट्टों के कुल्हाड़े दिन रात चल रहे हैं। बताते चलें कि औरास थाना क्षेत्र के नरसा गांव से बीते दिनों में शासन प्रशासन से बेखौफलकड़ी ठेकेदार पांच प्रतिबंधित महुआ के पेड़ काट कर लाद ले गए। बीट वनरक्षक शिवम कुमार रविवार को क्षेत्र भ्रमण पर नरसा गांव गए थे। वहां ग्रामीणों से जानकारी हुई कि गांव के ही अमृत पाल के खेत से पांच महुआ के प्रतिबंधित हरे भरे पेड़ लकड़ी ठेकादार काट ले गए है। यह एक बानगी है। जबकि आए दिन क्षेत्र में प्रतिबंधित हरे भरे पेड़ो कटान लगातार अनवरत रूप चल रहा है। जिम्मेदार मूक दर्शक बने हुए हैं। जानकारी होने पर सोमवार को बीट वनरक्षक शिवम कुमार थाने पहुंच कर लकड़ी ठेकेदारों के खिलाफवन अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही हैं।

## गत दस वर्षों से नहीं हुई पशु क्रूरता की बैठक

**उन्नाव।** जिले में पशु क्रूरता को लेकर विभागीय अधिकारी लापरवाह हैं। लगभग 10 साल से जीव जन्तु कल्याण बोर्ड की बैठक नहीं हुई। जबकि नियमतः प्रत्येक तीसरे माह में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में यह बैठक होनी चाहिए। पशुपालन विभाग इस बैठक को करने के लिए लगभग 10 सालों से समय नहीं निकाल पाया। जनपद में पशुपालन विभाग द्वारा प्रत्येक तीसरे माह जीव जन्तु कल्याण बोर्ड की बैठक कराता है, जिसमें पशुओं की समस्याओं पर नामित सदस्य अपने विचार रखते हैं। पशु वधशालाओं, पशु क्रूरता अधिक भार आवारा पशुओं, बीमार पशुओं के कल्याण के लिए इस बैठक में निर्णय लिये जाते रहे हैं। लेकिन गत 10 वर्षों से जीव जन्तु कल्याण बोर्ड की बैठक करना अधिकारियों ने मुनासिब नहीं समझा। जिसका परिणाम है कि आवारा पशुओं की गौ-आश्रय स्थलों की अव्यवस्था ट्रांसपोर्टिंग में क्षमता से अधिक पशुओं को लाना ले जाना आदि समस्याएं बनी हुई हैं।

## तमंचा सहित युवक गिरफ्तार

**उन्नाव।** एक युवक को शक के आधार पर पकड़ा गया, जहां जामा तलाशी में युवक के पास एक अवैध देशी तमंचा तथा दो जिंदा कारतूस बरामद किये गये। युवक के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही करते हुए जेल भेंजा गया। बताते चलें कि उपनिरीक्षक सियाराम चौरसिया ने बुधवार सुबह कस्बे के राजाबाजार तिराहे से मोहल्ला दलीगढ़ी निवासी नसीम उर्फमिट्ठू को पकड़ लिया। शक के आधार पर तलाशी लेने पर नसीम के पास से एक तमंचा व दो कारतूस बरामद हुए। जिस पर उसे थाने लाया गया। कोतवाल कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि आरोपियों युवक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्जकर उसे न्यायालय में पेश किया गया जहां से जेल भेजा गया हैं।

## खाना बनाते समय गैस सिलेंडर से छप्पर में आग

**परियर (उन्नाव)।** सदर तहसील के पनपथा गांव में मनोज पुत्र रामकिशन निषाद की पत्नी मायके गयी थी। मनोज खर पतवार से बने बंगले में खाना बना रहा था। खाना बनाते समय गैस सिलेंडर से आग छप्पर में लग गई। जब तक ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया, तब तक छप्पर सहित पूरा बंगला जल गया और उसमें रखा 30 बोरी गेहूँ, 2 बोरी लाही, घरेलु सामान जल गया। मौके पर परियर पुलिस चौकी प्रभारी राकेश कुमार तिवारी, क्षेत्रीय लेखपाल दीपचंद, प्रदीप कमल ने पहुंचकर नुकसान का आंकलन कर तहसील में रिपोर्ट भेजी।

## सात बार किया गया हनुमान चालीसा का पाठ



सहारनपुर। शाकुन्तलम वेलफेयर सोसाइटी द्वारा सात बार हनुमान चालीसा पाठ श्री सालासर बालाजी मंदिर दिल्ली रोड पर किया गया जिसमे डॉक्टर गोपाल शर्मा के मुखारबिंद से हनुमान चालीसा और भजन पर सभी उपस्थित भक्त जनों ने भी सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ ताली बजाते हुए किया। इस अवसर पर भारी संख्या में भक्तजन मौजूद रहे। शाकुन्तलम वेलफेयर सोसाइटी की तरफ से अध्यक्ष शरद भार्गव, महामंत्री श्रीमती तमन्ना खनिजों, कोषाध्यक्ष श्री बी डी शर्मा जी, मुख्य संरक्षक श्री नंद किशोर तलवार जी,वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री लोकेश अग्रवाल जी, धार्मिक प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष गोपाल चोपड़ा, मंत्री शालिनी चोपड़ा जी, अरविंद शर्माजी, सुबोध खनिजों, रमन अग्रवाल, मांगे राम, अजेश शर्मा, सरिता शर्मा, एवम अश्वनी शर्माजी, सौरभ घई, मान्या घई, समीर मदान, वैभव गुप्ता, सरदार रूबल सिंह आदि सदस्य उपस्थित रहे।इस अवसर पर आदरणीय गुरु अभिषेक महाराज ने शाकुन्तलम वेलफेयर सोसाइटी द्वारा हनुमान चालीसा के प्रति जागरूक अभियान की दिल खोल कर प्रशंसा के अतिरिक्त किसी भी तरह के सहयोग का आश्वासन भी दिया। इस मौके पर शहर के लोकप्रिय विधायक राजीव गुंबर ने भी भाग लिया।आज के कार्यक्रम के प्रसाद की सेवा श्रीमती तमन्ना जी और श्री सुबोध खनिजों जी द्वारा की गई।

## भयंकर आग लगने से घर में रखा दहेज का सामान जलकर स्वाहा



**सहारनपुर।** नूर बस्ती उपवन विहार कॉलोनी निवासी नफीस उर्फ काला के घर में देर रात्रि भयंकर आग लग गई जिसमें घर का सामान वे लड़की के दहेज के लिए रखा गया सामान भी जलकर राख हो गया। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मचारियों ने लाइट कटवा कर पहले आग पर काबू पाया और फिर उसका बचा हुआ सामान अंदर से निकलवाया जिसमें स्थानीय लोगों ने भी बढ़कर हिस्सा लिया और सामान निकलवाया। इस बारे में जानकारी देते हुए नफीस ने आरोप लगाया कि उनके घर में रंजीशन आग लगाई गई।

## निवर्तमान जिला पंचायत सदस्य धर्मेंद्र सिंह बने भारतीय जनता पार्टी आयुष्मान भारत अभियान के लोकसभा सह प्रभारी



**सुलतानपुर** – पूर्व जिला पंचायत सदस्य धर्मेंद्र सिंह को भारतीय जनता पार्टी ने बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। धर्मेंद्र सिंह को भारतीय जनता पार्टी ने आयुष्मान भारत अभियान का सुल्तानपुर लोकसभा का सह प्रभारी नियुक्त किया है। धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि पार्टी द्वारा जो भी जिम्मेदारी सौंपी गई है उसका इमानदारी से निर्वाहन करुंगा और पार्टी का जो आयुष्मान भारत अभियान है इसके सुल्तानपुर जिले के हर घर तक पहुंचाने का प्रयास है जिससे एक भी लाभार्थी वंचित न हो इस अभियान में जो 70 साल कि आयु पूर्ण कर चुके हैं उनका फार्म भरकर आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा जिससे उनको सरकार द्वारा दी जाने वाली 5 लाख की मदद का लाभ मिल सके। अभियान को तेजी देने के लिए भाजपा के 26 मण्डलों में अभियान के मण्डल प्रभारी नियुक्त कर दिए गए हैं जो इस अभियान को गति प्रदान करेंगे। धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि हमारी पार्टी का एक ही लक्ष्य है विकास और विकसित भारत इसलिए कोई भी पात्र व्यक्ति किसी भी योजना के लाभ से वंचित नहीं रहेगो।

## डीएम पंहुचे सेंट्रल वेयर हाउस, जांची ईवीएम की सुरक्षा

सुरक्षा कर्मियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश



**सहारनपुर।** जिला मजिस्ट्रेट डॉ0 दिनेश चंद्र जनता रोड स्थित सेंट्रल वेयर हाउस में पहुंचे और वहां रखी ईवीएम की सुरक्षा व्यवस्था को जांचा। ईवीएम की सुरक्षा को लेकर डीएम बेहद संवेदनशील हैं। डॉ0 दिनेश चंद्र बुधवार को सेंट्रल वेयर हाउस पर पहुंचे और काफी देर तक जांच-पड़ताल की। उन्होंने पिछले दिनों की सभी सीसीटीवी फुटेज निकलवाकर चेक की। वहां तैनात अर्धसैनिक बल के जवानों और पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए कि किसी वाहन को अंदर नहीं जाने दिया जाए। यदि कोई अधिकारी भी निरीक्षण को आ रहे हैं तो उनकी कार को चेक करें और उनकी पूरी पहचान करने के बाद ही अंदर जाने दिया जाए। सहारनपुर और कैराना लोकसभा सीट पर 19 अप्रैल को चुनाव हुआ था। मतदान के बाद ईवीएम को सेंट्रल वेयर हाउस में कड़ी सुरक्षा में रखे गए हैं। यहां अर्धसैनिक बलों और पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। पूरे सेंट्रल वेयर हाउस में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। एक कंट्रोल रूम बनाया है, जहां पर एलईडी लगाई गई है। डीएम सेंट्रल वेयर हाउस पहुंचे और कैमरों के अलावा ईवीएम की सुरक्षा परखी। इस अवसर पर उनके साथ अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व श्री रजनीश कुमार मिश्र सहित पुलिस के अधिकारी मौजूद रहे।

# संक्षिप्त ख़बरें

## जिले में साठा धान के रोपण पर लगाएं रोक

**पीलीभीत** जिले में साठा धान के रोपण को प्रतिबंधित किया गया था। इसके बाद भी किसान इसको लगा रहे हैं। अब इस पर रोकथाम के लिए डीएम ने सभी उप जिलाधिकारियों को इसे रोकने और किसानों को जागरूक करने के निर्देश दिए हैं।

जारी आदेश में कहा गया है कि पूर्व में जारी कार्यालय आदेश 29 दिसंबर 2019 एवं 02 मार्च 2020 के तहत जनपद में साठा धान की फसल को पूर्णतः प्रतिबंधित किया जा चुका है। फिर भी इस आशंका से इन्कार नही किया जा सकता है कि कुछ कृषकों ने साठा धान की नर्सरी डालकर रोपण किया है।

ऐसी स्थिति में गोमती नदी में जल प्रवाह प्रभावित हो रहा है। कहा गया है कि समस्त उप जिलाधिकारी पूर्व के आदेश के क्रम में साठा धान न लगाने के लिए कृषकों के मध्य व्यापक प्रचार प्रसार करें। अपने-अपने कार्य क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर लेखपालों के माध्यम से कृषकों को ग्रीष्मकालीन साठा धान न लगाने के लिए प्रेरित करने के लिए कहा है।

## 202 ग्राम चरस के साथ दंपती व पुत्रियां गिरफ्तार

**पीलीभीत** अमरिया बृजवीर सिंह ने बताया कि पुलिस ने एक सूचना के आधार पर मोहनस्वरूप उर्फ डॉक्टर, उसकी पत्नी राधा, पुत्रियों हिमांशी और शिवानी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 202 ग्राम अवैध स्मैक और तमंचा, कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट का मुकदमा दर्ज करके जेल भेज दिया है।

## विवाहिता ने देवर पर लगाया छेडखानी और मारपीट का आरोप।

### आरोपी समेत पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज।



**बरेली/देवरनियां।** कोतवाली क्षेत्र के एक कस्बे की रहने वाली विवाहिता का आरोप है कि उसकी शादी चार माह पूर्व पीलीभीत जिले के एक कस्बे मे हुई थी। शादी के बाद से उसका एक देवर उस पर बुरी नजर रखता था। विवाहिता का आरोप है,जब उसने अन्य ससुरालियों से इसकी शिकायत की तो उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया गया। इसके बाद वह अपने मायके मे थी । तभी 25 अप्रैल को उसका देवर अकेला पाकर उसके मायके मे आ गया ।और उसके साथ छेडखानी करने लगा,शोर मचाने पर उसके साथ मारपीट की। पड़ोसियों ने आकर उसे बचाया।

पुलिस ने इस मामले मे विवाहिता की तहरीर पर पति रिजवान? अहमद, देवर जुबैर सुब्हानी पर छेडखानी और मारपीट, जबकि पति रिजवान? अहमद, दुसरे देवर मोहम्मद शुऐब,नूरिश,रेशमा,अनवार हुसैन के खिलाफ मारपीट की धाराओं मे रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इंस्पेक्टर देवेंद्र सिंह धामा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है,आरोपी जल्दी गिरफ्तार होगें

## 40 वर्षीय युवक का शव संदिग्ध अवस्था में चारपाई पर मिलने से ग्रामीणों में हड़कंप

मृतक के बेटे ने अपनी मां पर पिता की हत्या करवाने के लगाए गंभीर आरोप



**लखीमपुर खीरी।** थाना धौरहरा की ग्राम पंचायत हौंकना मटेरा मंजरा रानी पुरवा में 40 वर्षीय युवक घनश्याम का शव बुधवार सुबह को चारपाई पर मिला। संदिग्ध अवस्था में शव मिलने को लेकर गांव में चर्चा है कि पत्नी ने पति की हत्या कराई है। महिला के संबंध गांव के व्यक्ति से हैं। महिला कई लोगों से संबंध बना चुकी थी। पति उसकी हरकतों का विरोध करता था। एक वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें मृतक का बेटा अपने पिता की हत्या होने की बात कह रहा है। वह कह रहा है कि उसकी मां ने किसी को बुलाकर पिता की हत्या कराई है। प्रभारी कोतवाली धौरहरा दिनेश सिंह का कहना है कि हत्या मामले की जानकारी मिली थी। पुलिस सूचना पर मौके पर पहुंचीं। प्रथम दृष्टया मामला प्रेम प्रसंग का बताया जा रहा है। तहरीर मिलने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# साझेदार से धोखाधड़ी कर 16.50 लाख रुपये हड़पे

स्वतंत्र प्रभात




**जहानाबाद** भट्ठे में लाभ होने पर दो साझेदारों की नीयत में खोट आ गया। उन्होंने अपने एक साथी के 16 लाख 50 हजार रुपये हड़प लिए। कोर्ट के आदेश पर जहानाबाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

थाना जहानाबाद क्षेत्र के गांव गोंछ निवासी अमानत हुसैन ने कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि हिंद ब्रिक फील्ड में वह 12 प्रतिशत की हैसियत से साझेदार था। शेष हिस्से में क्षेत्र के ही गांव खमरिया पुल निवासी सद्दाम हुसैन व गांव शाही निवासी फैजल खान हिस्से दार थे।

उसने भट्ठे में 12 लाख रुपये लगाए थे। लाभ की राशि में करीब 4.50 लाख रुपये उसके हिस्से में आए। इसके बाद साझेदारों की नीयत में खोट आ गया। साझेदारों ने उसकी मूल राशि 12 लाख, लाभ की राशि 4.50 लाख कुल 16.50 लाख रुपये देने में टाल मटोली की

इसके बाद उसने उक्त लोगों को नोटिस भेजा। तब से दोनों साझेदार उससे रंजिश मानने लगे। 24 अप्रैल को शाम चार बजे उसकी दुकान में घुस आए और गाली गलौज की। जब उसने इसका विरोध किया, तो उक्त लोगों ने मारपीट की।

शोर शराबा सुनकर आसपास के लोग भी मौके पर आ गए। लोगों को आता देख, हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग गए। कोर्ट के आदेश पर जहानाबाद पुलिस ने अब मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर मुकेश शुक्ला ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है।

## पीलीभीत में बड़ा हादसा- बरातियों की कार जंगल में पलटी, तीन महिलाओं की मौत, छह घायल

स्वतंत्र प्रभात



**पूरनपुर** क्षेत्र में मंगलवार रात करीब नौ बजे बरातियों की कार अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में नौ बराती घायल हो गए। इनमें से तीन घायल महिलाओं की मौत हो गई।

मंगलवार रात को भीषण सड़क हादसा हो गया। बरातियों की इनोवा कार हरिपुर जंगल में अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में तीन महिलाओं की मौत हो गई। जबकि छह लोग घायल हुए हैं। इस हादसे के बाद शादी वाले घर में कोहराम मच गया। जानकारी के मुताबिक बरात सितारगंज के शक्ति फार्म से पूरनपुर क्षेत्र के गांव राहुल नगर मजदूर बस्ती जा रही थी। इनोवा कार में दूल्हा पक्ष की महिलाएं व अन्य रिश्तेदार सवार थे। रात करीब नौ बजे हरिपुर जंगल में कार अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई।

हादसा होते ही चीख-पुकार मच गई। हादसे में शक्ति फॉर्म निवासी कंचन सरकार, रेणुका, विशुका मंडल सहित नौ बराती घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस घायलों को सीएचसी लाई, चिकित्सक ने तीनों महिलाओ को मृत घोषित कर दिया। छह घायलों में दो लोगों की हालत गंभीर है।

अस्पताल पहुंचे एसडीएम और सीओ गंभीर घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी मिलते ही एसडीम राजेश कुमार शुक्ला, सीओ ने अस्पताल पहुंचकर घायलों से घटना की जानकारी ली। उधर, पुलिस ने तीनों शवों को पोस्टमार्टम को भेज दिया। घटना के बाद शादी की खुशियां गमगीन माहौल में बदल गई। आधी रात को दूल्हा को गांव ले जाकर शादी की रस्में पूरी कराकर रात में ही विदा कर दिया गया। पुलिस हादसे में मरने वालों के बारे में जानकारी जुटा रही है।

## साहू राठौर सम्मेलन मे देश का गौरव बढ़ाने को नेताओं ने की अपील जुटी अपार भीड़

स्वतंत्र प्रभात



**बरेली**/नवाबगंज के अशर्फी बैंकट हॉल में साहू राठौर सम्मेलन का आयोजन किया गया इसके आयोजन पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष एलडीबी के निदेशक रविंद्र सिंह राठौड़ के नेतृत्व में आयोजित किया गया इस सम्मेलन में हजारों की संख्या में सुजात बंधुओ ने भाग लिया इसकी अध्यक्षता वेदराम राठौर ने की इसके मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार में जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह थे ।

उन्होंने सम्मेलन को संबोधित करते हुए देश के गौरव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बताया अपने संबोधन में देश का एवं समाज का गौरव मानते हुए समाज के लोगों से एकजुट होकर भाजपा प्रत्याशी छत्रपाल सिंह गंगवार को भारी मतों से जिताने ने की अपील की सम्मेलन को संबोधित करते हुए पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष रविंद्र सिंह राठौड़ ने भी सम्मेलन में जुटी अपार भीड़ के बीच सभी का आभार व्यक्त किया ।

और भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की अपील समाज से की यहीं पर प्रदेश सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ अरुण कुमार सक्सेना शहर विधायक संजीव अग्रवाल ने भी संबोधित किया यहीं पर नवाबगंज पालिका अध्यक्ष पति भाजपा जिला उपाध्यक्ष नीरेंद्र सिंह राठौड़ ने समाज के लोगों का हौसला अफजाई करते हुए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के लिए भाजपा प्रत्याशी छत्रपाल गंगवार के समर्थन में मतदान करने एवं सहयोग करने की अपील की। इस सम्मेलन में भाजपा प्रत्याशी ने भी राठौर साहू समाज को अपना पूर्ण समर्थन देने का आश्वासन दिया यहीं पर विधायक डॉक्टर एमपी आर्य ने भी संबोधित करते हुए कहा राठौर समाज ने भाजपा को अपना समर्थन सत्य निष्ठा से पूर्व में भी दिया है और आगे भी मिलने पर आभारी रहने की बात कही 2 घंटे चले इस सम्मेलन में।

प्रदेश सरकार में मंत्री स्वतंत्र देव सिंह डॉक्टर अरुण कुमार विधायक संजीव अग्रवाल क्षेत्रीय विधायक एम पी आर्य स्वर्गीय विधायक केसर सिंह गंगवार के पुत्र विशाल गंगवार भदपुरा ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रवि शंकर गंगवार नवाबगंज ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉक्टर एक गंगवार इस कार्यक्रम के आयोजक रविंद्र सिंह राठौड़ नवाबगंज पालिका अध्यक्ष पति नीरेंद्र सिंह राठौड़ के साथ ही समाज के अन्य कई नेता मौजूद थे। इसका संचालन सूरज राठौड़ ने अध्यक्षता वेदरामराठौर।

## खबर प्रकाशित होने के बावजूद अधिकारी नही कर रहे कोई कार्रवाई

- जब अधिकारियों से बात की जा रही है तो अधिकारी एक दूसरे पर टालते नजर आए

**अधिकारी अधिकारियों को बचाने में लगे हुए है**

**इंडियन बैंक खरवहिया के बीसी संचालक ने मृत्यु बीमा योजना के लाभ मे पीड़ित परिवार से कैशियर और बीसी संचालक ने की 1,40000 रुपए की ठगी**

**बीमा योजना की ?2,00000 की धनराशि में पीड़ित परिवार को मिले मात्र 60000 रुपये**

स्वतंत्र प्रभात

**लखीमपुर खीरी-** धौरहरा क्षेत्र अंतर्गत इंडियन बैंक की शाखा इंडियन बैंक खरवाहिया नं 1 के शाखा प्रबंधक का अजीबोगरीब कारनामा देखने को मिला है जहां बीसी संचालक के द्वारा हो रहा बैंक का संचालन बीसी संचालक के कहने पर चलती है इंडियन बैंक खरवाहिया बीसी संचालक अपना कार्य छोड़ बन बैठा बैंक का दलाल मृतक व्यक्ति का भी नहीं छोड़ा पैसा पीड़ित परिवार इधर-उधर लगाने और भटकने को हो रहा मजबूर आखिरकार सिर्फ बीसी संचालक इतना बड़ा कैसे खेल सकता है खेल पीड़ित प्रार्थी का दावा है कि सीसीटीवी फुटेज अगर निकल जाए तो उसमें कैशियर साहब सिर्फ ?60000 दे रहे हैं जिसकी जानकारी मैनेजर साहब को भी हुई इसके बाद कोई कार्यवाही सुनिश्चित नहीं की गई जिससे यह प्रतीत होता है कि सभी लोगों की मिली भगत से इतना बड़ा खेल खेला गया है

*मृत्यु बीमा योजना का लाभ पीड़ित परिवार को नहीं बल्कि इंडियन बैंक खरवाहिया बैंक मैनेजर ,कैशियर, बीसी संचालक, को मिला*

करन पुत्र सरजू निवासी ग्राम भौवापुर खुर्द थाना वा तहसील धौरहरा निवासी प्रार्थी के पिता सरजू की मृत्यु दिनांक 24 -05-2023 को हो गई थी प्रार्थी के पिता का खाता इंडियन बैंक शाखा धौरहरा में था जिसमें प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत बीमा था पीड़ित ने अपने पिता की मृत्यु के बाद पासबुक नजदीकी बैंक बीसी संचालक को दिखाइ जिसमें बीसी संचालक ने जानकारी देते हुए बताया कि इसमें 336 रुपए प्रीमियम का बीमा है जिसमें ?100000 का दवा हो जाएगा जिसमें ?50000 तुमको मिलेंगे शेष रुपए कागजी कार्रवाई में लग जाने हेतु बीसी संचालक ने बात कही पीड़ित प्रार्थी को इस संबंध में कोई जानकारी नहीं थी बीसी संचालक ने तरह-तरह की अनर्गल बातें करके बहला फुसलाकर सभी प्रपत्र लेकर के कार्रवाई किए जाने की बात करता रहा 29-09-2023 को बीसी संचालक कैलाश यादव प्रार्थी को घर बुलाने पहुंचा और कहां चलो तुमको मैनेजर साहब ने बैंक में बुलाया है प्रार्थी जब बैंक में गया तो शाखा प्रबंधक ने बताया कि तुम्हारे बीमा का दावा हो गया है तथा उसके पैसे भी तुम्हारे खाते में आ गए हैं शाखा प्रबंधक ने कैलाश यादव से कहा कि इनको पैसे निकाल कर दो तब कैलाश यादव ने प्रार्थी का अंगूठा शादे निकासी फार्म पर लगवा लिया तथा कैश काउंटर पर बुलाकर 60000 रुपये दे दिए और पीड़ित प्रार्थी को कहा कि तुमको मिलने थे ?50000 जिसकी जगह हमने तुमको ?60000 दे दिए हैं दिनांक 29-092023. को बैंक शाखा में सीसीटीवी कैमरा चेक करवा लिया जाए तो सारी सच्चाई सामने निकल कर आ सकती है वही जब खाते की जानकारी पीड़ित प्रार्थी ने करनी चाहिए तो स्टेटमेंट द्वारा जानकारी प्राप्त हुई की खाते से ?200000 निकल गए हैं जिसमें से 140000 रुपए बीसी संचालक कैशियर बैंक मैनेजर ने मिलकर डकार लिए जिसके संबंध में पीड़ित प्रार्थी ने ठगी का शिकार होने से आहत होकर जिलाधिकारी महोदय को प्रार्थना पत्र देकर न्याय उचित कार्रवाई किए जाने की मांग की खबर प्रकाशित होने पर भी नही की जा रही कोई कार्यवाही अधिकारी अधिकारियों को बचाने में लगे हुए हैं।

### लोकसभा और उप विधानसभा सीट के लिए हुआ नामांकन

**बलरामपुर,** श्रावस्ती लोक सभा के लिए नामांकन पत्र जिला निर्वाचन अधिकारी / रिटर्निंग ऑफिसर अरविंद सिंह की उपस्थिति में नामांकन के तीसरे दिन 01 नामांकन पत्र दाखिल हुआ। भारतीय जनता पार्टी से साकेत मिश्र पुत्र नृपेन्द्र मिश्र , प्रस्तावक प्रदीप सिंह द्वारा 02 सेट में नामांकन पत्र दाखिल किया गया। मो0 अशरफ बहुजन समाज पार्टी, कृष्ण कुमार भारतीय लोकमत राष्ट्रवादी पार्टी, बालमुकुंद निर्दलीय, रामगोपाल वर्मा निर्दलीय द्वारा नामांकन पत्र खरीदे गए। विधानसभा उपचुनाव गैंसडी के लिए बुधवार को भारतीय जनता पार्टी से शैलेश कुमार सिंह शैलू, समाजवादी पार्टी से राकेश यादव द्वारा एक-एक सेट में नामांकन पत्र दाखिल किया गया। नामांकन का तीसरा दिन शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न हुआ।

# बहुजन समाज पार्टी उम्मीदवार अंशय कालरा का लगातार शक्तिपूर्ण जनसंपर्क जारी

स्वतंत्र प्रभात



**लखीमपुर खीरी** लोकसभा से आगामी चुनाव के लिए बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार श्री अंशय कालरा ने लोकसभा क्षेत्र के दाउदपुर, बैबहा मुन्नू सिंह, अलीगंज, मूडा सेक्टर, भैठिया, भैसौरी, कुश्मौरी, जगन्नाथपुर, मूडा जवाहर और रामपुर में जनसंपर्क किया। उन्होंने लोगों से बातचीत की और उनको आश्वाशन दिया की बाबासहब अम्बेडकर के लिखे संविधान की सुरक्षा ही उनका प्रथम लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि खीरी के लोगों के हाथ में ही संविधान का सुरक्षित भविष्य है 7 उन्होंने हर आयु के व्यक्ति को धन्यवाद कहते हुए कहा की इस बार के चुनाव हमारे संविधान के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं।

बसपा उम्मीदवार श्री अंशय कालरा का जनसंपर्क अभियान खीरी लोकसभा के लोगों के दिलों में एक नई जोश की लहर और युवाओं के दिलों में बदलाव की प्रेरणा लेकर आ रहा है। उनका लक्ष्य है समर्थन प्राप्त करके समाज के हर वर्ग को संविधान द्वारा पुनः सशक्त करना। यह जनसंपर्क अभियान बहुजन समाज पार्टी के आदर्शों और उम्मीदवार की स्वयं की भावनाओं का प्रतिपादन करता है, जो समाज में न्याय और समानता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जनसम्पर्क के साथ-साथ अंशय कालरा ने आगामी 7 मई को लखीमपुर में होने वाली बसपा सुप्रीमो बहन मायावती की विशाल रैली के बारे में लोगों को बताया और ज्यादा से ज्यादा संख्या में आने की अपील की।राजनीतिज जनकारों की माने तो इस रैली के बाद खीरी लोकसभा में चुनाव रोचक मोड़ लेता दिखायी दे सकता है।

# भाजपा प्रत्याशी रेखा वर्मा की राह में अपने ही बन गए रोडा

- त्रिकोणीय मुकाबले में फंसी भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व वर्तमान सांसद रेखा अरुण वर्मा

**ब्राह्मण, कुर्मी और क्षत्रिय समाज के प्रत्याशियों के बीच कांटे की टक्कर**

**जातीय गुणा गणित के आधार पर बसपा प्रत्याशी श्याम किशोर अवस्थी पड रहे भारी**

स्वतंत्र प्रभात



**लखीमपुर खीरी** लोकसभा चुनाव 2024 का सियासी पारा उफान पर है। धौरहरा संसदीय सीट पर भाग्य आजमा रहे प्रत्याशियों की बात करें तो भाजपा ने इस सीट पर एक बार फिर से अपने पुराने प्रत्याशी सांसद रेखा अरुण वर्मा पर ही भरोसा जताया है लगातार दो बार जीत हासिल कर चुकी सांसद रेखा अरुण वर्मा राम मंदिर मुद्दा और मोदी के नाम की नाव पर बैठकर एक बार फिर से चुनावी बैतरणी पार करने की फिराक में है। वहीं विपक्ष के प्रत्याशी जातीय समीकरणों की गोलबंदी और महंगाई बेरोजगारी तथा किसान मजदूर की समस्याओं के मुद्दों के साथ स्थानीय मुद्दों से जीत की बाट जो रहे हैं। सभी प्रत्याशी अपनी अपनी जीत का दावा करते हुए मतदाताओं को अपने पाले में लाने के लिए जी तोड़ मेहनत कर रहे हैं और अपनी जीत सुनिश्चित करने को तरह-तरह के हथकंडे अपनाने में लगे दिखाई पड़ रहे हैं। विपक्षी प्रत्याशी जातीय समीकरणों के सहारे दिल्ली का सफलता करने की तलाश में हैं कुछ दिन पहले धारा संसदीय सीट से भाजपा ने तीसरी बार रेखा अरुण वर्मा को अपना उम्मीदवार बनाया है जो दो बार लगातार जीत का परचम लहरा चुकी भाजपा प्रत्याशी रेखा अरुण वर्मा राम मंदिर मुद्दा और मोदी मैजिक या यू कहे मोदी की गारंटी के सहारे दिल्ली की राह तलाश रही है। वही सपा और बसपा प्रत्याशी 10 साल की एंटी इनकंबेंसी और जातीय समीकरणों के साथ-साथ विकास महंगाई बेरोजगारी और पेपर लीक जैसे मुद्दों के सहारे चुनावी जंग जीतने की फिराक में हैं। विपक्षी खेमे के प्रत्याशियों की बात करें तो इंडिया गठबंधन की तरफ से यह सीट सपा के खाते में जाने के बाद समाजवादी पार्टी ने क्षत्रिय समाज के सर्वमान्य नेता आनंदभदौरिया को मैदान में उतारा है। वही बहुजन समाज पार्टी ने हाल ही में भाजपा छोड़कर बसपा में आए ब्राह्मण समाज के प्रत्याशी श्याम किशोर अवस्थी पर गांव लगाया है। वैसे भी धौरहरा ब्राह्मण मुस्लिम और दलित बहुल सीट मानी जाती है दौराला लोकसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी को अपनों से ही कड़ी टक्कर मिलती दिखाई पड़ रही है चंद दिन पहले भाजपा छोड़ कर बसपा का दामन थामने वाले श्याम किशोर अवस्थी के हाथी चुनाव चिन्ह से मैदान में आने से भाजपा प्रत्याशी की मुश्किलें बढ़ा दी हैं अपना कर वाटर ब्राह्मण क्षत्रिय आई पिछड़ा पिछड़ा वोट खिसकते देख भाजपा प्रत्याशी की धड़कनें बढ़ रही हैं यदि जाती है समीकरण की बात करें तो मुख्य मुकाबला सपा और बसपा के बीच ही दिखाई पड़ता है भाजपा प्रत्याशी दोनों विपक्षीय मतदाताओं में सेंधवाजी करके मुकाबले में बने रहने के लिए दिन रात एक किए हैं भाजपा प्रत्याशी के प्रति मतदाताओं में अच्छी खासी नाराजगी इनके दिल्ली जाने की रास्ता में रोड़ा साबित हो रहा है यदि हम इस चुनावी महाकुंभ में जनता के मूड की बात करें तो भारतीय जनता पार्टी के ही लोगों ने दबी जुबान बताया है कि प्रत्याशी का विरोध तो है लेकिन वोट मोदी के नाम पर पड़ेगा फिलहाल ऐसा कहीं चमत्कार होते अभी दिखाई नहीं पड़ रहा है वहीं विपक्षी प्रत्याशी एंटी इनकंबेंसी और भाजपा के अंदरूनी विवाद वअंतरकलह का लाभ उठाते हुए एवं जातीय समीकरणों के हिसाब से जीत की उम्मीद संजोए बैठे हैं।

क्या है धौरहरा सीट का जातीय समीकरण

धौरहरा संसदीय सीट पर अनुमानित जातीय मतदाताओं पर एक नजर डाले तो ब्राह्मण वोट 3,25000 मुस्लिम मतदाता 2,50000 कुर्मी 1,60000 पासी जाटव आदि एस सी 3,10000 तथा यादव कुशवाहा मौर्य आदि 275000 मतदाता क्षत्रिय मतदाता 1,30000, वैश्य मतदाता 95000 और अन्य मतदाता 1,68900है। इस प्रकार कुल मतदाता 17,13900मतदाता है। यह आंकड़ा 2019 का है।जो प्रत्याशियों की नींद उड़ाई हुए हैं सबसे अहम बात तो मतदाता की चुप्पी नहीं टूट रही है। जिससे प्रत्याशियों की धड़कने और तेज बढ़ रही हैं। हर प्रत्याशी यह सोचने को विवस हो रहा है कि आखिर ऊंट किस करवट बैठेगा। फिलहाल जातिगत समीकरण के आधार पर सपा और बसपा के बीच ही लड़ाई सिमटती नजर आ रही है। यदि बहुजन समाज पार्टी प्रत्याशी अपने सजातीय और दलित वोटो की सेधमारी रोकने में सफल रहा तो लड़ाई बड़ी दिलचस्प होगी और परिणाम चौंकाने वाले होंगे। जातीय आंकड़ों के आधार पर बसपा मजबूत दिखाई पड़ रही है। वही यादव मुस्लिम और क्षत्रिय सहित पी डी ए मतदाताओं के गणितीय समीकरण के आधार पर सपा और बसपा के बीच कांटे का मुकाबला दिखाई पड़ रहा है। जाति का समीकरणों पर यदि गोलबंदी हुई तो परिणाम काफी चौंकाने वाले होंगे यह अखिलेश यादव का पीडीए फार्मूला कार्य करता नजर आया और बसपा वोटरों की सेधमारी होने पर यह मुकाबला त्रिकोणीय हो सकता है। फिलहाल अभी चुनाव में बसपा प्रत्याशी की स्थिति बेहतर दिखाई पड़ रही है। धौरहरा लोकसभा क्षेत्र मैं भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी रेखा अरुण वर्मा की तीसरी बार संसद की राह आसान नहीं दिखाई पड़ रही है। यदि हम 2019 के लोकसभा चुनाव पर एक नजर डाले तो उस समय सपा बसपा गठबंधन से चुनाव लड़ा था। जिसके चलते दलित समाज का अच्छा खासा वोट भाजपा प्रत्याशी रेखा अरुण वर्मा को ट्रांसफर हो गया था। लेकिन इस बार माहौल ठीक उसके विपरीत है इस बार जहां इंडिया गठबंधन की तरफ से समाजवादी पार्टी ने क्षत्रिय समाज से आनंद भदौरिया को अपना प्रत्याशी बनाया है वही बहुजन समाज पार्टी ने स्थानीय ब्राह्मण समाज के प्रत्याशी श्याम किशोर अवस्थी को मैदान में उतारा है। जिसके चलते भाजपा का कोर वोट ब्राह्मण , क्षत्रिय इनके पास से खिसकता नजर आ रहा है। इसके साथ ही दलित वोट बैंक भी भाजपा प्रत्याशी से छिटकता नजर आ रहा है। भारतीय जनता पार्टी धौरहरा लोकसभा सीट पर फसती नजर आ रही है। चुनाव विश्लेषकों और रणनीतिकारों की जुबानी सत्य माने तो जातीय समीकरणों और विपक्ष के महंगाई और बेरोजगारी जैसे अहम मुद्दों के सामने दिल्ली के संसद भवन की डगर सांसद रेखा अरुण वर्मा के लिए आसन नजर नहीं आ रही है। फिलहाल चुनाव में अभी काफी वक्त है काफी बदलाव व उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है असली फैसला 4 जून को ही पता चलेगा की किसके सर बधेंगा जीत का सेहरा और कौन लगाएगा गले हार।

# सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता को नहीं भा रही सरकार की योजना

स्वतंत्र प्रभात

**बेहजम खीरी** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा देश के प्रधानमंत्री के द्वारा किसानों की आय दोगुनी करने का प्रयास किया जा रहा है पर जिले पर बैठे कुछ भ्रष्ट अधिकारियों की कार्यशैली के चलते किसानों को मुफ्त सिंचाई देने का सरकार की महत्वाकांक्षी योजना को मिटाने का कार्य कर रहे हैं ऐसा ही एक मामला ब्लॉक बेहजम की ग्राम पंचायत टेडवा का है इस गांव में दो सरकारी नलकूप लगे हुए थे पर नलकूपों की देखरेख की कमी के कारण उनकी हालत खराब हो गई जब किसानों ने इसकी शिकायत सीएम पोर्टल पर की तो जिले पर बैठे अधिशासी अभियंता के द्वारा एक नलकूप को फेल दिखा दिया गया और दूसरा बिजी 37 किस टैंकों को तोड़कर उसकी ईट राकेश कुमार के द्वारा अपने निजी कार्य में ले लिया गया पर कई बार शिकायत करने पर बार-बार झूठी आख्या लगाकर रिपोर्ट भेज दी जाती है कि कोई भी टैंक नहीं तोड़ा गया है और किसानों को सिंचाई का लाभ प्राप्त हो रहा है बार-बार उन्हें को कृषक बनाया जा रहा है जो राकेश कुमार के रिश्तेदार हैं जबकि बिजी 37 से किसानों को सिंचाई मिल रही है केवल आसपास के खेतों तक सीमित है ग्राम प्रधान द्वारा जो लिखित रूप से बयान दिए गए हैं वह भी गलत तरीके से वह जानबूझकर राकेश कुमार को बचाने का प्रयास कर रहे हैं प्रधान के द्वारा पहले भी राकेश कुमार को नाजायज



कब्जा कर दिया गया है शायद जिले पर बैठे अधिशासी अभियंता को मुख्यमंत्री की योजनाएं रास नहीं आ रही हैं अब देखना है कब तक बढ़ाने का प्रयास करते हैं या उन पर कार्रवाई करते हैं।

# संक्षिप्त ख़बरें

## जिला समाज कल्याण अधिकारी डा0ऐश्वर्य राज लक्ष्मी

ने अपने द्वारा जारी एक पत्र के माध्यम से जनपद के समस्त शिक्षण संस्थानो के प्रधानाचार्य व शिक्षण संस्थानो में अध्ययनरत छात्र/छात्राओ को सूचित किया कि अनु सचिव उत्तर प्रदेश शासन के शासनादेश द्वारा दशमोत्तर कक्षाओ में अध्ययनरत्त अनु जाति/अनु0 जनजाति के छात्र/छात्राओं के छात्रवृत्ति हेतु जारी समय सारणी के अनुसार द्वितीय चरण में दिनांक-01-01-2024 से 31-03-2024 तक आनलाइन किये गये छात्रवृत्ति आवेदन पत्रो में पाई गयी कमियो के सुधार किये जाने हेतु छात्रो के पोर्टल दिनांक-26-04-2024 से 03-05-2024 तक खोल दिया गया है। समस्त शिक्षण संस्थाए संस्थान में अध्ययनरत छात्र/छात्राओ को सूचित कर दे कि करेक्शन की तिथि में छात्र एवं संस्थाए गत वर्ष के पूर्णांक व प्राप्तांक के साथ-साथ अन्य जो त्रुटिया प्रदर्शित हो रही है, को सही करके संशोधन के उपरान्त तत्काल प्रिंट आउट संस्थान में जा कर दे। तदोपरान्त शिक्षण संस्थाओ द्वारा आवेदन पत्रो के आनलाइन सत्यापित/अग्रसारित करने की कार्यवाही निर्धारित तिथि दिनांक-07-05-2024 तक पूर्ण की जा सके, जिससे कोई भी छात्र/छात्रा छात्रवृत्ति पाने से वंचित न रहने पाये।

## जाति एवं धर्म विशेष आधार पर कोई भी न निकाले जूलूस, न करें जनसभा-जिला निर्वाचन अधिकारी

### धर्म/जाति विशेष जनसभा या जूलूस करते पाये जाने या संज्ञान में आने पर की जायेगी विधिक कार्यवाही

**भदोही :-** भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों व नियमों तथा आदर्श आचार संहिता के अनुरूप जिला निर्वाचन अधिकारी विशाल सिंह द्वारा जनपद के राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों/प्रत्याशियों/जनसामान्य को अवगत कराया गया कि जाति विशेष या धर्म विशेष के आधार पर किसी पार्टी/प्रत्याशी/व्यक्ति द्वारा जनसभा करने या जूलूस निकालने की अनुमति न तो मॉगी जायेगी और न ही उपर्युक्त आधार पर दी जायेगी। यदि कोई ऐसा करते हुए पाया जाता है या संज्ञान में आता है तो उसके खिलाफ सुसंगत धाराओं एवं आदर्श संहिता के उल्लंघन में दण्डात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। 78-भदोही लोकसभा निर्वाचन में आदर्श आचार संहिता को शत्-प्रतिशत सुनिश्चित कराने हेतु जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है।

## गोष्ठी आयोजित




**चुनार।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चुनार में मंगलवार को अंग्रेजी विभाग द्वारा "Literary Research Methodology" विषय पर एक गोष्ठी का आयोजन सेमीनार हाल किया गया । उक्त कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ पी0एन0 डोंगरे ने छात्राओं को PPT के माध्यम से शोध प्रबंध के प्रस्तुति के लिए प्रेरित किया । उन्होंने छात्रों को उच्च शिक्षा कौशल / भाषा कौशल को अपने में विकसित कर समाज में अपना उत्कृष्ट योगदान दें । उन्होंने छात्रों को GC NET/JRF की परीक्षा उत्तीर्ण करने के लिए प्रेरित किया । उक्त कार्यक्रम में डॉ राजेन्द्र कुमार अंग्रेजी विभाग प्रभारी ने स्नातकोत्तर स्तर पर शोध प्रबंध लेखन पद्धति पर भाषण प्रस्तुत किया । उक्त कार्यक्रम के दौरान अंग्रेजी विभाग द्वारा लिटरेरी क्लब (Word Weavers) का उद्घाटन किया गया जिसका उद्देश्य छात्र-छात्राओं में अंग्रेजी भाषा कौशल का विकास करना एवं उनमें रचनात्मक लेखन के लिए उन्हे प्रेरित करना है। डॉ रीता मिश्रा ने लिटरेरी क्लब के उद्देश्यों के बार में जानकारी दी। उक्त कार्यक्रम में राजर्षि मिश्रा, वंदना सिंह, काजल पाठक, अंकित चौरसिया, विनय कुमार, शालू सिंह, श्रुति, साधना दुबे, कुसुम यादव, आरती, इत्यादि छात्र-छात्राओं Literary Club के अंतर्गत अभिनव प्रस्तुति दी । उक्त कार्यक्रम में प्रो0 माधवी शुक्ला, डॉ प्रभात कुमार सिंह, डॉ भास्कर प्रसाद द्विवेदी, डॉ राजेश कुमार, डॉ दीप नारायण, डॉ सत्येन्द्र कुमार, डॉ शैलेन्द्र कुमार, डॉ दीपक कुमार सिंह, डॉ शिव कुमार एवं अन्य प्राध्यापक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन अंग्रेजी विभाग की डॉ रीता मिश्रा ने किया।

# प्रेमचन्द बिन्द ने प्रगतिशील मानव समाज पार्टी एवं रामप्रकाश ने राष्ट्रीय समाज पक्ष से किया नामांकन दाखिल

● नामांकन के तीसरे दिन जहॉ 02 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया तो 02 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र लिया

राजनीतिक दलों व निर्दल प्रत्याशियों/प्रतिनिधियों द्वारा लिये गये अब तक कुल लिए गए 30 नामांकन फार्म, दाखिल हुए 02

शान्तिपूर्ण व सुरक्षित वातावरण में संचालित हो रहा है, नामांकन कार्य



स्वतंत्र प्रभात

**भदोही :-** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु लोकतंत्र के महापर्व में 78-भदोही संसदीय निर्वाचन क्षेत्र नामांकन हेतु आज तीसरे दिन 02 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया एवं 02 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र लिया। राम प्रकाश पुत्र त्रिवेणी प्रसाद, निवासी सहसेपुर औराई, राष्ट्रीय समाज पक्ष एवं प्रेमचन्द बिन्द पुत्र स्व0 शीतला प्रसाद मिश्र निवासी बारीपुरवा पोस्ट दशरथपुर तहसील ज्ञानपुर में प्रगतिशील समाज मानव पार्टी से नामांकन पत्र रिटर्निंग आफिसर विशाल सिंह एवं सहायक रिटर्निंग आफिसर भानसिंह के समक्ष दाखिल किया।

इसी क्रम में रामसिंह निवासी द्वारा हरिशंकर पुत्र चिन्तामणि निवासी कौडर सुरियावॉ तहसील भदोही हेतु एवं श्रीमती शाहजहॉ बेगम निवासी नीबी बारी हण्डिया जनपद प्रयागराज द्वारा नामांकन पत्र लिया गया। प्रथम दिन 18, द्वितीय दिन 10, एवं तृतीय दिन 02 नामांकन पत्र के साथ अब तक कुल 30 नामांकन पत्रों का वितरण हुआ। जिसमें से 02 प्रत्याशियों ने आज अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

कलेक्ट्रेट परिसर के आसपास सुरक्षा व्यवस्था व वैरीकेटिंग के कड़े प्रबन्ध किये गये हैं। मुख्य गेट पर मेटल डिडेक्टर लगाये गये हैं जहां चेकिंग के पश्चात अन्दर के लिये प्रवेश दिया जा रहा है। कलेक्ट्रेट के अन्दर नामांकन स्थल पर जाने के लिये वैरीकेटिंग सीसीटीवी कैमरा एवं बाहर सुरक्षा के कड़े प्रबन्ध किये गये हैं। वैरीकेटिंग पर पुलिस प्रशासन द्वारा सघन चेकिंग आदि का क्रम जारी रहा। अनाधिकृत व्यक्तियों का प्रवेश वर्जित रहा। कलेक्ट्रेट कार्यालय के पास वेटिंग रूम व मेडिकल हेल्प डेस्क स्थापित किया गया है। जिला सूचना कार्यालय भदोही द्वारा प्रसारित।

# तेज रफ्तार कार डिवाइडर से भिड़ने पर युवक की दर्दनाक मौत , पांच घायल




स्वतंत्र प्रभात

**गोपीगंज/भदोही।** गोपीगंज कोतवाली इलाके के छतमी गांव में जीटी रोड पर बुधवार को तेज रफ्तार मारुति कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई है। इस भीषण हादसे में घटनास्थल पर ही एक युवक की मौत हो गई है , जबकि मारुति कार में सवार परिवार के पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक परिजनों के साथ अपनी बहन की चौथी लेकर जा रहे था। इस बीच टायर फटने से कार डिवाइडर पर टकराकर पलट गई।

इस संबंध में प्राप्त जानकारी के मुताबिक , कोईरौना थाना क्षेत्र के छेछुआ धनतुलसी निवासी भोले (22), सूरज (11) पुत्र रविंद्र, सोनू (18) पुत्र कल्लू, छोटू शंकर (21) पुत्र मुन्ना सिंह, सूर्य नारायण पटेल (38) और बब्बू पटेल मारूति बैन से वाराणसी अपनी बहन के यहां चौथी लेकर जा रहे थे। उनका वाहन जैसे ही वाराणसी-प्रयागराज के छतमी के पास पहुंचा। अचानक आगे की टायर फट गई और उनका वाहन अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराया। टक्कर इतनी तेज थी कि वाहन हाईवे पर पलट गयी। लोगों की चीख-पुकार सुनकर स्थानीय लोग मदद के लिए पहुंचे और वाहन से निकालकर सभी घायलों को एबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोपीगंज लाया गया। इलाज के दौरान चिकित्सकों ने भोले को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल सूरज, सोनू, छोटू को रेफर कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक पांच भाइयों में सबसे छोटा था। मृतक की कुछ माह पूर्व ही शादी हुई है। ट्रैक्टर चलाकर परिवार का जीविकोपार्जन करता था। मृतक की सगी बहन की शादी वाराणसी में 25 अप्रैल को हुई थी। पूरा परिवार दो वाहनों से बहन के घर चौथी लेकर जा रहे थे और बहन की विदाई कराकर घर लाना था। इस दर्दनाक हादसे से मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है और इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है।

# “भूसा दान, महादान” अपील

● गोआश्रय स्थलों में संरक्षित गोवंशों के भरण पोषण हेतु भूसा दान/सहयोग करने की जिलाधिकारी ने की अपील

भूसा दानदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर किया जाएगा सम्मानित-डीएम

भूसा दान पुनीत कार्य में सहयोग देकर पुण्य के बने भागीदार




स्वतंत्र प्रभात

**भदोही-** जिलाधिकारी विशाल सिंह ने जनपद के सभी सम्मानित ग्राम प्रधान/क्षेत्र पंचायत सदस्य/जिला पंचायत सदस्य/मा.जनप्रतिनिधियों/गणमान्य व सम्भ्रान्त व्यक्तियों/व्यवसायियों एवं समाजसेवी व गोसेवक प्रेमियों से अपील किया है कि जनपद में सचांलित 31 गोवंश आश्रय स्थल संचालित है। जिसमें कुल 7684 गौवंश संरक्षित किये गये है, जिनके भरण पोषण के लिए भूसा, हरा चारा की आदि की आवश्यकता होती है। इसके लिए प्रदेश सरकार द्वारा भरण-पोषण हेतु उपलब्ध करायी जा रही अनुदान धनराशि के साथ-साथ जनसामान्य से भी सहयोग की अपेक्षा है। गोआश्रय स्थलों में संरक्षित गोवशों के भरण पोषण हेतु दान/सहयोग द्वारा अधिक से अधिक मात्रा में भूसा दान करें। साथ ही आपसे अपेक्षा है कि इस पुनीत कार्य में उन्मुक्त भाव से सहयोग करते हुए पुण्य के भागी बनें। भूसादान में आपका सहयोग सदा सराहनीय रहेगा। प्रत्येक विकास खण्ड के भूसा दान कर्ताओं को जिलाधिकारी द्वारा सम्मानित किया जायेगा। भूसा दान/सहयोग करने के लिए मुख्य पशु चिकित्साधिकारी के मोबा. नं. 9140238193 या गोआश्रय स्थलों से संपर्क करें।

# जिलाधिकारी ने कस्तुरबा गॉधी विद्यालय विकास खण्ड औराई में छात्राओं को एनीमिया मुक्त के बारे में दी जानकारी

● एनीमिया मुक्त भारत बनाने की दिशा में जिला प्रशासन प्रतिबद्ध

विभिन्न कस्तुरबा गॉधी बालिका विद्यालयों में आयोजित हुआ नि:शुल्क एनीमिया शिविर




स्वतंत्र प्रभात

**भदोही** - एनिमिया मुक्त भारत बनाने के क्रम में जिलाधिकारी विशाल सिंह की उपस्थिति में कमला अंकीबाई घमण्डीराम गोवानी ट्रस्ट मुम्बई एवं मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 संतोष कुमार चक की टीम द्वारा ब्लाक भदोही के कस्तुरबा गॉधी बालिका आवासीय विद्यालय हरिचन्दनपुर में 95 कस्तुरबा विद्यालय, कस्तुरबा विद्यालय औराई में 93, कस्तुरबा विद्यालय गोपीगंज 89, कस्तुरबा विद्यालय वहिदा डीघ में 95, बलिकाओं के हीमोग्लोबिन की जॉच की गयी तथा एनीमिया मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत सभी को आयरन फोलिक एसिड के टैबलेस्ट तथा एलबेन्डाजोल के टैबलेट दिये गये।

कस्तुरबा गॉधी आवासीय विद्यालय औराई में उपस्थित होकर जिलाधिकारी ने बालिकाओं से संवाद करते हुए उन्हें एनीमिया के बारे में जागरूक किया। उन्होंने कहा कि हम सभी के सम्मलित प्रयासों से एनीमिया मुक्त भारत अभियान सफल होगा। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि विद्यालयों में निशुल्क एनीमिया शिविर लगाकर जॉच व दवाएं वितरण कर भारत को एनीमिया से मुक्त बनाया जाय।

अभियान के नेतृत्व अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 ओ0पी0 शुक्ला तथा विकास खण्डों के आरबीएसके टीम द्वारा की गयी। एनीमिया मुक्त भारत अभियान को सफलता के साथ संचालन व साकार बनाने के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र नारायण सिंह द्वारा सभी विद्यालयों में स्वास्थ्य विभाग की टीम जॉच आदि टैबलेट वितरण की कार्यवाही को सुनिश्चित कर रही है। जिला सूचना कार्यालय भदोही द्वारा प्रसारित।

# राजनीतिक दलों द्वारा अपराधिक मामलों वाले व्यक्तियों को अभ्यर्थी बनाये जाने पर प्रारूप सी-7 पर समाचार पत्रों सोशल मीडिया में प्रकाशित कराये सूचनाएं

● प्रारूप-सी-7 पर सूचनाएं प्रकाशित कराकर प्रारूप सी-8 पर भारत निर्वाचन आयोग को करें प्रेषित

स्वतंत्र प्रभात

**भदोही :-** भारत निर्वाचन आयोग के मंशानुरूप लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी, शान्तिपूर्ण व सकुशल ढ़ग से सम्पन्न कराने के क्रम में मुख्य निर्वाचन अधिकारी उ0प्र0 के पत्र के क्रम में मा0 सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेशों के क्रम में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी गाईडलाइन्स आफ इलेक्शन कमीशन ऑफ इण्डिया ऑन पब्लिसिटी ऑफ क्रिमिनल एन्टीसेडेन्स बाई पोर्टिकल पार्टी एण्ड कन्डीडेटस नामक बुकलेट एवं निर्देश की प्रति जिलाध्यक्ष/महासचिव/मंत्री, मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय/राज्यीय राजनैतिक दल, जनपद की पंजीकृत अमान्यता प्राप्त राजनीतिक दल भदोही, को इस आशय से प्रेषित/सूचित किया जा रहा है कि दिये गये निर्देश के क्र में यदि आपके दल द्वारा अपराधिक वाले व्यक्तियों को अभ्यर्थी बनाये जाने पर अभ्यर्थियों के चयन के 48 घण्टे के अन्दर प्रारूप -सी-7 पर समाचार पत्र सोशल मीडिया प्लेटफार्म एवं पार्टी बेवसाईट पर सूचनाएं प्रकाशित कराये जाने की अपेक्षा की गयी है। तत्पश्चात् उम्मीदवारों के चयन के 72 घण्टे के अन्दर राजनैतिक दलों द्वारा प्रारूप-सी-8 पर सूचना भारत निर्वाचन आयोग को प्रेषित की जानी है।

अस्तु आपसे अपेक्षा है कि नामांकन से पूर्व उक्त अभ्यर्थी की कृत कार्यवाही सुनिश्चित कराते हुए 48 घण्टे के अन्दर प्रारूप-सी-7 पर सूचनाएं प्रकाशित कराकर उक्त सूचनाएं प्रारूपा-सी-8 पर भारत निर्वाचन आयोग को प्रेषित कराने का कष्ट करें। उक्त जानकारी उप जिला निर्वाचन अधिकारी कुंवर वीरेन्द्र मौर्य द्वारा जारी अपने एक पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया है।

# 01 मई 2023 को राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद शशि सिंह गुट प्रदेश अध्यक्ष एवं मानवाधिकार परिषद एवं अन्य कर्मचारी संगठनों द्वारा श्रमिक दिवस का आयोजन किया गया।

स्वतंत्र प्रभात

**मीरजापुर।** जिला चिकित्सालय रामबाग के संघ भवन में मजदूर दिवस मनाया गया।

जिलाध्यक्ष मोहनलाल यादव ने सम्बोधन किया कि तमाम कवायदों के बावजूद नही सुधरी मजदूरों की हालत, आज भी बुनियादी सुविधाओं को झेलना पड़ रहा है। जनपद मीरजापुर में पीतल बर्तन, पत्थर और कालीन, ईट भट्ठा, खेती, किसानी, बीड़ी उद्योग व मकानों का निर्माण जनपद में मजदूरों की यही कर्मभूमि है। सरकारी विभागों में कर्मियों को संविदा पर रखकर उनको मानक के अनुरूप वेतन न देकर मनचाहा दिया जाता है। 01 मई को हर जगह मजदूर दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन मजदूरों की बेहतरीन के लिए तमाम वादे किये जाते है। साथ ही कई सरकारी कल्याणकारी योजनाओं की घोषणा की जाती है। इसके बावजूद मजदूरों की हालत जस की तस बनी रहती है। विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े हजारों मजदूरों को आज भी सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। श्री यादव ने कहा कि सरकार की तरफ से उनको दस हजार रूपया देय है आज भी नगर पालिका एवं जिला चिकित्सालय तमाम विभागों में संविदा कर्मचारियों के साथ सौतेला व्यवहार किया जाता है। उनको दो से तीन हजार रूपये दिये जाते हैं। इतने कम भुगतान के कारण दे अपने परिवार का भरण-पोषण सुचारू रूप से नहीं कर पाते है। मीरजापुर जनपद में मजदूरी के अभाव में लोग अन्य जनपदों में पलायन करते जा रहे है। मोहनलाल ने कहा कि 01 मई 1888 को अमेरिका के शिकांगो के शहर में गोलियों से भूने बलिदानी श्रमिकों को श्रद्धा सुमन अर्पित किया। बबलू खान मण्डल अध्यक्ष ने कहा कि शिकागों में भारतीय मजदूरों को काम कराने के लिये ले जा रहा था उक्त जहाज कोयला और भारतीय मजदूर लदे थे कैप्टन द्वारा यह कहा गया कि जहाज में वजन ज्यादा हो गया और जहाज डूबने वाली है। तब कैप्टन ने कहा कि भारतीय मजदूरों को समुद्र में फेक दो लेकिन कोयला बचा लो। राजकुमार यादव ने कहा कि जनपद में शिक्षित बेरोजगार बड़े पैमाने पर गुजरात व मुम्बई में पलायन करते चले जा रहे है। राजनीतिक नेताओं ने बड़ी-बड़ी घोषणायें कर झूठ का पुलिन्दा बाँधते है। आज भी जनपद में एक भी उद्योग धन्धा नहीं है। जनपद में रेलवे कारखना फर्टिलाइजर का स्थापना किया गया था। जिसमें राजनीतिज्ञों की मिली भगत से अन्य जनपद में उसका स्थानान्तरण कर दिया गया। जिससे शिक्षित बेरोजगार में काफी दयनीय स्थिति उत्पन्न हो गयी है। अध्यक्ष ने कहा कि जिस देश का मजदूर कर्मचारी कमजोर होगा उस देश का कभी विकास नहीं होगा क्योंकि देश का मजदूर कर्मचारी ही देश को मजबूत करता है। जगदीश प्रसाद खरवार ने कहा कि रूस एवं जर्मनी मजदूरों के साथ दमनकारी रवैया अपनाया तो उसका विरोध किया गया। इसी तरह कर्मचारी मजदूर दलित कमजोर वर्गो के आगे बढ़ने हेतु लड़ाई हमेशा चलती रहेगी। अन्धाधुन मशीनीकरण से उत्पन्न बेरोजगारी बाल श्रमिकों कर्मचारियों का बड़े पैमाने पर शोषण का विरोध किया जायेगा। कहा कि सरकार द्वारा सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाय। सन्तोष कुमार यादव ने कहा कि कर्मचारी मजूदरों को कार्य के समान उचित मजदूरी दी जाय। हर मानव को एक समान अधिकार प्राप्त है। सुनील कनौजिया संगठन मंत्री ने कहा कि मजदूरों का उसके आत्मसम्मान की रक्षा किया जायेगा। महिला कर्मचारियों के साथ हो रहे शोषण को बन्द किया जाय। किसी भी अधिकार का कदापि हनन नहीं होने दिया जायेगा। चन्द्रशेखर यादव ने कहा कि जनपद में किसी मजदूर

गरीब जनता या मजदूरों का शोषण होता है तो मानवाधिकार उसका भरपूर विरोध करेगा। सभा की अध्यक्षता चन्द्रशेखर यादव एवं संचालन मोहनलाल यादव ने किया। रामनरेश शर्मा, योगेंद्र कुमार सिंह, त्रिभुवन पांडे, लाल साहब बिंद, मिथिलेश चंद तिवारी, धर्मेंद्र कुमार पांडे, विजय लाल दुबे, श्याम लाल यादव उपस्थित रहे।

# 78-भदोही लोकसभा निर्वाचन से सम्बन्धित सभी व्यय टीमों से माननीय व्यय प्रेक्षक ने कार्यो की समीक्षा कर दिये निर्देश

● भारत निर्वाचन आयोग के नियमों व आदर्श आचार संहिता का अक्षरसः पालन हो सुनिश्चित-मा0 व्यय प्रेक्षक शशिभूषण

चेक पोस्ट पर सभी वाहनों की गहन चेंकिग सुनिश्चित करें स्थैतिक निगरानी टीम-मा0 प्रेक्षक




स्वतंत्र प्रभात

**भदोही :-** मा0 व्यय प्रेक्षक शशिभूषण (पश्चिम बंगाल भारतीय राजस्व सेवा), 78-भदोही लोकसभा द्वारा विधान सभा ज्ञानपुर, भदोही, औराई, प्रयागराज जनपद के प्रतापपुर एवं हण्डिया से सम्बन्धित उड़नदस्ता टीम, स्थैतिक निगरानी टीम, वीडियों सर्विसलांस टीम, वीडियों अवलोकन टीम एवं एम.सी.एम.सी. टीम प्रभारियों के साथ राजस्व अतिथि गृह ज्ञानपुर में बैठक आहूत की गयी।

बैठक में उड़नदस्ता टीमों को आदर्श आचार संहिता के उल्लंघनों तथा सम्बद्ध शिकायतों के सभी मामलों पर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। स्थैतिक निगरानी टीम को निर्धारित चेक पोस्ट पर सभी वाहनों की गहन चेंकिग का निर्देश दिया गया। वीडियों सर्विलांस टीम के लिए निर्देश दिया गया कि वह वाहनों/घटनाओं/पोस्टरों/कट-आउट आदि का इस तरह से वीडियों लें कि प्रत्येक वाहन, उसका प्रकार और रजिस्ट्रेशन संख्या, फर्नीचर वस्तुएँ, रोस्ट्रम का आकार, बैनर, कट आउट इत्यादि के साक्ष्य स्पष्ट दिखाई दें। जिसमें उस पर हुए व्यय की गणना की जा सके। साथ ही स्टार प्रचारक/प्रत्याशी के भाषणों की भी आदर्श आचार संहिता के दृष्टिगत रिकार्डिग किये जाने का निर्देश दिया गया। वीडियों अवलोकन टीम को निर्देश दिया गया कि अपनी रिपोर्ट प्रत्येक दिन सायं 5बजे तक लेखा टीम को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।

एम.सी.एम.सी. टीम के सदस्य सचिव/जिला सूचना अधिकारी को निर्देश दिया गया सभी समाचार पत्रों, प्रिन्ट मीडिया, इलेक्ट्रानिक मीडिया, मोबाइल नेटवर्क और जन संचार के अन्य माध्यमों जैसे बल्क एस.एम.एस. आदि देखेगें एवं विहित फार्मेट मे प्रत्येक अभ्यर्थी से संबंधित दैनिक रिपोर्ट व्यय प्रेक्षक के साथ-साथ रिटर्निंग आफिसर व लेखा टीम को उपलब्ध करायेगें। साथ उक्त कार्य मे लगे समस्त टीमों से समन्वय स्थापित कर कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। यदि किसी कार्य मे समस्या/कठिनाई उत्पन्न होती है तो मा0 व्यय प्रेक्षक महोदय के सी0यू0जी0 मोबाइल नम्बर-9454069822 पर सम्पर्क कर समस्या/कठिनाई का समाधान किया जा सकता है।

बैठक में वरिष्ठ कोषाधिकारी ब्रिजेश सिंह, लाईजनिंग आफिसर, जिला सूचना अधिकारी डॉ0 पंकज कुमार, व उपर्युक्त तीनो अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# नवगीतकार शुभम श्रीवास्तव ओम का निधन

स्वतंत्र प्रभात

**मिर्ज़ापुर।** जनपद के प्रसिद्द नवगीतकार शुभम श्रीवास्तव ओम का एक मई को सुबह वाराणसी के अपेक्स हॉस्पिटल में निधन हो गया। वह बीमार थे और 29 अप्रैल को अपेक्स में भर्ती हुए थे। उनका अंतिम संस्कार जनपद के चौबेघाट स्थित गंगातट पर किया गया। 30 वर्ष की अपनी छोटी सी उम्र में ही शुभम ने नवगीत विधा में विशेष कार्य कर सभी को प्रभावित किया था। उनकी नवगीत की तीन पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं- 1.गीत लड़ेंगे अंधियारों से 2. शोक गीतों के समय में 3. फिर उठेगा शोर एक दिन। कई महत्वपूर्ण नवगीत की पुस्तकों का शुभम ने संपादन किया है जिसमें 1- हम असहमत हैं समय से, 2- मैं चंदन हूँ, 3- हर सन्नाटा बोलेगा 4- शब्दों की शक्लों में 5- जो सूरज हमने ढूंढा है जैसी चर्चित नवगीत की पुस्तकें शामिल हैं।

वह मिर्ज़ापुर में राजस्व निरीक्षक के पद पर कार्यरत थे। उनकी नवगीत की पुस्तक को उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान द्वारा हरिबंश राय बच्चन युवा गीतकार पुरस्कार-2017 से सम्मानित किया जा चुका है। उनको उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान का फिराक गोरखपुरी पुरस्कार-2019 और हिंदुस्तानी एकेडेमी प्रयागराज द्वारा हिंदुस्तानी एकेडेमी युवा सम्मान -2020 प्राप्त हो चुका है। शुभम श्रीवास्तव की रचनाएं देश की विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में निरंतर छपती रही हैं।

श्री शुभम श्रीवास्तव ओम के निधन पर साहित्यकारों में शोक व्याप्त हो गया। बड़ी संख्या में लोगों ने उनके निवास पर जाकर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की और अंतिम यात्रा में शामिल हुए। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में केन्द्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल, डॉ




अनुज प्रताप सिंह, गणेश गम्भीर, लल्लू तिवारी, प्रमोद कुमार सुमन, जफर मिर्जापुरी,डॉ रमाशंकर शुक्ल, भोलानाथ कुशवाहा, आनन्द केसरी, अरविंद अवस्थी, आनन्द अमित, केदार नाथ सविता, डॉ वंदना मिश्रा, डॉ सुधा सिंह, इला जायसवाल, नन्दिनी वर्मा, सारिका चौरसिया, पूजा यादव, इम्तियाज अहमद गुमनाम, श्याम अचल, डॉ अनुराधा ओस, लाल व्रत सिंह सुगम,खुर्शीद भारती, मुहिब मिर्जापुरी, अनिल यादव आदि प्रमुख हैं।

## संक्षिप्त ख़बरें

### कोडरमा लोकसभा से भाकपा माले विधायक विनोद कुमार सिंह ने किया नामांकन पत्र दाखिल



**कोडरमा-** बगोदर विधायक सह भाकपा माले नेता विनोद कुमार सिंह ने कोडरमा लोकसभा सीट के लिए नामांकन पर्चा दाखिल कर दिया। इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी विनोद सिंह बुधवार को पपरवाटांड स्थित समाहरणालय पहुंचे और जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिले के डीसी नमन प्रियेश लकड़ा के समक्ष पर्चा दाखिल किया। इस दौरान विनोद सिंह के साथ गांडेय विधानसभा से इंडिया गठबंधन प्रत्याशी कल्पना सोरेन, राज्यसभा सांसद सरफराज अहमद, पूर्व विधायक राजकुमार यादव, माले नेता राजेश सिन्हा, कांग्रेस जिलाध्यक्ष धनजय सिंह, कांग्रेस कार्यकारी जिलाधिकारी सतीश केडिया समेत कई नेता मौजूद रहे।

### दुधपनीयां से युवक लापता, सनहा दर्ज



**बरही-** बरही थाना क्षेत्र के दुधपनीयां गांव से एक मानसिक रूप विक्षिप्त युवक लापता हो गया जिसे लेकर युवक के पिता इंद्रदेव पासवान ने अपने पुत्र पिंटू पासवान उर्फ सुखी पासवान के लापता होने की सूचना बरही थाना में गुमशुदगी का सनहा दर्ज कराया है। साथ ही पुलिस प्रशासन से पुत्र पिंटू पासवान को सुरक्षित बरामद करने की गुहार लगाई है। उन्होंने बताया जाता है कि 25 अप्रैल को आधी रात को किसी को बिना बताए हुए घर से निकल गया। सुबह इधर उधर खोजने के बाद अपने रिश्तेदारों के यहां भी छानबीन किया, पर कहीं भी उसका कुछ अता पता नहीं चला। जिसके बाद बरही थाना पुलिस को अपने पुत्र पिंटू पासवान उर्फ सुखी पासवान के लापता होने की जानकारी देते हुए सनहा दर्ज कराया है। इधर बरही थाना पुलिस आवेदन पर कार्रवाई करते हुए सनहा दर्ज कर जांच-पड़ताल में जुट गई है। साथ ही उन्होंने गुमशुदा अपने पुत्र के बारे में किसी व्यक्ति को कोई सूचना मिलने या फिर नजर पड़ने पर इसकी सूचना तत्काल पुलिस या हमारे इन मोबाइल नंबर 7319664277, 7094832284, 9546164973 एवं 8709180169 पर सूचना देने की अपील की है।

### ज्ञान वाटिका क्लासेस के 12वीं कक्षा के शत प्रतिशत विद्यार्थीयों ने पाई सफलता



**बरही-** बरही प्रखंड के अंतर्गत पंचायत रसोईया धमना में संचालित ज्ञान वाटिका क्लास के 12वीं कक्षा के छात्र एवं छात्राएं शानदार प्रदर्शन कर संस्थान का नाम रोशन किया है। ज्ञान वाटिका क्लासेस से सत्र 2023-2024 में शत प्रतिशत विद्यार्थीयों ने सफलता प्राप्त किया है जिनमे सोनम परवीन 359 अंक, नसरीन परवीन 289, आशिया परवीन 271, आसमा परवीन 302, आसमीन परवीन 303, आशिया परवीन 252, नेहा परवीन 270, पूनम कुमारी 302, सोनम कुमारी 300, दिलकश निखत 285, काजल परवीन 282, नाजनी परवीन 275, पवन कुमार ने 261 अंक प्राप्त किए। संचालक परमेश्वर प्रसाद ने कहा कि इस दुनिया में सबसे मीठा फल होता है तो वह होता है परीक्षा फल। डर की नैया पार नहीं होती और मेहनत करने वालों की हार नहीं होती। इसलिए जीवन में सफलता पाना है तो मेहनत ही एक रास्ता है। उन्होने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### दुर्घटना में वृद्ध की मृत्यु, अज्ञात चालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज




**टूण्डला-** ड्यूटी खत्म कर घर लौट रहे वृद्ध को मैक्स पिकअप चालक ने टक्कर मार कर घायल कर दिया। वृद्ध की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। वृद्ध के पुत्र ने अज्ञात चालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। गांव मोहम्मदाबाद निवासी नरेंद्र कुमार ने बताया कि उनके पिता जगदीश प्रसाद न्यू सत्कार होटल पर नौकरी करते हैं। 26 अप्रैल सुबह 5.45 बजे वह ड्यूटी खत्म कर घर वापस लौट रहे थे। तभी गांव के निकट सर्विस रोड पर आगरा की ओर से तेज गति से आ रही मैक्स पिकअप गाड़ी DL-1-LAB 1600 ने उन्हें टक्कर मारकर घायल कर दिया।

# खेरवा पंचायत में पीएम आवास योजना में खुलकर किया गया है लूट

● बीडीओ को जानकारी देने के बाद भी कोई करवाई नहीं




स्वतंत्र प्रभात

**साहेबगंज, झारखंड-** साहेबगंज जिला के मंडरो प्रखंड अंतर्गत खेरवा पंचायत में पीएम आवास योजना में खुलकर लूट की गई है, जिसमें कई बिचौलिया, आवास कर्मी सहित प्रतिनिधियों का संलग्न बताया जा रहा है।सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मडरो प्रखंड अंतर्गत खेरवा पंचायत के फुलोलक्ष्मी, खेरवा,रानीडीह सहित अन्य कई गांव में पूर्व में दर्जनों पीएम आवास योजना का काम अधूरा है। जबकि उसके पूरे पैसे की निकासी की गई है। सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार खेरवा पंचायत मुखिया प्रतिनिधि बेटका मुर्मू और उनके दो करीबी कार्यकर्ता द्वारा मिलजुलकर इस तरह की लूटपाट की जा रही है, इसका ताजा उदहारण फुलोलक्ष्मो गांव में मंगल बास्की के नाम पर पीएम आवास का सारा पैसा निकाल लिया गया है और काम अधूरा है। घर नहीं होने के कारण मंगल बासकी गोड्डा जिला क्षेत्र में मेहमान के यहां रहने को मजबूर है। खेरवा पंचायत में सिर्फ यह अकेला नहीं दर्जनों ऐसा मामला है जिसमे खुलकर लूटपाट किया गया है। यह एक जांच का विषय है। इसके आलावा अब अबुवा आवास में भी धांधली का मामला सामने आ रहा है। इस मामले की जानकारी मंडरो बीडीओ मेघनाथ उरांव को भी दो महीने पहले ही दी गई है, लेकिन उनके तरफ से सिर्फ आश्वाशन ही मिलता है,किसी गरीब लाचार को इंसाफ नहीं। आखिर कोई लाचार, बेबस, गरीब इंसान अपने इंसाफ के लिए जाए तो कहां क्योंकि पंचायत के मालिक और प्रखंड के मालिक की आवाज बंद है। आखिर इसके पीछे क्या विशेष राज है? इसमें क्षेत्र के कई बुद्धिजीवी लोगो की अलग अलग राय है की सबको हिस्सा दिया गया है।

## 4 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पलामू में जनसभा को करेंगे संबोधित, तैयारियां जोरों शोरों पर

स्वतंत्र प्रभात

**पलामू-** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चार मई को चौथी बार पलामू में जनसभा करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कार्यक्रम चार मई में को सुबह नौ बजे से शुरू हो जाएगा। 9.30 बजे से प्रधानमंत्री जनसभा को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर पलामू जिला प्रशासन और भारतीय जनता पार्टी ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। पलामू के चियांकि के हवाई अड्डा पर कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर एसपीजी की टीम पलामू पहुंच चुकी है और पलामू डीसी और एसपी के साथ बैठक भी कर चुकी है। चियांकि हवाई अड्डा पर प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर मंच को तैयार किया जा रहा है। चियांकि हवाई अड्डा के मैदान से ही प्रधानमंत्री जनसभा को संबोधित करेंगे। भाजपा नेता विजय ओझा ने बताया कि प्रधानमंत्री का कार्यक्रम सुबह नौ बजे से शुरू हो जाएगा। उनके कार्यक्रम को लेकर 15 एंट्रेंस गेट बनाए गए हैं जबकि कार्यक्रम स्थल को चार सेक्टर में बांटा गया है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम को लेकर आमंत्रण भेजा जा रहा है। उन्होंने बताया कि लाखों की संख्या में जनसभा में लोग भाग लेंगे और प्रधानमंत्री को सुनेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पलामू के चियांकि हवाई अड्डे पर चौथी बार दौरा करने वाले हैं। 2014 में जब नरेंद्र



मोदी को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किया गया था तो उस दौरान भी उनकी जनसभा हुई थी। 2019 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दो बार पलामू में जनसभा को संबोधित किया था। 2024 में नरेंद्र मोदी एक बार फिर जनसभा को संबोधित करने वाले हैं।

## गिरिडीह लोकसभा सीट से नामांकन दाखिल करने के बाद जयराम महतो हुए गिरफ्तार

● 2022 में विधानसभा घेराव के मामले में हुई जयराम की गिरफ्तारी



स्वतंत्र प्रभात

**गिरिडीह, झारखंड-** झारखंड के गिरिडीह लोकसभा सीट के लिए नामांकन दाखिल करने के बाद छात्र नेता जयराम महतो को गिरफ्तार कर लिया गया। जबकि रांची में 2022 में विधानसभा घेराव के मामले में जयराम महतो को गिरफ्तार किया गया। रांची से बोकारो कई पुलिस टीम ने जयराम महतो को गिरफ्तार किया गया। लेकिन अरेस्ट कर रांची लाने के पहले उन्हें सभा करने की अनुमति भी दी गई। ऐसा माना जा रहा है कि जयराम महतो को अरेस्ट करने के बाद पुलिस उन्हें रांची ले जाएगी। जयराम महतो की गिरफ्तारी के पहले माहौल काफी गरम रहा। जयराम महतो ने पुलिस पदाधिकारियों से अनुरोध किया है कि उनको नामांकन के बाद सभा को संबोधित करने दिया जाए, ताकि जो जनता उनको सुनने आई है, उन्हें वो अपना संदेश दे सके। जयराम महतो ने यह भी कहा कि यदि उन्हें इस तरह से जबरन गिरफ्तार किया जाता है, तो वो पुलिसिया कार्रवाई के बाद हीरो बन जाएंगे। महतो ने कहा कि बिना नोटिस किये दो साल पुराने मामले में पुलिस उनकी गिरफ्तारी करने पहुंची हैं, प्रशासन से लोगों को न्याय की उम्मीद रहती है। लेकिन इस तरह की कार्रवाई से पुलिस-प्रशासन पर से लोगों का विश्वास कम हो जाएगा। जयराम महतो ने दावा किया कि करीब 45 डिग्री सेल्सियस तापमान के बीच डेढ़ लाख लोग उनके नामांकन में आए हैं, उन्हें लोगों को संबोधित करने का मौका दिया जाए, ताकि वे अपने समर्थकों को समझा सकें और शांतिपूर्ण माहौल बन सके। छात्र नेता जयराम महतो ने कहा कि उनके कद से सारे नेता खौफ खा रहे हैं, इसलिए नामांकन के दिन उनकी गिरफ्तारी की जा रही है।

## उपायुक्त ने मंडरो प्रखण्ड स्थित विभिन्न संस्थाओं का भ्रमण किया

स्वतंत्र प्रभात



**साहेबगंज झारखंड-** साहेबगंज उपायुक्त हेमंत सती क्रिक द्वारा संचालित मंडरो प्रखंड के कौड़ीखुटौना में अवस्थित खादी ग्राम्यद्योग सेंटर तथा SFURTI सेंटर का भ्रमण किया गया।सर्वप्रथम उपायुक्त को खादी से बने साल को उड़ाकर उनका स्वागत किया गया।उन्होंने कौड़ीखुटौना में महिलाओं द्वारा तसर कपड़ा तैयार किया जाने वाला हथकरघा के कार्यों को देखा गया।उपायुक्त ने भीमचक बरखोरी स्थित तसर धागे का कार्य करने वाली कई महिलाओं से मिले तथा उनकी समस्याओं से अवगत हुए।उपायुक्त ने इस कला को राष्ट्रीय स्तर पर एवं विश्व स्तर पर प्रसारित एवं मार्केटिंग करने को कहा।उन्होंने लोकसभा आम निर्वाचन 2024 हेतु मतदान बूथ संख्या 31 कौडीखुटौना का निरीक्षण कर मूलभूत सुविधा का जायजा लिया। उन्होंने मिर्जाचौकी थाना एवं मध्य विद्यालय एवं उत्क्रमित उच्च विद्यालय मिर्जाचौकी में बन रहे सीआरपीएफ के लिए व्यवस्थित शौचालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में ईट एवं सीमेंट की गुणवत्ता को देख के जेई को निर्देशित किया। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी अंगरनाथ स्वर्णकार, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र रविन्द्र दास, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी मंडरो मेघनाथ उरांव, अंचल अधिकारी मंडरो पंकज कुमार भगत, एओडीबी मैनेजर चंद्रशेखर शर्मा , जेएसएलपीएस कार्यक्रम प्रबंधक मार्टिन तारीक, मिर्जाचौकी थाना प्रभारी रोहित कुमार तथा नीति आयोग से आकांक्षी प्रखंड फेलो मनीष कुमार मौजूद थे।

## रक्तदान महाअभियान शिविर का हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात




**साहेबगंज झारखंड-** उपायुक्त के निर्देशानुसार जिला में रक्त की कमी को पूर्ण करने के लिए आज सभी प्रखण्डों एवं सदर अस्पताल साहेबगंज में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।इस अभियान में उपायुक्त हेमंत सती (B+) एवं पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव (O+) ने संयुक्त रूप से रक्तदान कर शिविर का उद्घाटन किया।अपने संबोधन में उपायुक्त ने कहा कि रक्तदान महा अभियान पूरे जिला में प्रत्येक माह की 1 तारीख को चलाया जाएगा । रक्त एक ऐसी चीज है जिसे बनाया और खरीदा नहीं जा सकता। हम रक्तदान कर जरूरतमंदों की मदद करने में अहम भूमिका निभाते हैं। उपायुक्त ने कहा कि अधिक से अधिक लोगों, विशेष कर युवाओं को रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए और इस नेक काम में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए।

उन्होंने कहा कि ब्लड बैंक की मदद करके जिला के लोगों को स्वस्थ रखना समय की जरूरत है।रक्तदान मानवता की सच्ची सेवा हैं क्योंकि इससे लाखों लोगों का जीवन बचाया जा सकता है।पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने संबोधित करते हुए कहा कि रक्तदान करना मानवता की सबसे बड़ी सेवा है क्योंकि इससे लाखों लोगों की जान बचती है। हर नौजवान को यह महसूस करना चाहिए कि उन्हें भी प्रत्येक तीन महीने के बाद रक्त दान करते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि अपने साथियों को रक्तदान के लिए प्रोत्साहित करने के लिए भी कहा ताकि रुटीन और आपातकालीन जरुरत के समय कभी ब्लड की कमी न पड़े। रक्तदान महाअभियान के क्रम में पदाधिकारी भी बढ़-चढ़ हिस्सा लेकर जिला वासियों से यह अपील करे कि हर माह के एक तारीख को अपना ब्लड डोनेट करें ।रक्तदान महाअभियान के क्रम में अनुमंडल पदाधिकारी साहेबगंज अंगार नाथ स्वर्णकार (O+), अपर समाहर्ता राज महेश्वरम (B+), जिला कल्याण पदाधिकारी प्रमोद आनंद (O+), जिला शिक्षा पदाधिकारी कुमार हर्ष (O+), जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी श्री उमेश कुमार (O+),जिला सांख्यिकी पदाधिकारी अनिल कुमार (B+), जिला खेल पदाधिकारी राजेश कुमार चौधरी (B+), यूआईडी पदाधिकारी संदीप कुमार (O+) एवं अन्य पदाधिकारी, कर्मी और आमजन इस शिविर में भाग लेकर रक्तदान किया। रक्तदान महाअभियान में जिला स्तर पर कुल 58 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया।

### कांग्रेस के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर को दिल्ली पुलिस ने भेजा नोटिस

**रांची-** दिल्ली पुलिस की स्पेशल ब्रांच ने झारखंड कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर को नोटिस भेजा है। उन्हें दिल्ली पुलिस ने कल सुबह 10.30 बजे दिल्ली पुलिस स्पेशल के जांच अधिकारी के सामने पेश होने को कहा है। दिल्ली पुलिस की ओर से उन्हें यह नोटिस केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के भाषण को छेड़छाड़ कर फर्जी वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड और शेयर करने के मामले में भेजा है।

# इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल ने किया नामांकन, रैली में उमड़ा जनसैलाब

● जनसभा में मुख्यमंत्री हुए शामिल, गठबंधन के नेताओं ने दिखाई अपनी ताकत

देश और संविधान को बचाना है, जेपी पटेल को जिताना है- चंपाई सोरेन

स्वतंत्र प्रभात

**हजारीबाग-** हज़ारीबाग़ लोकसभा क्षेत्र के इंडिया गठबंधन समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल ने बुधवार को अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया। नामांकन के बाद जेपी के समर्थन में आयोजित जनसभा जिला स्कूल मैदान में किया गया। जनसभा में कांग्रेस समेत गठबंधन के कई धुरंधर नेताओं ने हिस्सा लिया जिसमें मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, पूर्व केंद्रीय मंत्री यशवंत सिन्हा, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, विधायक दल के नेता आलमगीर आलम, मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मंत्री बन्ना गुप्ता, मंत्री बादल पत्रलेख, विधायक अम्बा प्रसाद, विधायक अकेला यादव, पूर्व विधायक ममता देवी, शहज़ादा अनवर, योगेंद्र साव, सौरभ नारायण सिंह, मुन्ना सिंह, जयशंकर पाठक आदि शामिल हुए। नेताओं ने गठबंधन की एकजुटता और ताकत दिखाई।

**मुख्यमंत्री चमपाई सोरेन की ललकार, कार्यकर्ताओं ने भरी हुंकार**

जनसभा में हज़ारीबाग़ लोकसभा क्षेत्र के कोने कोने से लोग पहुंचे हुए थे। हज़ारों की तादाद में मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने जब प्रतिद्वंदी प्रत्याशी को ललकारा तो कार्यकर्ताओं में जोश दोगुना हो गया। जयघोषों की गूंज दोगुनी हो गयी। हज़ारों की तादाद में मौजूद लोगों ने एक ललकार पर हुंकार भर लिया।

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार इस देश को पूंजीपतियों के हाथों बेचने का काम कर रही है। यदि इसी तरह व्यवसाइयों को नेता बनाया जाता रहा तो हज़ारीबाग़ को भी पूरी तरह से बेच दिया जाएगा। यह वक्त देश को बचाने का है। यह वक्त हज़ारीबाग़ को बचाने का है। यह तभी मुमकिन है जब हज़ारीबाग़ से यहां की जनता जेपी भाई पटेल को सांसद बना कर दिल्ली भेजने का काम करेगी।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी सरकार पूरी तरह से तानाशाही हो चुकी है। देश से संविधान को ही खत्म कर देना चाहती है। विपक्षी दलों के नेताओं को चुनाव के वक्त फंसा कर जेल में डाल दिया गया है। अरोपों को सही साबित नही कर पा रहे फिर भी सिर्फ आरोप की बुनियाद पर उन्हें कैद कर के रख गया है। यह दर्शाता है कि देश प्रधानमंत्री मोदी डरे हुए हैं। उन्हें पता है कि जनता जाग गयी है और उनकी उनकी सरकार जाने वाली है।

उन्होंने कांग्रेस की जनकल्याणकारी नीतियों से लोगों को रूबरू करवाते हुए बताया कि कांग्रेस देश के सभी वर्गों के साथ न्याय करने का काम करेगी। कहा कि मजदूर, किसान, महिला, युवा और श्रमिकों, सभी के लिए कांग्रेस न्यायपत्र में किये वादों को पूरा कर देश के विकास को धरातल पर उतरेगी।

**शहर भ्रमण कर जेपी ने मांगा समर्थन, लिया आशीर्वाद**

जनसभा के बाद जेपी भाई पटेल ने समर्थकों के साथ शहर भ्रमण कर लोगों का आशीर्वाद लिया। जुलूस की शक्ल में सभी लोग जिला स्कूल मैदान से निकल कर महिला महाविद्यलय, अन्नदा चौक, पैगोडा चौक, झंडा चौक होते हुए कांग्रेस कार्यालय पहुंचे। भ्रमण के दौरान जेपी पटेल के साथ खुली जीप पर विधायक अकेला यादव, विधायक अम्बा प्रसाद, पूर्व विधायक ममता देवी आदि साथ रहे। रैली में मौजूद समर्थकों ने राह भर कांग्रेस, गठबंधन और जेपी पटेल के समर्थन में गगनचुम्बी नारे लगाए।

नामांकन कार्यक्रम में हज़ारीबाग कांग्रेस ज़िला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव, रामगढ़ ज़िला अध्यक्ष मुन्ना पासवान, झामुमो के संजीव बेदिया सुखदेव साहू कांग्रेस, झामुमो, राजद, माले, आप के पदाधिकारियों, कार्यकर्तागण एवं हज़ारों की संख्या उपस्थित समर्थकों की उपस्थिति रही।

## हजारीबाग के डीआईजी आवास में तैनात जवान ने खुद को गोली मारकर की आत्महत्या, शादी कटने से चल था परेशान

स्वतंत्र प्रभात



**हजारीबाग, झारखंड-** हजारीबाग के डीआईजी आवास में तैनात पुलिस जवान ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। यह घटना बुधवार की सुबह की है जहां डीआईजी आवास पर ड्यूटी में तैनात जवान विकास कुमार ने खुद के सर्विस रायफल से खुद को गोली मार ली , गोली लगने के बाद मौके पर ही उसकी मौत हो गई, हालांकि उसको आनन-फानन में शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया । विकास कुमार मूल रूप से हजारीबाग जिले के टाटी झरिया थाना क्षेत्र का रहने वाला था। पुलिसिया सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक विकास कुमार का दो बार शादी कट गया था, जिस वजह से वह काफी परेशान चल रहा था इसके अलावा कुछ घरेलू मामले को लेकर भी पिछले कई दिनों से परेशान था इसी दौरान बुधवार की सुबह ड्यूटी पर तैनात था और खुद को गोली मार ली , वहीं घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन में जुटी गई है पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। खबर लिखे जाने तक घटना की जानकारी मृतक जवान के परिजनों को दे दी गई है।

## दी आर्य भट्ट इंस्टीट्यूट के विद्यार्थियों का इस वर्ष भी जारी रहा शानदार प्रदर्शन, शत प्रतिशत बच्चे हुए उत्तीर्ण

● आर्ट्स में एमडी इंतिशार 421, कॉमर्स में पलक कुमारी 434 अंक ला कर बनी +2 उच्च विद्यालय की टॉपर एवं साइंस में दृष्टि कुमारी 423 नम्बर ला कर बनी संस्थान टॉपर



स्वतंत्र प्रभात

**बरही/**जैक द्वारा आर्ट्स कॉमर्स एवं साइंस का रिजल्ट प्रकाशित किया जा चुका है जिसमे हज़ारीबाग रोड स्थित दी आर्य भट्ट इंस्टिट्यूट के सभी विद्यार्थियों का शत प्रतिशत रिजल्ट जारी रहा। आर्ट्स में एमडी इंतिशार 421 नम्बर ला कर बने +2 उच्च विद्यालय के टॉपर रहें। वहीं मोनिका कुमारी 408 नम्बर ला कर बनी सेकंड टॉपर। कॉमर्स में पलक कुमारी 434 नम्बर ला कर बनी कॉलेज टॉपर एवं कुमकुम कुमारी 422 नम्बर ला कर बनी सेकंड टोपर। वहीं साइंस में दृष्टि कुमारी 423 नंबर ला कर बनी संस्थान टॉपर एवं अंशु ठाकुर 403 नंबर ला कर बनी संस्थान की सेकंड टॉपर। वहीं आर्ट्स कॉमर्स एवं साइंस में अच्छा प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का अंक क्रमशः सैजल कुमारी 401, पूजा कुमारी 384, नर्गिस परवीन 361, करीना कुमारी 361, जिया कुमारी 352, क्रांति कुमारी 345, प्रिया कुमारी 341, राज केशरी 338, प्रिंस कुमार 328, अंजली कुमारी 322, प्रियांशु 316, सुजीत कुमार 312, सूरज कुमार 305, रानी कुमारी 300, कुसुम कुमारी 300, कमलेश राणा 398, चिंटू कुमार 397, नेहा कुमारी 393, जुली कुमारी 391, राम कुमार 388, शिव कुमार 382, परिणीता कुमारी 374, सोनी कुमारी 371, सृस्टि कुमारी 355, ओम कुमार 348, राहुल कुमार 342, चांदनी 337, रिम्पा कुमारी 336, अमन राज 334, गुनगुन निषाद 329, सुधा कुमारी 370, काजल कुमारी 328, नेहा कुमारी 324, राज कुमार 324, निकिता 322, रौनक केशरी 312, करिश्मा कुमारी 399, छोटू कुमार 393, सपना कुमारी 387, प्रियांशु 367, कुमकुम कुमारी 361, संजीदा नाज़ 358, गुनगुन कुमारी 352, सुजीत 350, रिया कुमारी 347, सोनाली कुमारी 347, पूजा कुमारी 346, प्रिया कुमारी 339, ज्योति कुमारी 339, राखी कुमारी 337, ममता कुमारी 335, प्रियांशु कुमारी 334, निकिता कुमरी 322, रोशन कुमार ने 314 प्राप्त किए। संस्थान के सभी शिक्षकों ने सभी विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दिए। संस्थान के संचालक अरुण शर्मा ने कहा कि विगत 2009 से हमारे संस्थान से टॉपर रिजल्ट रहा है। हमेशा डिस्ट्रिक्ट टॉपर, अनुमंडल टॉपर एवं कॉलेज टॉपर देते आए है। इसका श्रेय सभी शिक्षकों के मेहनत एवं विद्यार्थियों की लगन का पहचान है।

## एन.सी.आर.एम.यू. ने ड्राइवर लॉबी पर मनाया मजदूर दिवस

स्वतंत्र प्रभात



**टूण्डला-** 1 मई 2024 अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर नॉर्थ सेंट्रल रेलवे मेंस यूनियन टूण्डला की तरफ से सभी रेल श्रमिक व उनके श्रम के प्रति सम्मान रखते हुए सभी रेलकर्मचारीयों ने गार्ड एवम ड्राइवर लॉबी टुंडला पर मजदूर दिवस मनाया तथा शिकागो में हुए शहीदों को दो मिनट का मोन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की साथ ही सभी रेल कर्मचारियों को मई क्रांति दिवस /मजदूर दिवस की बधाई दी एवम वक्ताओं ने बताया की मजदूर दिवस क्यों मनाया जाता है इस पर प्रकाश डाला इसमें वक्ता मैं शाखा मंत्री जयकिशन अजवानी ने बताया की श्रमिको का उस समय शोषण होता था। जब उनसे 12 से 15 घंटे काम करवाया जाता था। कोई साप्ताहिक रेस्ट नही था। न ही कोई सामाजिक सुरक्षा थी। जिसके कारण मजदूरो की जीवन प्रत्याशता बहुत कम थी। इस शोषण के विरोध और अपनी मांगों को लेकर ,1 मई 1886 को शिकागो के हेम मार्केट पर श्रमिक लोग हड़ताल किए थे। उस हड़ताल में श्रमिको पर गोली चलाई गई, जिसमे 7 लोग शहीद हुए थे। मजदूर दिवस प्रत्येक वर्ष 1 मई को उन लोगों के याद में मनाया जाता है जिन्होंने अपने खून पसीने से देश और दुनिया के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। किसी भी देश, समाज, संस्था और उधोगो के विकास में मजदूरों, कामगारों और मेहनतकशों की अहम भूमिका होती है। मजदूरों, और कामगारों की वजह से ही आज दुनियाभर के देशों में विकास हुआ है। दूसरे वक्ता शाखा मंत्री सरदार सिंह ने कहा की कहा जाता है।

**अगर इस जहां में मजदूर का न नामों निशा होता**
**फिर न होता हवामहल और न ही ताजमहल होता**

केवल भारत ही नही अपितु दुनिया के 80 देशों में इस दिन राष्ट्रीय अवकाश रहता है। आज ही के दिन दुनिया के मजदूरों के अनिशिचत काम के घण्टो को 8 घण्टे में तब्दील किया गया था। भारत मे 1923 से मई दिवस के रूप में मनाया जा रहा है।

**सो जाता है फुटपात पे अखबार बिछा कर**
**मजदूर कभी नींद की गोली नही खाता**

इस कार्यक्रम का संचालन शाखा अध्यक्ष सतीश कुमार व कैलाश चंद्र ने किया मजदूर दिवस पर मुख्य रूप से सतीश कुमार, जयकिशन अजवानी, सरदार सिंह, कैलाश चंद्र, दीपक शर्मा, अरविंद मीना, सतेंद्र यादव, बसंत पचौरी, सुनील कुमार सिंह, महेंद्र सिंह, वरुण तोमर, एन.पी.सिंह, धीरज, अखिलेश किराड़, धर्मेंद्र कुमार, सतों सिंह, हेमराज, नरेश कुमार, अजय तिवारी, शीतल कुमारी, रोहिणी, उमा कुमारी, मीना देवी, अमित पचौरी, हरिश्याम, पधाधिकारी एवम कर्मचारी उपस्थित रहे।

# दुनिया में जारी है दो रोटी की जंग



## रोजाना करोड़ों लोग भूखे सोते हैं !

इक्कीसवीं सदी में जहां दुनिया विज्ञान और विकास के बड़े प्रतिमान गढ़ रही है इस के बावजूद दुनिया के देश लाख तरक्की का दावा करें लेकिन आज भी दुनिया की एक बड़ी आबादी की पहली समस्या दो जून का भरपेट भोजन है जो लाख कोशिश करने के बाद भी सबको मयस्सर नही होता है। हाल ही में संयुक्त राष्ट्र ने अपनी %ग्लोबल रिपोर्ट ऑन फूड क्राइसिस% रिपोर्ट 2023 जारी की है। इस रिपोर्ट में जानकारी देते हुए कहा है कि विश्व के 59 देशों के करीब 28.2 करोड़ लोग भूख से तड़पने को मजबूर हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, 2022 में 2.4 करोड़ से अधिक लोगों को खाद्य सामग्री की भारी कमी से जूझना पड़ा। इसके चलते गाजा पट्टी और सूडान में खाद्य सुरक्षा के बिगड़े हालात थे। रिपोर्ट के अनुसार संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन के मुख्य अर्थशास्त्री मैक्सिमो टोरेरो अनुसार अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों ने भूख का एक पैमाना तय किया है, जिसमें पांच देशों के 7,05,000 लोग पांचवें चरण में हैं, जिसे उच्च स्तर माना जाता है। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के मुताबिक दक्षिणी सूडान, बुर्किना फासो, सोमालिया और माली में हजारों लोग भूख से तड़प रहे हैं। रिपोर्ट में भावी परिदृश्य का अनुमान है कि गाजा में 11 लाख व दक्षिण सूडान में 79 हजार लोग जुलाई तक 5वें चरण में पहुंच सकते हैं। इसी के साथ उनके अकाल का सामना करने के लिए मजबूर होने का दौर भी शुरू हो सकता है। साथ ही 2016 में दर्ज संख्या के मुकाबले इसमें चार गुना वृद्धि हो चुकी है। अर्थशास्त्री ने बताया कि गंभीर अकाल का सामना कर रहे लोगों में से 80 फीसदी लोग यानि 5,77,000 अकेले गाजा में हैं। संयुक्त राष्ट्र में खाद्य-कृषि संगठन के मुख्य अर्थशास्त्री मैक्सिमो टोरेरो ने कहा, 2016 में वैश्विक रिपोर्ट जारी करने की शुरुआत के मुकाबले भूख से तड़पने वालों की यह संख्या अब तक सर्वाधिक है।

2023 ग्लोबल हंगर इंडेक्स में, 2023 के आंकड़े जारी किए गए है इनका विश्लेषण करने के बाद जो तथ्य सामने आए हैं वह भारत के लिए भी चिंता जनक है सरकार बेशक लाख दावा करते नहीं थक रही है कि उसने पच्चीस करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाल दिया है लेकिन यह अंतरराष्ट्रीय रिपोर्ट कुछ और बयान कर रही है इसके मुताबिक भारत 125 देशों में से 111 वें स्थान पर है । 2023 ग्लोबल हंगर इंडेक्स में 28.7 अंक के साथ भारत में भूख का स्तर गंभीर है। सरकारी आंकड़ों की बदौलत सरकार खुद अपनी पीठ थपथपाकर खुश है लेकिन यह स्थिति बेहतर नहीं है।

संयुक्त राष्ट्र की उपरोक्त रिपोर्ट को मद्देनजर रखते हुए दुनिया के सभी सम्पन्न देशों समेत हम भारतीयों को खाद्य पदार्थों के प्रति अधिक सतर्क होने की आवश्यकता है। विश्व में भारत सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश है, यहां पर आज खाद्यान्न पदार्थों की कोई कमी नहीं है। लेकिन विश्व स्तर पर जहां करोड़ों लोग भूख के कारण परेशानी भुगत रहे हैं उनको मद्देनजर रखते हुए हमें अन्न व खाद्य पदार्थों की बर्बादी को गंभीरता से रोकने की आवश्यकता है। विश्व में भारत सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश है, यहां पर आज खाद्यान्न पदार्थों की कोई कमी नहीं है। लेकिन विश्व स्तर पर जहां करोड़ों लोग भूख के कारण तड़पने को मजबूर हैं, वहीं करोड़ों भारतीयों को भी बड़ी मुश्किल से एक वक्त का खाना मिलता है। स्थिति और विकट हो सकती थी अगर भारत सरकार 80 करोड़ भारतीयों को मुफ्त राशन न देती।शर्मनाक बात यह है कि कुछ जरूरतमंद आज भी वंचित रह जाते हैं जबकि भ्रष्टाचार के चलते कुछ संपन्न व समर्थ लोग भी जरूरत नहीं होने के बावजूद राशन का अन्न लेने में सफल हो जाते है जिन्हें जरूरत नहीं है इस मुफ्त मिले अनाज को ले लेते हैं और फिर उस का दुरुपयोग करते हैं।

भारत में खाद्यान्न उत्पाद को सुरक्षित रखने के लिए पूरे गोदाम भी उपलब्ध नहीं, इस कारण भारी मात्रा में अनाज खुले में रखने पड़ते हैं, जिस कारण काफी बर्बादी होती है इस के अलावा सरकारी अनाज के भंडारण में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी व लापरवाही हैं सैकड़ों हजारों टन अनाज खेतों और सरकारी गोदामों में चूहे चटट कर जाते हैं वहीं हजारों टन सही रखरखाव के अभाव में नष्ट हो जाता है । वहीं अन्न की बर्बादी का एक बड़ी दूसरी वजह शादी-विवाह तथा अन्य आयोजन अवसरों पर आवश्यकता से कहीं अधिक मात्रा में भोजन तैयार करने विभिन्न वैरायटी बनाने के कारण कई बार बहुत अधिक भोजन बेकार बच जाता है। इस के साथ ही जरूरत से अधिक भोजन परोसने से जूठन के रूप में भी काफी मात्रा में अन्न की बर्बादी होती है। सरकार सम्पन्न लोगों के विवाह व अन्य आयोजन में भोजन की वैरायटी को नियंत्रित करने के लिए नियम बना सकती है लेकिन सरकार में संपन्न वर्ग को नाराज करने का साहस नहीं है एक एक समारोह में सौ सौ डिश सब्ज़ी दाल मिठाई पेय की वैरायटी रखना जबकि उस का दस फीसदी ही उपयोग में लाया जाता है नब्बे फीसदी भोजन सामग्री खराब हो कर बर्बाद हो जाती है। क्या सम्पन्नता भोजन की बर्बादी करने का अधिकार देती है वह भी ऐसे देश में जहां करोड़ों लोगों को भोजन उपलब्ध नहीं है। अभी बात सिर्फ भोजन भर की है अगर पोष्टिक भोजन की बात की जाए तो स्थिति बदल से बदतर मिलेगी। समृद्ध परिवारों में भी अन्न की बर्बादी होना एक आम बात है। जिस तरह भारत समेत विश्व की जनसंख्या तेजी से बढ़ रही है उससे स्पष्ट है कि जन साधारण के लिए पेट भरने की समस्या भी बढ़ती चली जाएगी। अन्न का उत्पादन धीरे-धीरे अपने चरम पर पहुंच रहा है। इस बात को ध्यान में रखते हुए अन्न तथा अन्य खाद्य पदार्थों की बर्बादी पर अंकुश लगाना होगा।

अन्न व अन्य खाद्य पदार्थों की बर्बादी भूख गरीबी और मानवता के मानवीय पहलू का उपहास है। खाद्य पदार्थों को बर्बाद होने से रोकना एक तरह से अन्न उत्पादन करना है। शादी विवाह या पर्वों के समय खाद्य पदार्थों को बचाकर गरीबों में बांटें।भोजन बैंक की योजना को विस्तार दिया जाए। सम्पन्न व समृद्ध परिवार भोजन की बर्बादी करना अपना अधिकार न मानें। हमें अपनी रोजाना की दिनचर्या में भोजन की बर्बादी रोक लगाने के लिए जूठन कम से कम छोड़ने व जरूरत के अनुसार भोजन मात्रा तैयार करने की आदत विकसित करनी होगी । विश्व स्तर पर भूख के कारण तड़पते लोगों को हमेशा अपने दिलो-दिमाग में रखें और हर स्तर पर अन्न व अन्य खाद्य पदार्थों को बर्बाद होने से बचाने के लिए हर व्यक्ति, परिवार, संगठन समाज को अपने-अपने स्तर पर जागरूकता पैदा करनी चाहिएं।भूख से जूझ रहे इंसान के प्रति हम सब की यह एक जिम्मेवारी है कि इस भूमि पर कोई भूखा सोने के लिए मजबूर न हो हम में से हर एक को भूख के खिलाफ जंग में ईमानदारी अपना योगदान विचार करना चाहिए।

# वोट के महत्व को समझे आम आदमी

लोकसभा चुनाव के दो चरण पूरे हो चुके हैं और तीसरे चरण के लिए विभिन्न राजनैतिक दलों द्वारा चुनाव प्रचार जारी है लेकिन सबसे बड़ी चिंता है मतदान का गिरता प्रतिशत। जिससे कि हर दल हताश हो रहा है। हमको मतदान क्यों करना चाहिए हम इस मुद्दे पर चर्चा कर रहे हैं। यदि हम मतदान नहीं करते हैं तो हमें किसी भी राजनैतिक दल या नेता की बुराई करने का अधिकार नहीं है। क्यों कि बुराई तो हम तब करेंगे जिसके विरोध में हमने मतदान किया हो। और उसकी भी बुराई कर सकते हैं जिसको हमने चुना और वह हमारी उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा। हमारा मतदान ही हमारे प्रत्याशी का चयन करता है। कहीं न कहीं हम किसी प्रत्याशी के लिए चाहते हैं कि जीत इसको मिलनी चाहिए और हम मतदान नहीं करते हैं तो कभी कभी कम मतदान की वजह से भी वह प्रत्याशी चुनाव हार जाता है। सही आंकलन हम तभी कर सकते हैं जब ज्यादा से ज्यादा मतदान हो।

हो सकता है अत्यधिक गर्मी के कारण भी इस मतदान प्रतिशत में कमी आ रही हो। लेकिन इस लोकतंत्र के पर्व को हमें हर मौसम का मुकाबला करके मनाना ही होगा। यह हमारा सौभाग्य है कि हम सरकार को चुनते हैं और वही सरकार पांच वर्षों तक हमारे लिए कार्य करती है। मतदान निष्पक्ष होता है यदि आप वोट डालते हैं तब। क्यों कि कम मतदान में सही और ग़लत में अंतर को हम ढूंढ ही नहीं सकते। वोट डालने के लिए हमारे अंदर उत्साह होना चाहिए। और अगर कोई भी प्रत्याशी समझ में नहीं आता है तो हमारे पास नोटा का भी विकल्प है। लेकिन मेरी समझ से नोटा का प्रयोग नहीं करना चाहिए क्योंकि वह वोट न देने के बराबर ही हो जाता है। इसलिए हमें तमाम प्रत्याशियों में से एक को तो चुनना ही होगा।

हमारे देश का लोकतंत्र बहुत ही खूबसूरत है किसी की भी तानाशाही नहीं है। यदि हमको कोई प्रत्याशी या सरकार ग़लत लगती भी है तो हमें अधिकार है कि पांच साल बाद हम उसको उखाड़ फैंके। कभी कभी हम यह सोच लेते हैं कि करोड़ों लोग मतदान करेंगे यदि हम अपना एक वोट नहीं डालेंगे तो उससे क्या हो जाएगा। मान लीजिए हर आदमी ऐसा ही सोचले तब क्या होगा। एक चुनाव में कितना पैसा हमारा खर्च होता है। हम इस पैसे को इस तरह बर्बाद नहीं कर सकते। कम मतदान का मतलब है कि हमने अपने सही प्रत्याशी को चुना ही नहीं। क्यों कि जब ज्यादातर वोट पड़ा ही नहीं तो हम कैसे उसे सर्व सम्मति मान लें।

हम प्रत्याशी को चुनते हैं और प्रत्याशी हमारी सरकार और देश के मुखिया को चुनती है। हमने देखा है कि अधिकांश उच्च आय वर्ग का व्यक्ति मतदान से दूर रहने की कोशिश करता है और आम छुट्टी समझकर वह घर में ही आराम करता है। ये छुट्टी हमें आराम करने के लिए नहीं मिलती यह तो हमें अपने देश का भविष्य चुनने के लिए मिलती है। मध्यम वर्ग में भी लोअर मीडियम ही मतदान करने को ज्यादातर



निकलता है। यानि कि वह उनसे ज्यादा समझदार है जो कि मतदान के दिन आराम करते हैं। हमारी सरकार ने वृद्ध लोगों और दिव्यांग लोगों के लिए घर में ही मतदान की व्यवस्था की है। तथा सरकारी कर्मचारी जिनकी ड्यूटी मतदान में लगती है उनके लिए पोस्टल बैलेट की व्यवस्था की है जब सरकार इतनी सुविधाएं दे रही है तो हम मतदान से दूर क्यों भागे।

यह सत्य है कि धूप में मतदान करने में असुविधा होती है। इसका असर भी कम मतदान पर पड़ता है। लेकिन इतना ज्यादा समय नहीं लगता जितना कि हम सोच लेते हैं। हमारे देश की पुलिस, सैना की टुकड़ियां, अर्धसैनिक बल, पीएसी धूप में खड़े होकर निष्पक्ष मतदान के लिए कठिन तपस्या करती है तो हमारा भी फर्ज बनता है कि हम अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। मजबूत लोकतंत्र के लिए यह बहुत ही आवश्यक है। एक समय था कि मतदान के लिए वाहनों पर रोक लग गई थी लेकिन अब उसकी मजबूरियों को समझते हुए वह रोक भी समाप्त कर दी गई है। आप आराम से किसी भी साधन से आकर मतदान कर सकते हैं। कई देश ऐसे हैं जहां तानाशाह शासन चल रहा है। यह हमारा सौभाग्य है कि हम ऐसे देश में रहते हैं जहां दुनिया का सबसे बड़ा और खूबसूरत लोकतंत्र है।

एक अरब पचास करोड़ की आबादी से मतदान करवाना कोई आसान काम नहीं है किस तरह इतनी जनसंख्या के लिए मतदान की तैयारियां की जाती हैं चुनाव आयोग की इस पर प्रशंशा करनी चाहिए। हमारे यहां भरपूर कोशिश होती है कि चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से निष्पक्ष हो। हमें अपने एक एक मत का मतलब समझना होगा तभी हम देश के लोकतंत्र को मजबूत कर सकते हैं। समय-समय पर चुनाव आयोग बहुत ही अच्छी तरह से अधिक मतदान के लिए तरीके अपनाता है। मतदान के तहत ही हम अपनी मनपसंद सरकार को चुन सकते हैं। अन्यथा हमें किसी भी सरकार की बुराई करने का कोई हक़ नहीं है।

## संपादकीय

# जब ढ़ेर हुआ इंसानियत का दुश्मन ओसामा बिन लादेन




साल 2011 में आज ही के दिन यानि 2 मई को अमेरिका के सील कमांडोज ने अमेरिकन मोस्ट वांटेड ओसामा बिन लादेन को पाकिस्तान में मार गिराया था। असल में 11 सितंबर 2001 दिन मंगलवार को कुख्यात आतंकी संगठन अल- कायदा के चीफ ओसामा बिन लादेन ने अपने अमानवीय इरादों को अंजाम देते हुए अपने अंत की पटकथा स्वयं आंरभ की थी। इस पटकथा का पहला अध्याय आंरभ हुआ जब अल-कायदा के आत्मघाती आतंकवादियों ने अमेरिका मे चार यात्रीयो से भरे विमानों को हाइजैक कर न्यूयॉर्क और वॉशिंगटन की अलग-अलग इमारतों से टकराया। दो विमान न्यूयॉर्क के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर की टविन टॉवर इमारत से टकराए। पहला विमान स्थानीय समय के अनुसार 08 बजकर 46 मिनट पर उत्तरी टॉवर से टकराया जबकि दूसरा विमान 09 बजकर 03 मिनट पर दक्षिणी टॉवर से टकराया। इस हादसे से दोनों इमारतों में आग लग गई। ऊपर की मंजिलों में लोग फंस गए और पूरा शहर धुएं से भर गया। दो घंटों में ही यह 110 मंजिला इमारत पूरी तरह से ढह गई और मलबे में तब्दील हो गई। तीसरा विमान 09 बज कर 37 मिनट पर वॉशिंगटन डीसी से थोड़ी दूर स्थित अमेरिकी रक्षा विभाग के मुख्यालय पेंटागन से टकराया और सवारियों से भरा चौथा विमान 10 बजकर 03 मिनट पर पेन्सेल्विनिया के मैदानों में गिरा दिया गया। इन हमलों में 2996 मासूम लोगों की जान गई। इन हमलों का सूत्रधार और मास्टरमाइंड था दुर्दांत आतंकवादी अल-कायदा चीफ ओसामा बिन लादेन। ये हमले सीधे तौर पर अमेरिका को चुनौती थे। जो पटकथा लादेन ने लिखनी शुरू की थी उसका दूसरा अध्याय लिखने की बारी अब अमेरिका की थी। अमेरिकी जांच पडताल में इन हमलों के पीछे ओसमा बिन लादेन का नाम सामने आया, पता चला कि लादेन अफगानिस्तान में पनाह लिए हुए है। उस समय अफगानिस्तान का अधिकांश हिस्सा अमेरिका द्वारा रूस के खिलाफ पूर्व में पोषित एक आतंकी संगठन तालिबान के अधीन था। जो कि स्वयं आतंकवादी थे और अफगानिस्तान में मन मर्जी के कानून चला आम लोगों पर अत्याचार कर रहे थे। अमेरिका ने तालिबान शीर्ष नेतृत्व से बात की और लादेन को अमेरिका के हवाले करने को कहा। तालिबान ने ओसामा बिन लादेन को सौंपने से इनकार कर दिया तो संयुक्त राज्य अमेरिका के नेतृत्व में एक अंतरराष्ट्रीय गठबंधन ने आतंकवादी संगठन अल-कायदा और तालिबान का खात्मा करने के लिए अफगानिस्तान पर आक्रमण कर दिया।

7 अक्टूबर 2001 को अमेरिकी नेतृत्व वाले गठबंधन ने अमेरिकी और ब्रिटिश सेनाओं द्वारा गहन बमबारी अभियान के साथ तालिबान नियंत्रित अफगानिस्तान पर हमले शुरू किए। फ्रांस, जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया और कनाडा सहित अन्य देशों द्वारा सैन्य सहायता प्रदान की गई और बाद में तालिबान विरोधी उत्तरी गठबंधन विद्रोहियों द्वारा भी सेनाएं प्रदान की गई। संघर्ष के चरम पर 130,000 से अधिक नाटो सैनिक जमीन पर थे। गठबंधन फौजों ने अफगानिस्तान में तालिबान के विरोधी नॉर्दन अलायंस जैसे संगठनों के सहयोग से नवंबर 2001 के दूसरे सप्ताह में राजधानी काबुल के साथ कंधार को भी तालिबान से छुड़ा लिया गया और अफगानिस्तान के अधिकांश हिस्से को कब्जे में ले लिया परन्तु इन सब के बावजूद उसका प्राइम टार्गेट लादेन उसके हाथ ना आया। सफलता ना मिलती देख अमेरिका ने 50 लाख डालर का ईनाम लादेन पर घोषित किया, बाद में ईनाम की राशि को बढाकर 2.5 करोड़ डालर कर दिया गया। अमेरिका अपने सहयोगि?यों के साथ 10 साल तक अफगानिस्तान और मध्य एशियाई देशों की खाक छानता रहा परन्तु सफलता नही मिली। एक पुरानी कहावत है बकरे की मां कब तक खैर मनाएगी। आखिर अमेरिका को खबर मिल गई कि लादेन आतंकवादियों के पनाहगाह देश पाकिस्तान में छुपा बैठा है तब एक बार तो अमेरिका भी हैरान रह गया क्यों कि पाकिस्तान तो लादेन को ढूंढने के नाम पर अमेरिका से करोड़ों-अरबों डॉलर और अत्याधुनिक हथियार ले रहा था पर धोखा पाकिस्तान के खून में किस कदर दौड़ता है शायद यह अमेरिका को अंदाजा नही था। अमेरिका ने निश्चय किया कि वो पाकिस्तान को बिना बताए लादेन को पाकिस्तान मे घुसकर मारेगा। पुख्ता जानकारी के आधार पर पाकिस्तान के ऐबटाबाद शहर की जिस इमारत में लादेन अपनी पत्नी और बच्चों के साथ रह रहा था वहां हमला करने के लिए अमेरिका ने 01 मई 2011 की रात और 2 मई 2011 की सुबह ऑपरेशन नेपच्यून स्पीयर लांच किया। ऑपरेशन नेपच्यून स्पीयर में 23 सील कमांडोज, एक दुभाषिया, दो हेलीकॉप्टर और एक लड़ाकू कुत्ता शामिल किए गए। ऑपरेशन 1 मई 2011 को स्थानीय समयानुसार रात 10~30 बजे अफगानिस्तान के जलालाबाद में अमेरिकी सेना के बेस से शुरू हुआ। 90 मिनट में वे ऐबटाबाद में एक कंपाउंड में उतरे। जहां से कमांडो मकान की तीसरी मंजिल पर पहुंचे, जहां लादेन अपनी पत्नी और बेटे के साथ रहता था। लादेन को देखते ही कमांडो ने उसके चेहरे और सिर पर गोली मार दी। इस दौरान उसकी पत्नी और बेटे की भी मौत हो गई। 2 मई 2011 की सुबह 40 मिनट के लंबे ऑपरेशन के बाद ओसामा बिन लादेन को मार गिराया। लादेन को मारने के बाद अमेरिकी सैनिक उसके शव को एक बैग में पैक कर अफगानिस्तान ले गए। बाद में लादेन के शव को उत्तरी अरब सागर में एक ताबूत में रखकर बहा दिया। अमेरिका को डर था कि अगर वह लादेन को दफनाता तो उसके समर्थक उसकी मजार को एक महत्वपूर्ण जगह बना देते। हालांकि, अमेरिका के एक खोजी पत्रकार ने 2015 में दावा किया कि लादेन के शव के कई टुकड़े किए गए थे, जिनमें से कुछ टुकड़ों को हिंदुकुश पर्वत के ऊपर फेंका गया था। इस आपरेशन के बाद पाकिस्तान का असली चेहरा पूरे विश्व के सामने आ गया और इस आपरेशन ने भारत की कही बात की पाकिस्तान आतंकवादियों का मददगार देश है और वो आतंकवादियों को पालता है को पूर्ण रूप से सिद्ध कर दिया।

# दैनिक राशिफल 02/05/2024




1.मेष

राजमान व यश में वृद्धि होगी। किसी प्रभावशाली व्यक्ति से परिचय होगा। सामाजिक कार्य करने की इच्छा रहेगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। काफी समय से लंबित कार्यों में गति आएगी। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। कारोबारी नए अनुबंध हो सकते हैं। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। प्रसन्नता बनी रहेगी।

2.वृष

शत्रु कोई बड़ा नुकसान पहुंचा सकते हैं। वाहन व मशीनरी के कार्यों में सावधानी रखें। पुराना रोग उभर सकता है। किसी व्यक्ति विशेष से कहासुनी हो सकती है। वाणी पर नियंत्रण रखें। समय पर किसी कार्य का भुगतान नहीं कर पाएंगे। व्यापार-व्यवसाय साधारण रहेगा।

3.मिथुन

दुष्टजनों से सावधान रहें। शारीरिक कष्ट से बाधा तथा हानि संभव है। बेचैनी रहेगी। कोर्ट व कचहरी के काम मनोनुकूल रहेंगे। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। नौकरी में मातहतों का साथ रहेगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। अज्ञात भय रहेगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। प्रसन्नता रहेगी।

4.कर्क

शत्रु सक्रिय रहेंगे। सावधानी आवश्यक है। घर-परिवार की चिंता रहेगी। चोट व रोग से बचें। कष्ट संभव है। लेन-देन में जल्दबाजी न करे। भूमि व भवन संबंधी कार्य मनोनुकूल लाभ देंगे। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं। रोजगार में वृद्धि होगी। कारोबार में वृद्धि होगी। यात्रा संभव है।

5.सिंह

विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। शत्रु पस्त होंगे। उनकी एक नहीं चलेगी। किसी मांगलिक-आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। हल्की हंसी-मजाक से बचें। कार्यक्षेत्र में उत्साह व प्रसन्नता बनी रहेगी।

6.कन्या

परिवार के छोटे सदस्यों की अध्ययन तथा स्वास्थ्य संबंधी चिंता रहेगी। विवाद से क्लेश संभव है। दूर से दुःखद समाचार मिल सकता है। पुराना रोग उभर सकता है। भागदौड़ अधिक होगी। लाभ में कमी रहेगी। उत्साह की कमी महसूस करेंगे। व्यापार ठीक चलेगा।

7.तुला

सामाजिक कार्य करने का मन बनेगा। थोड़े प्रयास से ही रुके काम बनेंगे। पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे। धन प्राप्ति सुगम होगी। कारोबार में वृद्धि होगी। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। अधिकारी वर्ग प्रसन्न रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। थकान व कमजोरी रह सकती है।

8.वृश्चिक

सुख के साधनों पर बड़ा खर्च हो सकता है। लेन-देन में सावधानी रखें। अज्ञात भय रहेगा। चिंता तथा तनाव रहेंगे। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। शुभ समाचारों की प्राप्ति से प्रसन्नता रहेगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। कोई बड़ा काम करने की इच्छा प्रबल होगी।

9.धनु

वैवाहिक प्रस्ताव विवाह के उम्मीदवारों का इंतजार कर रहा है। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। अनहोनी की आशंका रह सकती है। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। आय में वृद्धि होगी। प्रसन्नता बनी रहेगी।

10.मकर

राजभय रहेगा। जल्दबाजी व लापरवाही न करें। विवाद को बढ़ावा न दें। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। चिंता तथा तनाव बने रहेंगे। कुसंगति से बचें। हानि होगी। कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें। व्यापार-व्यवसाय की गति धीमी रहेगी।

11.कुंभ

स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। सुख के साधन जुटेंगे। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देंगे। निवेशादि शुभ रहेंगे। उत्साह में वृद्धि होगी।

12.मीन

विवेक से कार्य करें। सुख के साधन जुटेंगे। पूजा-पाठ में मन लगेगा। कोर्ट व कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। आय के नए साधन प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में सहकर्मी विशेषकर महिला वर्ग से लाभ होगा। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। किसी बात का विरोध हो सकता है। कष्ट व भय बने रहेंगे।

आचार्य कौशलेन्द्र पाण्डेय जी के अनुसार

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित
संपादक-राजीव कुमार शुक्ल, मो. 7499472288
स्वतंत्र प्रभात
e-Mail- news@swatantraprabhat.com, RNI No. UPHIN/2019/79073
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

# संक्षिप्त ख़बरें

## लोकसभा चुनाव की तैयारी बैठक जिला निर्वाचन अधिकारी ने की



**गोरखपुर।** आगामी लोकसभा चुनाव संत कबीर नगर लोकसभा के खजनी तहसील अंतर्गत 25 मई को मतदान गोरखपुर सदर लोकसभा व बांसगांव लोकसभा में एक जून को सकुशल मतदान कराने के लिए अधिकारियों के साथ जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश विकास भवन सभागार में अति महत्वपूर्ण बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में प्रमुख रूप से नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल सीडीओ संजय कुमार मीना ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/एसडीएम सदर मृणाली अविनाश जोशी एडीएम वित्त /उप जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत कुमार सिंह एडीएम प्रशासन पुरुषोत्तम दास गुप्ता एडीएम सिटी अंजनी कुमार सिंह मुख्य राजस्व अधिकारी सुशील कुमार गौड़ जिला विकास अधिकारी राजमणि वर्मा सहित समस्त तहसीलों के उप जिला अधिकारी तहसीलदार सहित संबंधित अधिकारी गण मौजूद रहे।

## सेवानिवृत्त सैनिक वीरेंद्र भट्ट का हुआ निधन ,गांव में शोक

**गोलाबाज़ार गोरखपुर।** गोला थाना क्षेत्र के ग्राम कौवाडील निवासी वर्ष1971 में भारत पाकिस्तान युद्ध में दुश्मनों को मुहतोड़ जवाब देने वाले सेवानिवृत्त आर्मी मैन वीरेंद्र भट्ट (72) वर्ष का बुधवार की तड़के सुबह निधन हो गया। वह पिछले कई महीनों से बीमार चल रहे थे। उनका अंतिम संस्कार गोला के बेवरी स्थित मुक्ति धाम पर हुआ। मुखाग्नि उनके बड़े पुत्र नीरज भट्ट ने दिया। स्व वीरेंद्र भट्ट सेवानिवृत्ति के बाद पैतृक गांव में मकान बनाकर रह रहे थे। उनके अंतिम संस्कार में ,ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नागेंद्र नाथ शर्मा, कृष्णकांत शर्मा, विवेक शर्मा,अनिल भट्ट इंद्रमणि भट्ट अंबुज, पंकज, रजत शर्मा आदि मौजूद रहे.

## समूह का कर्ज न चुका पाने पर तीन बच्चे की मां ने किया आत्म हत्या




**गोरखपुर ।** खजनी थाना के चौकी महुआडाबर के ग्राम रामपुर मलौली निवासिनी साजिदा 29 पत्नी सद्दाम ने मंगलवार की रात 11 बजे गैस सिलेंडर पर बीस लीटर की बाल्टी रखकर छत के कुंडी में अपने दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्म हत्या कर लिया मृतिका का पति तीन माह से बंगलौर में है तथा उसके ससुर की मौत हो चुकी है सास आमिना शादी में लकुड़ी गई थी । मृतिका को दो लड़के 6साल तथा 4 साल के है तथा गोंद में एक 8 माह की लड़की है।सास आमिना व मुहल्ले के लोगों ने बताया कि साजिदा पेट्रोल समूह रामपुर मलौली से एक लाख पचपन हजार का समूह लोन लिया था जिसको जमा नहीं कर पाती थी और वसूली करने वाले काफी नाराज़ होते थे साजिदा ने दो बार तीस तीस हजार तथा एक बार पैंतालीस हजार तथा एक बार पचास हजार का समूह लोन लिया था समूह लोन न अदा करने से वह परेशान थी। खजनी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया है।

## दबंगों ने युवती को पीटा घायल, चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**सहजनवां/ गोरखपुर।** हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कटाई टिकर निवासिनी सुन्दरी देवी पुत्री रामलक्षन ने थाना पुलिस को तहरीर देकर गांव के ही चार लोगों के खिलाफ मारपीट कर घायल करने का मुकदमा दर्ज कराया है। थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कटाई टिकर निवासिनी सुन्दरी देवी पुत्री रामलक्षन ने थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 28 अप्रैल को सुबह करीब 8 बजे राघवेन्द्र, धर्मेन्द्र पुत्र शीतल,रजावती पत्नी शीतल, संध्या पत्नी शैलेन्द्र ने पुरानी रंजिश को लेकर भद्दी भद्दी गालियां देते हुए लाठी डंडा से मारपीट कर घायल कर दिए, सूचना पर पहुंची पुलिस ने अस्पताल भिजवाया। इस संबंध में थानाध्यक्ष विशाल कुमार उपाध्याय ने बताया कि सुन्दरी देवी की तहरीर पर राघवेन्द्र , धर्मेन्द्र, रजावती और संध्या के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# खजनी थाना के महुआडॉबर चौकी क्षेत्र ताल नवर में खनन के दौरान देर रात किशोर की सन्दिग्ध हाल में मौत

● मंगवार की देर रात परिजन को मिली सूचना मचा हकम्प, बुधवार को सुबह विरोध में पब्लिक रोड पर बैठी ,

मौके पर भारी फ़ोर्स तैनात हुई बरडाड चौराहे से भीड़ को हटाया,

सीओ सहित एसपी साउथ मौके पर जमे रहे, घण्टो तक माहौल रहा गर्म

परिजन ने लगाया पुलिस पर गम्भीर आरोप ,पुलिस खनन माफियाओं के इसारे पर कर रही कार्य



स्वतंत्र प्रभात

**गोरखपुर** जनपद के खजनी थानां क्षेत्र महुआडॉबर चौकी अंतर्गत ताल नावर मे खनन के दौरान 15 वर्षीय किशोर की सन्दिग्ध हाल मट्टी से दब कर मर जाने का मामला सामने आया है , आरोप है ट्रेक्टर से खनन रात में किया जा रहा था ,रात में खनन कर्ता ने किशोर को कार्य पर ले गया ,जहां देर रात ट्रेक्टर से मौत हो गई । शव को पुलिस आनन फानन में पोस्टमार्टम को भेज दिया ,परिजन लाश देखने गिड़गिड़ाते रहे थे लेकिन उनको नही दिखया गया, ,जिससे आक्रोश फूटा पब्लिक रोड़ पर आ गई ,वही परिजन पुलिस पर गम्भीर आरोप लगाते हुए खनन कर्ताओं का साथ देने बात कर रही है ,फिरहाल मौके पर एसपी साउथ सहित सीओ खजनी मौजूद रहे तब जाकर किसी प्रकार से माहौल शांत हुआ ।

बताते चले खजनी थानां क्षेत्र ताल नवर में खनन के दौरान अखिलेश कुमार मौर्य पुत्र रविन्द्र मौर्य उम्र 15 वर्ष की भट्टी में दबने से मौत हो गई , जिसको लेकर सुबह क्षेत्र में माहौल गर्म हो गया ,पुलिस के ब्यवहार से नाराज परिजन रोड़ पर बिलखते हुए बैठ गए ,मृतक का परिवार खनन माफियाओं से मिल कर कार्य करने का आरोप लगाया है ,शव तक परिजन को नही दिखाया गया। आरोप है देर रात किशोर अखिलेश मौर्य की मौत हुई है ,पंचनामा करने के लिए जब स्थानीय पुलिस पहुंची तो परिजन में हड़कम्प मच गया । फिरहाल बरडॉड् में भारी पुलिस तैनात हो गई ,मौके पर एसीपी साउथ जितेंद्र कुमार सीओ ओंकार दत्त तिवारी थानाध्यक्ष गौरव राय कनौजिया जमे रहे , उग्र जनता को समझ बुझा कर माहौल शांत किया गया ।

### दिव्यांग दाम्पति का इकलौता वारिश है मृतक

दिव्यांग मां बाप का इकलौता वारिश रहा मृतक अखिलेश मौर्य रविन्द्र कुमार मौर्य का इकलौता पुत्र था ,कुछ दिनों पूर्व हैदराबाद से आया था ,माली हालत खराब होने के वजह से किशोरावस्था में कार्य के बोझ तले जिम्मेदारियों ने निगल लिया ,जिसकी खनन के दौरान ट्रैक्टर से दब कर मौत हो गई।

### क्या कहती पुलिस

मीडिया से एसपी साउथ जितेंद्र कुमार ने बताया टैक्टर से दब कर अखिलेश कुमार मौर्य की मौत हुई है ,पुलिस जांच में जुटी हुई है ,दोषी पर कार्यवाही होगी ,फिरहाल परिजन को समझाबुझा कर भेज दिया गया है .

# ईवीएम, वीवीपीएटी मशीनों का प्रथम रैंडमाईजेशन हुआ संपन्न

स्वतंत्र प्रभात



**कुशीनगर।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के प्रयोगार्थ ईवीएम कन्ट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट, वीवी पैट मशीनों के प्रथम रेण्डमाईजेशन का कार्य आज दिनांक 01 मई 2024 को दोपहर12 बजे से जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में तथा जनपद के मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलो के अध्यक्ष, मंत्री, उपाध्यक्ष प्रतिनिधियों की उपस्थिति में एनआईसी विडियो कांफ्रेसिंग रूम में संपन्न हुआ ।

ऑनलाइन ईएमएस 2.0 की मदद से सातो विधानसभा क्षेत्रो यथा पडरौना, रामकोला, फाजिलनगर, तमकुही, हाटा, खड्डा, कसया क्षेत्रो में प्रयोगार्थ ईवीएम/वीवी पैट, मशीनों का प्रथम रेण्डमाईजेशन के उपरान्त आवंटित किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि यह प्रक्रिया पुर्णतः आनलाईन हैं इसमें किसी भी प्रकार के मानवीय हस्तक्षेप नही है। सभी ईवीएम तथा वीवी पैट मशीनों का प्रथम रेण्डमाईजेशन कर विधानसभा वार इसकी सूची सभी एआरओ को उपलब्ध करा दिया गया । इसके आगे भी द्वितीय रेण्डमाईजेशन की प्रक्रिया प्रेक्षक महोदय की उपस्थिति में किया जायेगा, जिसकी अग्रिम सूचना सभी राजनैतिक दलो के प्रतिनिधियो को उपलब्ध करा दी जायेगी।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी वैभव मिश्रा ने सिम्बल लोडिंग यूनिट मशीन एवं उसकी प्रक्रिया से सभी प्रतिनिधियो को अवगत कराया गया। जिला सूचना विज्ञान अधिकारी मनीष कुमार द्वारा ईवीएम मैनेजमेंट सिस्टम ईएमएस 2.0 के बारे में सभी राजनैतिक दलो के प्रतिनिधियो को विस्तार पूर्वक अवगत कराया गया। अन्त में जिला निर्वाचन अधिकारी ने समस्त उपस्थित राजनैतिक दलो के प्रतिनिधियो से कहा कि अगर किसी को कोई समस्या हो तो अवगत कराये। सभी राजनैतिक दलो के प्रतिनिधियो के द्वारा सफलता पूर्वक प्रथम रेण्डमाईजेशन के प्रक्रिया के प्रति संतोष व्यक्त किया गया। ततपश्चात सभी राजनैतिक दलो के उपस्थिति में ईवीएम वेयर हाउस मे रखे ईवीएम तथा वीवी पैट मशीनों का निरीक्षण भी किया गया। इस अवसर पर वैभव मिश्रा उप जिला निर्वाचन अधिकारी, अंकिता जैन ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, रवि प्रताप सिंह नोडल अधिकारी इवीएम, पारितोष मिश्रा एआरओ फाजिलनगर, विकास चन्द्र एआरओ तमकुही, व्यास नारायण उमराव एआरओ पडरौना, मोहम्मद जफर सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी, प्रभाकर सिंह एआरओ हाटा, ऋषभ पुन्डीर, एआरओ खड्डा, जितेन्द्र कुमार सिंह नायब तहसीलदार, विधानसभा क्षेत्र रामकोला यशवंत गौतम सहायक अभियंता ईवीएम सहायक, आलोक मौर्या सहायक ईएमएस सहायक ईएमएस, पवन कुमार दुबे सहायक ईएमएस, दिनेश कुमार सिंह तहसीलदार, मनीश कुमार गुप्ता जिला सूचना विज्ञान अधिकारी,अयोध्या लाल श्रीवास्तव जिला मंत्री मार्क्सवादी कम्यूनिस्ट पार्टी, श्री रमेश जिला प्रतिनिधि बसपा, अवधेश प्रताप सिंह लोकसभा चुनाव संयोजक, दुर्गेश राय जिलाध्यक्ष भाजपा, केशवनाथ उपाध्याय जिला संयोजक भाजपा, शंभू कुमार कश्यप वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष आम आदमी पार्टी, आदित्य तिवारी प्रदेश महासचिव उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी आदि अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहें।

# संभावित बाढ़ से निपटने के लिए तैयारियों को परखा

● मई के अंत तक बचाव के सभी कार्यों को पूरा कराने के निर्देश



स्वतंत्र प्रभात

**गोरखपुर।** जिलाधिकारी कृष्ण करुणेश की अध्यक्षता में संभावित बाढ़ से निपटने के लिए की जाने वाली तैयारियों के दृष्टिगत बाढ़ स्टीयरिंग ग्रुप की बैठक विकास भवन सभागार में हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने राजस्व, पुलिस, जल निगम, कृषि, पूर्ति, विद्युत, सिंचाई, नगर पालिका, पशु चिकित्सा, स्वास्थ्य, विभाग की तैयारियों से संबंधित कार्य योजना की समीक्षा की।

समीक्षा के दौरान डीएम ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को कार्ययोजना के अनुसार समस्त कार्यों को समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। अधिशासी अभियंता बाढ़ खंड को निर्देश दिए कि बचाव के लिए समस्त बाढ़ परियोजनाओं को मई माह के अंत तक पूर्ण करवाया जाए। संबंधित उप जिलाधिकारी मौके पर जाकर कार्यों के प्रगति की समीक्षा करें। इसके अलावा डीएम ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के तहत आने वाली बाढ़ चौकियों पर समस्त व्यवस्थाएं पूर्ण कराने के लिए कहा।

अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देश दिए कि बाढ़ प्रभावित गांवों का निरीक्षण कर ढीले तार व टूटे खंभों को सही करवाएं। इसके साथ ही जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया कि वाहनों के लिए डीजल की व्यवस्था पहले से की जाए। बैठक में प्रमुख रूप से सीडीओ संजय कुमार मीना एडीएम विनीत कुमार सिंह सीएमओ आशुतोष दुबे सहित संबंधित विभागों के संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# सेवानिवृत एसडीएम महात्मा सिंह के विदाई समारोह का हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात



**कुशीनगर।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी उमेश मिश्रा की उपस्थिति में उपजिलाधिकारी महात्मा सिंह का सेवानिवृत होने पर बुधवार को विदाई समारोह आयोजित किया गया।

विदाई समारोह के अन्तर्गत जिलाधिकारी ने उनके अग्रिम भविष्य की ढेर सारी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आपकी कार्यशैली बेहत प्रशसनीय रही हैं। आपने अनुशासन एवं कर्मठता के साथ लगातार काम करते रहा हैं, जो सभी के अनुकरणीय है। आपकी कर्मठता से प्रत्येक अधिकारी कर्मचारी आपको आत्मसात करना चाहिए। राजस्व विभाग से कभी कोई रिटायर नहीं होता हैं। आने वाले अग्रिम भविष्य के ढेरो सारी शुभकामनाएं देते हुए उन्हे स्मृति चिन्ह एवं शाल भेट किया। समस्त उपस्थित अधिकारी व कर्मचारियो द्वारा मार्त्यापण किया गया। सेवानिवृत उप जिलाधिकारी महात्मा सिंह को सम्मानित करते हुए समस्त अधिकारियो ने उनके साथ अपने-अपने किये गये कार्यो एवं अनुभव को साझा गया कहा कि अग्रिम भविष्य में आपका स्वास्थ बेहतर रहे तथा आपका जीवन मंगलमय हो। कहा कि आपकी कार्य शैली बेहद अनुकरनीय हैं। समस्त पटल सहायको ने उनके स्वस्थ व तन्दुरूस्त जीवन की कामना करते हुए जीवन की अगली पारी की शुभकामनाएं भी दी। इस अवसर पर एसडीएम महात्मा सिंह ने कहा कि जनपद में जिलाधिकारी महोदय के कुशल नेतृत्व में काम करने का मौका मिला। कुशीनगर के समस्त अधिकारी कर्मचारी हमेशा मेरे स्मृतियो में जीवन्त रहेगें। आप लोगो के साथ किया गया कार्य अनुभव हमेशा मेरी स्मृति पटल पर रेखांकित रहेगा। कुशीनगर में बहुत कुछ सीखने को मिला अन्त में अभार व्यक्त करते हुए समस्त अधिकारियो एवं कर्मचारियो को अभिवादन सहर्ष स्वीकार किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्र, समस्त उपजिलाधिकारी गण व्यास नारायण उमराव, हीरालाल, आशुतोष, परितोष मिश्रा, ऋषभ पुंडीर, मोहम्मद जफर, विकास चन्द्र, अनिल कुमार यादव, प्रभाकर सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अंकिता जैन, तहसीलदार कसया धर्मवीर सिंह समस्त कलेक्ट्रट पटल सहायक, नाजिर कलेक्ट्रट एवं जनपद स्तरीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहें।

# पेड़ से टकराकर मोटरसाइकिल सवार युवक की मौत, परिजनों ने किया दाह-संस्कार

स्वतंत्र प्रभात




**सहजनवां/गोरखपुर।** हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत अनन्तपुर निवासी प्रदीप कुमार साहनी पुत्र सुग्रीव साहनी उम्र करीब 24 वर्ष मंगलवार की देर रात करीब डेढ़ बजे गोरखपुर से मोटरसाइकिल से घर अनन्तपुर आ रहे थे कि अनन्तपुर स्थित भारत पेट्रोल पंप के पास मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई जिससे घटना स्थल पर ही युवक की मौत हो गई। मोटरसाइकिल के पेड़ से टकराने की आवाज सुनकर बगल के लोग मौके पर पहुंचे और इसकी सूचना स्वजनों को दी गई। पेट्रोल पंप पर स्थित गार्ड ने युवक के दुर्घटना की सूचना हरपुर-बुदहट थाना पुलिस को दी, तत्काल थानाध्यक्ष विशाल कुमार उपाध्याय मय फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंचे, लेकिन स्वजन पुलिस से शव का पोस्टमार्टम नहीं कराने की बात करने लगे। मृतक युवक अविवाहित था।स्वजनों ने शव का दाह-संस्कार आमी नदी तट पर बुधवार को कर दिए।

थानाध्यक्ष विशाल कुमार उपाध्याय ने बताया कि स्वजन शव का पोस्टमार्टम नहीं कराना चाह रहे थे। इसलिए पंचायतनामा भरवा कर शव को स्वजनों को दे दिया गया।

# मजदूरों को पप्पू पांडेय ने किया सम्मानित

स्वतंत्र प्रभात



**कुशीनगर।** पडरौना ब्लॉक के खिरकिया पडरौना जाने वाले रोड पर पूर्वांचल किसान यूनियन के तत्वाधान में विश्व मजदूर दिवस मनाया गया, जिसके मुख्य अतिथि पूर्वांचल किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पप्पू पांडेय रहे। इस अवसर पर पडरौना श्रम के लिए जाने वाले समुदाय के श्रमिको को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया ।

आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पप्पू पांडेय ने कहा कि आज का दिन श्रमिक संगठन के लिए खास है क्योंकि हमारे देश का मजदूर ही असल में अन्नदाता है और देश की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में इनका बहुत बड़ा योगदान रहा है, इसके साथ ही साथ इन्ही मजदूर वर्ग के ऊपर ही हमारे देश के सभी उद्योगपति निर्भर है दूसरी तरफ अन्नदाता किसान की भूमिका में भी अन्न पैदा कर पूरे विश्व को पोषित करने का कार्य करते हैं।

इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुर्वांचल किसान यूनियन के प्रदेश महामंत्री मनोज कुमार गौड़ ने कहा कहा कि मजदूरों की खुशी के लिए जिसके खुशी में आज श्रमिक संगठन द्वारा विश्व मजदूर दिवस मनाया जाता।इस अवसर पर प्रमुख रूप से विक्रम चौधरी, मंगल, नसरुद्दीन, परम, नगीना, शंकर, जवाहर, तूफानी, महेंद्र, आत्मा कुशवाहा, व्यास आदि सैकड़ो मजदूरों को अंग बस देकर सम्मानित किया गया।

# अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर ग्राम प्रधान ने गांव के नाले की खुदाई कर मनाया श्रमिक दिवस

● सभी मेहनती हाथों को सलाम, अभय कुमार ग्राम सचिव



स्वतंत्र प्रभात

**सहजनवां /गोरखपुर।** सहजनवां विकास खंड के ग्राम पंचायत कटसहरा के ग्राम प्रधान गंगा प्रसाद बेल्दार के द्वारा गांव में सरकार की मंशा के अनुरूप तालाब एवं नाले की खुदाई शुरू की गई।अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस का शुभारम्भ किया गया।इस मौके पर ग्राम पंचायत के सचिव अभय एवं ग्राम प्रधान के साथ उन मजदूरों ने नाले की खुदाई का काम शुरू किया, जिनके सरकार द्वारा जॉब कार्ड बने हुए है।

ग्राम प्रधान ने दो दर्जन से अधिक मजदूरों को नाले की सफाई का काम शुरू कर दिया।यहा तक की मजदूरों को एक समान भाव देने के लिए ग्राम प्रधान ने खुद उनके साथ नाले की सफाई के समय नाले की खुदाई की।वहीं मजदूरों ने ग्राम प्रधान के इस कार्य को काफी सराहा।

ग्राम प्रधान गंगा प्रसाद बेल्दार ने कहा हम सब मजदूर ही हैं ।जो सरकार का काम करते हैं।सरकार हमें हमारी मजदूरी के एवज में मजदूरी देती है।जो सीधे मनरेगा के माध्यम से हमारे खाते में आ जाती हैं।जिससे हम अपने परिवार का गुजार - बसर करते हैं।अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा भी देते हैं।इस मौके पर ग्राम प्रधान गंगा प्रसाद बेल्दार, ग्राम सचिव अभय कुमार,रोजगार सेवक इमारान हुसैन सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में मारपीट, मुकदमा दर्ज

स्वतंत्र प्रभात




**महराजगंज।** परसामलिक थाना क्षेत्र के पेड़ारी चौराहे पर मंगलवार की देर शाम पुरानी रंजिश को लेकर ग्राम पंचायत रेहरा टोला बेलभार निवासी दो पक्षों में जमकर मार-पीट हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दो लोगों को गाली-गलौज देते हुए मारने पीटने के आरोप में मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय चालान कर दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत रेहरा टोला बेलभार निवासी विकास यादव किसी काम से पेड़ारी चौराहे पर गया था तब तक उसी गांव निवासी प्रमोद यादव व विनोद यादव पुत्र राजाराम यादव ने पुरानी रंजिश को लेकर गाली-गलौज देते हुए मारने पीटने लगे जिससे विकास यादव गम्भीर रूप से घायल हो गया। मारपीट की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची परसामलिक पुलिस ने विकास यादव के तहरीर पर प्रमोद यादव व विनोद यादव पुत्र राजाराम यादव को मारने पीटने व गाली गलौज देने के आरोप में मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय चालान किया।

उपनिरीक्षक अमित कुमार सिंह ने बताया कि पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में मार-पीट हुआ था। विकास यादव के तहरीर पर दो लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर चालान किया गया है।

# तीन लोगों के विरुद्ध गुंडा एक्ट की कार्यवाही

**महराजगंज।** अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण रखने के लिए परसामलिक पुलिस ने थाना क्षेत्र के तीन लोगों के विरुद्ध गुण्डा एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए अग्रिम विधिक कार्यवाही की है।

जानकारी के मुताबिक परसामलिक पुलिस ने थाना क्षेत्र के राजू चौहान पुत्र पाथर निवासी परसामलिक, रामकेश यादव पुत्र सीताराम, मुखिया पुत्र परमेश्वर निवासी मर्यादपुर पहाड़ी टोला के विरुद्ध थाना स्थानीय पर धारा 3/4 गुंडा अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की है। थानाध्यक्ष प्रिंस कुमार ने बताया कि क्षेत्र के तीन लोगों के विरुद्ध गुंडा अधिनियम की कार्यवाही की गई है।

# दुष्कर्म का आरोपी युवक गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा जेल

**महराजगंज।** परसामलिक थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवक ने पड़ोस की एक नाबालिग किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले गया था। पुलिस ने लड़की के परिजनों के तहरीर पर दुष्कर्म जैसे विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर आरोपी की तलाश में जुटी हुई थी। बुधवार की दोपहर पुलिस ने रेहरा एसएसबी रोड के पास स्थित बघेला नाला पुल से वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जानकारी के मुताबिक परसामलिक थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक पड़ोसी गांव की एक नाबालिग किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले गया था। पुलिस ने आरोपी युवक के विरुद्ध धारा 363,366,376(3)506,3/4 पास्को एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर आरोपी युवक की तलाश में जुटी हुई थी। बुधवार को पुलिस ने एसएसबी रोड बघेला नाला पुल के पास से वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष प्रिंस कुमार ने बताया कि दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# एस्ट्राजेनेका बोली- जिन्हें वैक्सीन से नुकसान हुआ उनसे सहानुभूति है

**● मरीजों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता; कंपनी ने माना था- कोवीशील्ड से हार्ट अटैक का खतरा**

स्वतंत्र प्रभात

कोरोना वैक्सीन से हार्ट अटैक के खतरों के बीच ब्रिटेन की फार्मा कंपनी एस्ट्राजेनेका का बयान सामना आया है। कंपनी ने कहा कि मरीजों की सुरक्षा उनकी प्राथमिकता है। एस्ट्राजेनेका के प्रवक्ता ने कहा, "हमारी संवेदनाएं उन लोगों के साथ है जिन्होंने वैक्सीन की वजह से अपनों को खो दिया या जिन्हें बीमारियों का सामना करना पड़ा।"

कंपनी ने आगे कहा, "हमारी रेगुलेटरी अथॉरिटी के पास दवाइयों और वैक्सीन की सुरक्षा को लेकर स्पष्ट निर्देश मौजूद हैं। हम सभी मानकों का पालन करते हैं।" ऐस्ट्राजेनेका वही कंपनी है जिससे भारत के सीरम इंस्टीट्यूट ने फॉर्मुला लेकर कोवीशील्ड वैक्सीन बनाई थी।

**वैक्सीन लगने के 2-3 महीने में दिखने लगते हैं साइड इफेक्ट्स**

वहीं मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ICMR के पूर्व वैज्ञानिक रमन गंगाखेडकर ने कहा है कि 10 लाख में से सिर्फ 7-8 लोगों को ही कोवीशील्ड की वजह से साइड इफेक्ट या थ्रॉम्बोसिस थ्रॉम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम (TTS) होने का खतरा है।

न्यूज 18 से बातचीत में वैज्ञानिक ने कहा, "वैक्सीन की पहली डोज के बाद साइड इफेक्ट का खतरा ज्यादा होता है। वहीं दूसरी और तीसरी डोज के बाद यह न के बराबर हो जाता है। साथ ही आमतौर पर साइड इफेक्ट वैक्सीन लेने के 2-3 महीने बाद नजर आने लगते हैं।"

**कोवीशील्ड से शरीर में खून के थक्के जमने का खतरा**

दरअसल, ब्रिटिश मीडिया टेलीग्राफ की एक रिपोर्ट में बताया गया था एस्ट्राजेनेका ने यह बात मानी है कि उनकी वैक्सीन झ्झ्स का खतरा होता है। इससे शरीर में खून के थक्के जम जाते हैं और प्लेटलेट काउंट गिर जाती है। इसकी वजह से ब्रेन इंजरी, हार्ट अटैक और स्ट्रोक का खतरा रहता है। हालांकि ऐसा बहुत रेयर (दुर्लभ) मामलों में ही होगा।

रिपोर्ट के मुताबिक, एस्ट्राजेनेका पर आरोप है कि उनकी वैक्सीन से कई लोगों की मौत हो गई। वहीं कई अन्य को गंभीर बीमारियों का सामना करना पड़ा। कंपनी के खिलाफ हाईकोर्ट में 51 केस चल रहे हैं। पीड़ितों ने एस्ट्राजेनेका से करीब 1 हजार करोड़ का हर्जाना मांगा है।

**अप्रैल 2021 में सामने आया था मामला**

दरअसल, अप्रैल 2021 में ब्रिटेन के एक नागरिक जेमी स्कॉट ने यह वैक्सीन लगवाई थी। इसके बाद उनके शरीर में खून के थक्के जम गए थे। इसका सीधा असर उनके दिमाग पर पड़ा था। उनके ब्रेन में इंटर्नल ब्लीडिंग भी हुई थी। इसके बाद स्कॉट ने पिछले साल एस्ट्राजेनेका पर केस कर दिया था।




स्कॉट के वकील ने कोर्ट में दावा किया कि एस्ट्राजेनेका-ऑक्सफोर्ड की वैक्सीन में खामियां हैं और इसके असर को लेकर गलत जानकारी दी गई। ब्रिटेन की कंपनी ने अपनी वैक्सीन का फॉर्मुला भारत के अलावा ऑस्ट्रेलिया के साथ भी शेयर किया था।

**ऑस्ट्रेलिया में बैन, ब्रिटेन में इस्तेमाल नहीं हो रही एस्ट्राजेनेका की वैक्सीन**

खास बात यह है कि एस्ट्राजेनेका की वैक्सीन ऑस्ट्रेलिया में बैन है। वहीं ब्रिटेन भी अब इसका इस्तेमाल नहीं कर रहा है। वहीं क्च्च्ष्ट की एक रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में वैक्सीन लगवाने वाले करीब 80त्न लोगों ने कोवीशील्ड की डोज लगवाई थी।

टेलीग्राफ की रिपोर्ट के मुताबिक, बाजार में आने के कुछ महीनों बाद वैज्ञानिकों ने इस वैक्सीन के खतरे को भांप लिया था। इसके बाद यह सुझाव दिया गया था कि 40 साल से कम उम्र के लोगों को दूसरी किसी वैक्सीन का भी डोज दिया जाए। ऐसा इसलिए क्योंकि एस्ट्राजेनेका की वैक्सीन से होने वाले नुकसान कोरोना के खतरे से ज्यादा थे।

मेडिसिन हेल्थकेयर प्रोडक्ट्स रेगुलेटरी (MHRA) के मुताबिक ब्रिटेन में 81 मामले ऐसे हैं, जिनमें इस बात की आशंका है कि वैक्सीन की वजह से खून के थक्के जमने से लोगों की मौत हो गई। MHRA के मुताबिक, साइड इफेक्ट से जूझने वाले हर 5 में से एक व्यक्ति की मौत हुई है।

फ्रीडम ऑफ इन्फॉर्मेशन के जरिए हासिल किए गए आंकड़ों के मुताबिक ब्रिटेन में फरवरी में 163 लोगों को सरकार ने मुआवजा दिया था। इनमें से 158 ऐसे थे, जिन्होंने एस्ट्राजेनेका की वैक्सीन लगवाई थी।




## संक्षिप्त ख़बरें

### थाना नसीरपुर पुलिस टीम द्वारा गुमशुदा बच्चे को किया गया सकुशल बरामद



**फिरोजाबाद-** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा चलाये जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी सिरसागंज के निर्देशन व प्रभारी निरीक्षक नसीरपुर के कुशल नेतृत्व में दिनांक 01.05.2024 को थाना नसीरपुर पुलिस टीम , मीडिया सेल व सर्विलांस टीम के संयुक्त प्रयास से त्वरित कार्यवाही कहते हुए गुमशुदा कृष्णा पुत्र भानु कुमार निवासी ग्राम नगला गुलाल थाना नगला खंगर जनपद फिरोजाबाद उम्र 8 वर्ष को थाना क्षेत्र से बरामद कर लिया गया है। गुमशुदा कृष्णा आज सुबह अपनी ननिहाल धौरऊ थाना मक्खनपुर फिरोजाबाद से अपनी मम्मी के डाँटने पर वापस अपने गाँव जाते समय रास्ता भटक गया था जिसे सकुशल उसकी माँ रिंकी व उसके दादा सुरेन्द्र के सुपुर्द किया गया। उक्त गुमशुदा से उसके परिजन मिलकर अत्यन्त प्रसन्न हुए व फिरोजाबाद पुलिस टीम के इस सराहनीय कदम की स्थानीय जनता द्वारा भूरि भूरि प्रशंसा की गयी।

### खेत पर जा रहे युवक को अज्ञात वाहन ने रौंदा हादसे में युवक की हुई मौत

एक साल पहले हुई थी शादी, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा



**फिरोजाबाद –** टूण्डला के पास ग्राम गढ़ी निर्भय में घर से खेत पर जाने की कहकर निकले युवक को अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। हादसे में युवक की मौत हो गई। मृतक की एक साल पहले शादी हुई थी। वह खेती और बकरी पालन कर परिवार का भरण पोषण करता था। थाना पचोखरा क्षेत्र के गांव गढ़ी निर्भय निवासी 24 वर्षीय कन्हैया पुत्र राय सिंह खेती करता था। बुधवार को वह घर से खेत पर जाने की कहकर घर से निकला था। तभी गढ़ी उम्मेद के पास बंबा किनारे किसी अज्ञात वाहन ने उसे रौंद दिया। युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। राहगीरों ने घटना की जानकारी परिजनों को दी। मौके पर परिजन और पचोखरा पुलिस पहुंच गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाने के साथ ही टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश शुरू कर दी है। मृतक के तयेरे भाई धर्मेंद्र ने बताया कि वह खेत पर टहलने की जाने की बोलकर आया था। उसके बाद उसकी मौत की खबर मिली। 12 मई को उसकी शादी की पहली सालगिरह पूरी होनी थी। इससे पहले ही उसकी मौत हो गई। थानाध्यक्ष सचिन कुमार ने बताया कि अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

## सिलापथार नगर पालिका के अध्यक्ष और कार्यकारी अधिकारी के संयुक्त पप्रेसवार्ता

**● नगर पालिका द्वारा उठाए गए नए कदमों के बारे में लोगों को किया अवगत।**

स्वतंत्र प्रभात

**असम धेमाजी जिले से खास रिपोर्ट – 1 मई।** सिलापथार नगर पालिका में हालही में परमानंद नाथ नामक एक नए कार्यकारी अधिकारी की नियुक्ति हुवा है। अधिकारी ने लगभग एक महीने पहले अपने कार्यभार संभाले है। आज नगर निगम के कार्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर बताया कि वर्तमान नगर पालिका में स्वच्छ भारत अभियान को प्रमुखता दी है। नगर पालिका द्वारा सरूपाम जंजी गांव को डंपिंग ग्राउंड के काम समाप्त होने की पयार्य पर है। साथ-साथ नगर निकासी परियोजना का काम जोर दिया गया है। दो गाड़ियों से कचड़े संग्रह किया जा रही हैं। नगर पालिका के पूर्व मके चार गाड़ी थी जिसमे दो मरम्मत करने दिया गया है। दो गाड़ी मरम्मत पूरा होने पर मैं नगर पालिका के 12 वार्डों में प्रतिदिन कचड़े लेने भेजा जाएगा।







स्वच्छता के संबंध में जागरूकता पैदा करने के लिए भी कुछ कदम उठाए गए हैं। सुबह शाम माइक से प्रचार किया जा रही हैं। लेकिन इसके बाद भी यदि नगर पालिका के नियमों के विरुद्ध कई कार्य करने की जानकारी हुई तो जुर्माने की व्यवस्था है उसे लागू करने की बात की । दूसरी ओर नगर में कृत्रिम बाढ़ की स्थिति को नियंत्रित करने के लिए क्षेत्र में नले का निष्कासन के अलावा नगर के डोनी पोलो कॉम्प्लेक्स से लेकर ग्रीन लेक होटल तक करोड़ रुपए की लागत से ड्रेन निर्माण का कार्य सुभारम्भ किया गया। और जो भी समस्या है उसे समाधान करने में नगर पालिका के अधीन के लोगों सहयुगीता के लिए मीडिया के जरिए आह्वान किया।

## चोरी की घटना का अनावरण कर 1 अभियुक्त गिरफ्तार किया

**फिरोजाबाद।** थाना उत्तर पुलिस टीम द्वारा चोरी की घटनाओं का सफल अनावरण करते हुए चोरी करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर कब्जे से ज्वैलरी कॉस्मेटिक का सामान तथा 04 इनवर्टर बैट्री बरामद की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में लूट चोरी की घटनाओं के सफल अनावरण हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना उत्तर पुलिस टीम द्वारा चैकिंग संदिग्ध व्यक्ति वाहन के दौरान आनन्द नगर गली नं0-3 से ई-रिक्शा में से 04 बैटरी चोरी कर ले जाने तथा सवितानगर नाले की पटरी पर स्थित कॉस्मेटिक की दुकान का ताला तोड़कर दुकान में रखे आर्टफिशियल ज्वैलरी, कॉस्मेटिक हौजरी का सामान व नगदी इत्यादि चोरी कर ले जाने की घटनाओं का सफल अनावरण करते हुए जाँच के दौरान प्रकाश में आये अभियुक्त अभिषेक पुत्र राजेश बाल्मिकी निवासी मायापुरी थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद को मुखबिर खास की सूचना पर बुधवार को मायापुरी से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 4 इनवर्टर बैट्री आर्टिफिशियल ज्वैलरी एवं कॉस्मेटिक का सामान बरामद हुआ है। थाना पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही कर अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

## सिलापथार में सम्पन्न हुआ सिलापथार बसंत उत्सव 2024। बिहू नृत रंगारंग सांस्कृतिक कारिक्रम का आयोजन



स्वतंत्र प्रभात





**असम धेमाजी – 1 मई।** बृहत्तर सिलापथार युवा समाज और असम राज्य परिवहन निगम के तहत बस मलिक संथा सिलापथार और सिलापथार के निवासियों के सहयोग में 30 अप्रैल 2024 को सिलापथार बसंत उत्सव पालन किया गया। समाज के वरिष्ठजनों एवं माताओं द्वारा मंगलदीप प्रज्जवलित कर कारिक्रम का शुभारंभ किया गया। सिलापथार विज्ञान महाविद्यालय के के प्राचार्य डॉ. रंजीत सैकिया मंच उद्धघाटन कर बिहू के परम्परा के ऊपर भाषण दिया।

रात 9बजे सिलापथार के प्रज्ञा ज्योति संगीत कॉलेज के प्राचार्य बिपिन राजखोवा और कॉलेज के सांस्कृतिक समूह ने असम के प्राचीन सांस्कृतिक लोक कला का कथित एवं संगीत के जरिये मंच पर पेशकश की। 9.30 बजे जचिंगफा बिहू हंचरी दल सुंदर बिहु कृति को दर्शाया। इसके बाद शोणितपुर कुसुम तोला से आमंत्रित सांस्कृतिक समूह ने मंच पर असम के विभिन्न जाती समुदाय के लोकसंगीत लोक कला पदर्शित कर वाद्ययंत्रों से माहौल को रंगारंग कर दिया। इसी मंच पर सिलापथार क्षेत्र कोई प्रमुख हस्तियों को सम्मानित किया गया। मध्य रात तक लोकप्रिय गायक टूटू बरुवा और विजय बढ़गोहाईन के संगीत अनुष्ठान में लोगों मनोरंजन करते हुए दिखाई दी।। बिहू कार्यक्रम के आयोजक डॉ गुंजन गोगोई, उत्पल बरुवा,प्रणव मजूमदार ने मीडिया को दिए जानकारी अनुसार कम समय मे और प्रतियोगिता हीन बिहू जिसमे हर वर्ग के लोगों ने भाग लेने की मौका दिया गया। आनेवाले बर्ष में भी इसी तरह के अनुष्ठान करने की रुचि रखते हैं।

### टूण्डला नगर अध्यक्ष के नेतृत्व में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में मागे बोट

**टूण्डला-** भारतीय जनता पार्टी टूण्डला के नगर अध्यक्ष दिनेश गुप्ता के नेतृत्व में हमारे वार्ड संख्या 9 की गणेश कॉलोनी, गुलाब नगर,नईबस्ती में भाजपा प्रत्याशी विश्वदीप सिंह के लिए वोट मांगे। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष दिनेश गुप्ता ने कहा कि आज जनता अपना मन पूरी तरह से भाजपा को जिताने का बना चुकी है क्योंकि उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कानून का राज स्थापित कर दिया है, प्रदेश के माफिया डॉन या तो प्रदेश से बाहर भाग गए हैं या फिर ऊपर जा रहे हैं,नगर अध्यक्ष के साथ, पूर्व जिला महामंत्री राहुल कुमार सिंह एड, जिला महामंत्री दीपक चौधरी, नगर पालिका अध्यक्ष चौधरी भवर सिंह,नेत्रपाल चक, वरिष्ठ नेता सुधीर कुमार सिंह, लोकेन्द्र सिंह पौनिया, ठा दीपक सिंह उर्फ रेनू,भगवान सिंह चक, डॉ गौतम सिंह नोहवार, नगर उपाध्यक्ष महेश चंदानी आदि अनेक कार्यकर्ता साथ थे।

# दीफू- 'राज्य के अंदर नया राज्य' बनाने की बात सभी दलों के प्रत्याशियों का वादा क्यों है?

**● असम के दीफू को स्वायत्त राज्य बनाने की मांग पिछले 74 सालों से उठ रही है, जो कई मौकों पर हिंसा का रूप भी धारण कर चुका है. यह मांग संविधान के अनुच्छेद 244 (1) की वजह से हो रही है.**

स्वतंत्र प्रभात

11 साल बाद असम के दीफू को स्वायत्त राज्य बनाने की मांग ने फिर से जोर पकड़ लिया है. हालिया लोकसभा के चुनाव में दीफू सीट से लड़ रहे सभी प्रत्याशियों ने इस मांग को खूब हवा दी है. दीफू में इस बार कुल 12 प्रत्याशी मैदान में थे.

प्रत्याशियों ने अपने-अपने वादे में सालों पुराने इस मांग को पूरा करने का वादा किया है. दीफू को स्वायत्त राज्य बनाने की मांग पिछले 74 सालों से उठ रही है, जो कई मौकों पर हिंसा का रूप भी धारण कर चुका है.

दिलचस्प बात है कि दीफू को एक ऐसे राज्य बनाने की मांग हो रही है, जो राज्य के भीतर ही रहकर अपना काम-काज कर संचालित कर सके. यह मांग संविधान के अनुच्छेद 244 (1) की वजह से हो रही है.

इस स्पेशल स्टोरी में दीफू की मांग और अनुच्छेद 244 (1) को विस्तार से समझते हैं...

**पहले पढ़िए दीफू पर राजनीतिक पार्टियों का स्टैंड**

1980 के दशक में कांग्रेस स्वायत्त राज्य की मांग का समर्थन कर रही थी. उस वक्त राजीव गांधी सरकार में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री चिंतामणि पाणिग्रही ने इस मुद्दे को खूब तूल दिया था. पाणिग्रही ने आंदोलनकारियों की पीएम राजीव गांधी से मुलाकात भी कराई थी.

पाणिग्रही का प्रयास राजनीतिक रूप से सफल रहा और इस इलाके में कांग्रेस काफी मजबूत हो गई. 2011 में तरुण गोगोई की सरकार ने इसे पूरा करने का वादा भी किया, लेकिन 2013 में वे मुकर गए.

2013 में इसको लेकर विवाद जब तुल पकड़ा तो पुलिस और आंदोलनकारियों के बीच झड़प हो गई. बीजेपी ने इस मुद्दे को खूब भुनाया. 2014 में स्थानीय संगठन ने बीजेपी का समर्थन कर दिया.

2015 में बीजेपी को इस इलाके में लाभ मिला और पार्टी ने एकतरफा जीत हासिल की. हालांकि, स्वायत्त राज्य की मांग आगे नहीं बढ़ पाया.

**दीफू को स्वायत्त राज्य बनाने की मांग क्या है?**

आजादी के बाद असम से कटकर मेघालय, नगालैंड और मिजोरम अलग राज्य बन चुका है. 1970 के दशक में कर्बी और आसपास के लोगों ने नगालैंड और मेघालय की तर्ज पर ही दीफू राज्य की मांग की. दोनों जिले का कुल क्षेत्रफल औसतन 15,237 वर्ग किमी है. 2011 जनसंख्या के मुताबिक दोनों जिले की आबादी करीब 12 लाख के आसपास है.

लोगों का कहना था कि यहां मूल निवासियों की संख्या ज्यादा है, इसलिए उनके लिए अलग से राज्य बनाया जाए. अलग राज्य की मांग को लेकर यहां एक समिति स्वायत्त राज्य मांग समिति (एएसडीसी) भी बनी थी. यह समिति 1990 के दशक में खूब सक्रिय भी रही.

2013 में जब तेलंगाना को अलग राज्य का दर्जा दिया गया, तब दीफू राज्य की मांग ने काफी जोर पकड़ी थी. उस वक्त दिमा हसाओ और कार्बी इलाके में हिंसक घटनाएं भी हुई थी. अलग राज्य की मांग कर रहे लोगों का कहना था कि सरकार को संसद में संविधान के अनुच्छेद 244 (1) को लागू करने पर विचार करना चाहिए.

स्वायत्त राज्य की मांग ने असम में उग्रवाद को भी बढ़ावा दिया. कार्बी और दिमा हसाओ इससे सबसे ज्यादा प्रभावित रहा.

**दीफू राज्य की अलग मांग क्यों, 4 पॉइंट्स**

1. 1960 में असम सरकार ने असमिया भाषा को राज्य की मुख्य भाषा घोषित कर दिया, जिसके बाद यहां अन्य बोली बोलने वाले लोगों ने विद्रोह कर दिया. नतीजन, बोली के आधार पर नगालैंड, मिजोरम और मेघालय को यहां से अलग किया गया.

2. कार्बी का इलाका मेघालय से लगा हुआ है. मेघालय जब अलग राज्य बना, तो उसने कार्बी को अपने साथ आने का ऑफर किया, लेकिन असम के आश्वासन पर कार्बी राज्य से अलग नहीं हुआ. उस वक्त उसे स्वायत्त राज्य का आश्वासन दिया गया था.

3. कार्बी और दिमा हिसाओ इलाके में आदिवासियों की आबादी सबसे ज्यादा है. ये लोग अपने नियम को सुदृढ़ करने के लिए खुद की सरकार चाहते हैं. स्वायत्त राज्य के जरिए प्रशासन में खुद की भागीदारी बढ़ाना चाहते हैं.

4. कार्बी जनजाति के लोगों का कहना है कि 1990 तक असम के सचिवालय में उनके बिरादरी के एक भी लोग राज्य सचिवालय में नहीं थे, जबकि दीफू इलाके में भी उनके जनजाति के सिर्फ 10 प्रतिशत लोग ही सरकारी नौकरी में हैं. वर्तमान में भी इस स्थिति में ज्यादा बदलाव नहीं हुआ है.

**अब कार्बी जनजाति के बारे में जानिए**

असम सरकार के आधिकारिक वेबसाइट के मुताबिक नस्लीय तौर पर कार्बी जनजाति नमंगोलॉयड समूह से संबंधित हैं. कार्बी लोग तिब्बती-बर्मन भाषा बोलते हैं. कहा जाता है कि सदियों पहले कार्बी जनजाति के लोग पश्चिमी चीन ब्रह्मपुत्र, चिंदविन और इरावदी के रास्ते भारत आए. हालांकि, कार्बी असम में क्यों और कैसे आए, इसको लेकर कोई लिखित दस्तावेज नहीं है.

कार्बी जनजाति के लोग शुरू से ही लोकतांत्रिक माने जाते हैं. इस जनजाति के लोग गांव स्तर पर पहले एमई (ग्राम परिषद) का गठन करते थे. इस परिषद में गांव के सभी बुजुर्ग सदस्य होते थे.




**अनुच्छेद 244 (1) और असम में बवाल की कहानी**

1969 में पहली बार संविधान संशोधन के जरिए अनुच्छेद 244 (1) को आस्तित्व में लाया गया. यह अनुच्छेद संसद को शक्ति देता है कि वो असम के कुछ आदिवासी इलाकों को अलग कर स्वायत्त राज्य का दर्जा दे सकता है.

आम तौर पर भारत में आदिवासियों के लिए जिला और राज्य स्तर पर अलग-अलग स्वायत्त परिषद बनाने की बात संविधान के 5 वीं और 6वीं अनुसूची में कही गई है. इसके तहत राज्यपाल मुख्यमंत्री की सलाह पर आदिवासी इलाकों के लिए अलग से स्वायत्त परिषद बना सकते हैं.

यह परिषद आदिवासियों के विकास से संबंधित कार्यों की रूपरेखा तैयार करता है और उसे योजनाओं से जोड़कर पूर्ण कराता है. हालांकि इस परिषद के पास कानून व्यवस्था का अधिकार नहीं होता है, लेकिन अनुच्छेद 244 (1) में प्रशासनिक अधिकारों का भी जिक्र है.

इसलिए असम के जनजातीय लोग इस अनुच्छेद के जरिए स्वायत्त राज्य बनाने की मांग कर रहे हैं.

संविधान की 5वीं अनुसूची- यह देश के 10 राज्यों में आदिवासी क्षेत्रों के प्रशासन का प्रावधान करती है. ये 10 राज्य हैं- आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, राजस्थान और तेलंगाना.

संविधान की 6वीं अनुसूची- बारदोलई कमेटी की सिफारिश पर इसे संविधान में लाया गया. इसके तहत जनजातीय क्षेत्रों में स्वायत्त जिले बनाने का प्रावधान है. राज?य के भीतर इन जिलों को विधायी, न्यायिक और प्रशासनिक स?वायत?ता मिलती है. यह मेघालय, असम और त्रिपुरा के लिए है.